


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 प्रधानमंत्री मोदी ने पैरालंपिक पदक विजेताओं से की ...

1930 हेल्पलाइन नंबर और 'आई4सी के 12



वर्ष : 12 | अंक : 153 | पटना, शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 91,700 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

चेन्नई। एक दुखद घटना में, तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में विल्लुपुरम-नागापट्टिनम राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिदम्बरम पी. पुतलूर बाहरी रिंग रोड पर गुरुवार सुबह एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई जब उनकी कार एक लॉरी से टकरा गई। मृतकों में दो महिलाएं और एक दो वर्षीय बच्चा भी शामिल है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि ट्रक चिदंबरम से कुड्डालोर जा रहा था और कार में सवार पीड़ित चेन्नई के एक अस्पताल में इलाज करा रहे अपने रिश्तेदार को देखने के बाद मयिलादुथुराई जिले के कुथालम जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। तेज गति के कारण हुए टक्कर का प्रभाव ऐसा था कि कार एक टूटी-फूटी ढेर में तब्दील हो गई। खबरों के अनुसार, कार चालक को नींद आ गई थी, जिससे यह हादसा हुआ।

### कार और ट्रक के बीच टक्कर में चार लोगों की मौत

मुजफ्फरनगर (उप्र)। दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार को एक कार और ट्रक के बीच टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र के पंचेड़ा बाईपास के पास सुबह हुई इस सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपाली राव ने संवाददाताओं को बताया, ह्य सात लोग अपनी कार से अलीगढ़ से औली जा रहे थे, रास्ते में यह कार ट्रक से टकरा गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान रतन 45, भोला 30, जुगल 30 और अतुल 26 के रूप में हुई है। ये सभी अलीगढ़ जिले से थे। अधिकारी ने बताया कि दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

### मूर्ति विसर्जन के दौरान एक ही परिवार के चार लोग डूबे

पाटन। गुजरात के पाटन जिले में भगवान गणेश की मूर्ति विसर्जन करने के दौरान एक महिला, उसके दो किशोर बेटे और भाई नदी में डूब गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पाटन शहर के पास सरस्वती नदी में मूर्ति विसर्जन के दौरान सात लोग बह गए थे। जिलाधिकारी अरविंद विजयन ने बताया कि स्थानीय लोगों ने दो पुरुषों और एक महिला को तुरंत बचा लिया, जबकि एक परिवार के चार सदस्य लापता हो गए। जिला अधिकारियों ने लापता लोगों को ढूंढने के लिए पाटन, मेहसाणा और सिद्धपुर शहर से 15 गोताखोरों को बुलाया।

## सीएम नीतीश ने सारण जिले में कई योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन

# सीएम ने छपरा के मढ़ौरा आईटीआई में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का किया उद्घाटन

## बोलें- आईटीआई संस्थान परिसर व छात्रावास की नियमित साफ-सफाई हो

प्रात: किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को सारण जिले में कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। सीएम ने सबसे पहले सारण जिला के मढ़ौरा प्रखण्ड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मढ़ौरा परिसर में नवनिर्मित 300-300 क्षमता के दो छात्रावासों के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, मढ़ौरा के नवनिर्मित छात्रावासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में छात्रावासों में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां भवन काफी सुंदर ढंग से बन गया है। यह मेंटेन रहे और इसकी साफ-सफाई नियमित रूप से होता रहे, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें ताकि यहां आवासित छात्रों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। मुख्यमंत्री ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मढ़ौरा में सात निश्चय योजना-2 के तहत 306.63 लाख रुपए की लागत से वर्कशॉप एवं टेकलैब के नवनिर्मित भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने वर्कशॉप एवं टेकलैब का मुआयना किया। मुआयना के क्रम में मुख्यमंत्री ने एडिटीव मैन्यूफैक्चरिंग लैब, रोबोटिक्स, एडवांस प्लबिंग, प्रोडक्ट वेरीफिकेशन एण्ड एनालयसिस लैब आदि का अवलोकन कर अधिकारियों से जानकारी ली।

**सीएम ने 22 पुलिस भवनों का किया शिलान्यास :** मुख्यमंत्री ने सारण जिला अंतर्गत 59.93 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होनेवाले 8 मॉडल थाना भवन, यातायात थाना भवन सहित कुल 22 पुलिस भवनों के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। इनमें सारण जिला अंतर्गत यातायात थाना भवन, सहाजितपुर थाना भवन एवं आउट हाउस, दरिहारा भुआल थाना भवन एवं आउट हाउस, अकीलपुर थाना भवन एवं आउट हाउस, मांझी थाना भवन एवं आउट हाउस, मकेर थाना भवन एवं आउट हाउस, पहलेजा थाना भवन एवं आउट हाउस, गौरा थाना भवन एवं आउट हाउस, नगरा थाना भवन एवं आउट हाउस के अतिरिक्त 13 थाना परिसरों में 20-20 महिला सिपाही बैरक का निर्माण कार्य किया जाना है।

**सीएम ने अमृत सरोवर का किया भ्रमण :** मुख्यमंत्री ने मढ़ौरा प्रखंड के ग्राम पंचायत राज अमनौर हरनारायण में जल जीवन हरियाली अभियान के तहत सौंदगीकृत अमृत सरोवर का भ्रमण किया। इस दौरान अमृत सरोवर प्रांगण में मुख्यमंत्री ने पौधारोपण किया एवं अमृत सरोवर के बत्तखों को दाना भी खिलाया। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अमृत सरोवर के चारों तरफ पेवर ब्लॉक लगाएं ताकि लोग आसानी से टहल सकें। इसमें सीढ़ीनुमा घाट का भी निर्माण कराएं जिससे लोग सरोवर में स्नान, पूजा-पाठ वगैरह कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों की मीटिंग कर हमलोगों ने जल-जीवन-हरियाली अभियान शुरू करने का निर्णय लिया था क्योंकि जल और हरियाली रहेगी तभी जीवन सुरक्षित रहेगा। मुख्यमंत्री ने अमनौर प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत राज अपहर में 22.48 करोड़ रुपए की लागत से कुल 20 योजनाओं के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन योजनाओं में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, नवनिर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन, हरिजी अपहर उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज अपहर सारण में विकास मद्द की राशि से निर्मित चहारदीवारी एवं प्रवेश द्वार का उद्घाटन, ग्राम पंचायत अपहर में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना का उद्घाटन, ग्राम अपहर के वार्ड संख्या-8 में मनरेगा अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के चहारदीवारी निर्माण का उद्घाटन सहित अन्य कई विभागों की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत राज अपहर में स्थित तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तालाब के चारों तरफ सघन वृक्षारोपण कराने एवं पेवर ब्लॉक लगाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

**ये रहें मौजूद :** इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह, सांसद राजीव प्रताप रूड़ी, विधायक कृष्ण कुमार मंटू विधान पार्षद सच्चिदानंद राय, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ प्रतिमा एस वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम ने चयनित लाभुकों को प्रमाण पत्र व सांकेतिक चेक सौंपा



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाभी, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साह अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का सांकेतिक चेक, अभियान बसेरा अंतर्गत सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को सरकारी भूमि की बंदोबस्ती का प्रमाण प्रत्र, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना की चाभी, कुशल युवा कार्यक्रम एवं बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से संबंधित स्वीकृति पत्र चयनित लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने सतत जीवीकोपार्जन योजना अंतर्गत 848 लाभार्थियों को 3 करोड़ 29 लाख 41 हजार रुपए का सांकेतिक चेक एवं 18137 स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण से संबंधित 127 करोड़ 75 लाख रुपए का सांकेतिक चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका नाम हमलोगों ने ही दिया है। बाद में केन्द्र ने इस योजना को आजीविका के रूप में अपनाया, इसे भूलियेगा मत। मुख्यमंत्री ने हरिजी अपहर उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में विद्यार्थियों से बातचीत कर जानकारी ली। विद्यालय प्रांगण में स्केटिंग एवं अन्य खेल में भाग ले रहे बच्चों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सारण जिला के अमनौर प्रखंड अंतर्गत रामबल्ली नंदरानी इंटरस्तरीय प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय अपहर, सारण में 8 कमरा एवं चहारदीवारी के निर्माण कार्य से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया।

## विकट हालात में भारत का लक्ष्य एक दूसरे का हाथ पकड़कर साथ चलना : राजनाथ

प्रात : किरण



जोधपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया के मौजूदा विकट हालात में भारत का लक्ष्य एक-दूसरे का हाथ पकड़कर एक साथ चलना है। उन्होंने सहयोगी देशों से अपनी भागीदारी और सहयोग को नई ऊंचाई पर ले जाने का आह्वान किया। रक्षा मंत्री ने यहां वायु सेना के युद्ध अभ्यास तरंग शक्ति के दौरान अपने संबोधन में कहा, आज के समय में जब दुनिया में एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी हुई है। कई स्थानों पर तो अलग-अलग देशों के बीच लगातार युद्ध चल रहे हैं ङ्घइन विकट परिस्थितियों में भारत का लक्ष्य यही है कि हम एक दूसरे का हाथ पकड़कर एक साथ चलें। राजनाथ ने कहा, पूरी दुनिया में जिस तरह से बदलाव हो रहे हैं और जिस तरह से पूरी दुनिया के समक्ष नई-नई चुनौतियां आ रही हैं, उसे देखते हुए हमें अपनी भागीदारी व सहयोग को नई ऊंचाई तक ले जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ भारतीय रक्षा क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है और आज दुनिया भर के श्रेष्ठ और आधुनिक विमानों तथा अगली पीढ़ी के उपकरणों के साथ, भारतीय वायुसेना ने खुद का रूपांतरण किया है। सिंह ने कहा, हमारी वायुसेना, और हमारा रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज हल्के लड़ाकू विमान, सेंसर, राडार और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर जैसी चीजों में हम बहुत हद तक आत्मनिर्भर हो चुके हैं, और इन क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ने के लिए हम प्रयासरत हैं।

## सात निश्चय 1 एवं 2 की प्रगति के आधार पर जिलों की रैंकिंग

पटना। बिहार सरकार ने गुरुवार को सात निश्चय-1 एवं सात निश्चय-2 की महत्वपूर्ण योजनाओं में जिले की उपलब्धि के आधार पर जिलों का समेकित रैंकिंग जारी की है। सीमांचल का छोटा-सा अररिया जिला पहले नंबर पर है। गौरतलब है कि बिहार विकास मिशन द्वारा प्रत्येक महीने सात निश्चय-1 एवं सात निश्चय-2 की महत्वपूर्ण योजनाओं में जिले की उपलब्धि के आधार पर जिलों का समेकित रैंकिंग प्रतिवेदन तैयार किया जाता है। ज्ञातव्य है कि जिलों की रैंकिंग सात निश्चय में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम में उनकी उपलब्धियों के आधार पर की जाती है। सात निश्चय-2 की योजनाओं में हर खेत तक सिंचाई का पानी, हर घर नल का जल का अनुरक्षण, सभी गांवों में स्ट्रीट लाइट योजना, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन आदि की उपलब्धियां के आधार पर मूल्यांकन होते हैं। सात निश्चय की संबंधित योजनाओं में कुल 100 अंकों में जिलों के मूल्यांकन के आधार पर उनकी रैंकिंग की जाती है। सर्वप्रथम उपर्युक्त वर्णित योजनाओं की जिलावार रैंकिंग की जाती है एवं तत्पश्चात योजनाओं की प्राथमिकता के आधार पर उसकी अधिमानता का निर्धारण करते हुए समेकित रैंकिंग प्रतिवेदन प्रत्येक महीने प्रकाशित किया जाता है। बिहार विकास मिशन द्वारा प्रकाशित महीने जुलाई, 2024 के जिलों के समेकित रैंकिंग प्रतिवेदन के अनुसार शीर्ष 10 जिले इस प्रकार हैं। अररिया 76.22, बक्सर 74.90, नालन्दा 74.21, मुजफ्फरपुर 73.41, समस्तीपुर 72.77, कैमूर 72.77, लखीसराय 72.18, रोहतास 71.16, सीवान 70.06 एवं किशनगंज 68.65 विद्यमान रहे हैं।

## भारत तेजी से वैश्विक अनुसंधान महाशक्ति बन रहा है: सूद

प्रात : किरण



नई दिल्ली। भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय सूद ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश तेजी से वैश्विक अनुसंधान महाशक्ति बन रहा है और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक अगुआ बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में देश की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया।\

सूद ने ग्लोबल बायो-इंडिया 2024 शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए तकनीकी उत्कृष्टता, विशेष रूप से जैविक विनिर्माण और जैव ईंधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में भारत के उदय पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत तेजी से वैश्विक अनुसंधान महाशक्ति बन रहा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई सामरिक नीति संस्थान की हाल की एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें भारत को 64 प्रौद्योगिकियों में से 45 में शीर्ष पांच देशों में स्थान दिया गया है। सूद ने कहा कि भारत जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह प्रगति विशेष रूप से जैविक विनिर्माण के क्षेत्र में भी दिखाई दे रही है, जहां भारत अब वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है।

उन्होंने कहा, यह वास्तव में उत्साहपूर्ण और बहुत ही सकारात्मक पहलू है। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय रणनीतिक नीतियों और सुविचारित जोखिमों पर आधारित विकासशील वैज्ञानिक पारिस्थितिकी तंत्र को दिया। सूद ने देश की नई जैव प्रौद्योगिकी नीति, बायो-ई3 के महत्व को आर्थिक विकास, पर्यावरणीय स्थिरता और रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में रेखांकित किया।

## बिहार के नए सूचना आयुक्तों को राज्यपाल ने दिलाई शपथ

प्रात : किरण



पटना। बिहार के नए मुख्य सूचना आयुक्तों को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने राज भवन में शपथ दिला दी। गुरुवार सुबह 11 बजे आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बिहार सरकार के वरीय मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे। राज्यपाल ने सबसे पहले सेवानिवृत आईएएस अधिकारी व पूर्व मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा को सबसे पहले शपथ दिलाई। उसके बाद बिहार के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश कुमार को शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद तीन साल के लिए दोनों बिहार के सूचना आयुक्त बन गए हैं।

सीएम नीतीश कुमार ने लगाई थी मुहर

बता दें कि सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए एक समिति का गठन किया गया था। इस समिति में सीएम नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव शामिल थे। बैठक के बाद पूर्व मुख्य सचिव अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा और वरीष्ठ पत्रकार प्रकाश कुमार की नियुक्ति का फैसला लिया गया।

## उपराष्ट्रपति ने राज्यसभा सचिवालय में इंटर्नशिप कर रहे छात्रों को किया संबोधित

# महत्वपूर्ण पद पर कुछ लोगों को राष्ट्रीय हित का ज्ञान नहीं : धनखड़

प्रात : किरण



नई दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि महत्वपूर्ण पद पर बैठे कुछ लोगों को राष्ट्रीय हित का कोई ज्ञान नहीं है और संवैधानिक पद पर बैठा एक व्यक्ति का देश के दुश्मनों में शामिल होना निंदनीय, घिनौना और असहनीय है। श्री धनखड़ ने गुरूवार को संसद भवन परिसर में राज्यसभा सचिवालय में इंटर्नशिप कर रहे छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के बाहर हर एक भारतीय को राष्ट्र का राजदूत बनना होगा। उन्होंने कहा, यह कितना दुखद है कि संवैधानिक पद पर बैठा एक व्यक्ति ठीक इसका उलटा कर रहा है। इससे अधिक निंदनीय, घिनौना और असहनीय कुछ नहीं हो सकता कि आप देश के शत्रुओं के साथ शामिल हो जाएं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसे व्यक्ति स्वतंत्रता का मूल्य नहीं समझते। वे यह नहीं समझते कि इस देश की सभ्यता 5000 वर्ष पुरानी है। उन्होंने कहा, मुझे दुख और पीड़ा है कि महत्वपूर्ण पद पर बैठे कुछ लोगों को राष्ट्रीय हित का कोई ज्ञान नहीं है। उन्होंने कहा कि एक सच्चा भारतीय कभी भी दुश्मनों का साथ नहीं देगा। उप राष्ट्रपति ने कहा, मैं इस बात से दुखी और परेशान हूं कि महत्वपूर्ण पद पर बैठे कुछ लोगों को भारत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्हें न तो हमारे संविधान का कोई ज्ञान है और न ही उन्हें राष्ट्रीय हित की कोई जानकारी है।

उन्होंने कहा कि आज जो कुछ भी हो रहा है उसे देखकर दिल दहल रहा है। इस आजादी को पाने में, इस आजादी की रक्षा करने में और इस देश की रक्षा करने में सर्वोच्च बलिदान दिया है। इसे हमेशा याद रखा जाना चाहिए। श्री धनखड़ ने कहा,ह्न हमारे भाई-बहन देश की रक्षा में पूरी तरह तत्पर हैं। माताओं ने अपने बेटे खोये हैं, पत्नियों ने अपने पति खोये हैं। हम अपने राष्ट्रवाद का उपहास नहीं उड़ा सकते। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान पवित्र है। इसे संविधान के संस्थापकों, संविधान सभा के सदस्यों द्वारा 18 सत्रों में, बिना किसी व्यवधान, बिना उपद्रव, बिना नारेबाजी और बिना कोई पोस्टर लहराए, तीन साल की कड़ी मेहनत से तैयार किया गया था। यह संवाद, चर्चा, सकारात्मक बहस और विचार-विमर्श के प्रभावी तंत्र से ही संभव हो सका था।उनके समक्ष कई मुद्दे विभाजनकारी थे और सहमति बनाना आसान नहीं था। श्री धनखड़ ने कहा, और अब, कुछ लोग हमारे देश को विभाजित करना चाहते हैं। यह अज्ञानता की चरम सीमा है।


बिहार सरकार

## मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग
(निबंधन)

### नए उपयोगकर्त्ता ID क्रिएशन एवं पंजीकरण




घर बैठे करें आवेदन

- सर्वप्रथम यू0आर0एल0 (enibandhan.bihar.gov.in) पर क्लिक करें।
- नए उपयोगकर्त्ता ID क्रिएशन एवं निबंधन के लिए– "नए उपयोगकर्त्ता" Tab पर क्लिक करें।
- अपना नाम दर्ज करें।
- मोबाईल नंबर दर्ज करें।
- ई–मेल आई0डी0 दर्ज करें।
- उपयोगत्तर्ा नाम (User ID) दर्ज करें।
- ओ0टी0पी0 प्राप्त एवं दर्ज करें।
- सही कैप्चा दर्ज करें।
- "पंजीकृत करें" Register पर क्लिक करें।
- आई0डी0 सफलतापूर्वक बनाई गई और आपका पासवर्ड आपके मोबाईल नंबर पर भेज दिया गया।

ऑनलाइन सेवा पाना हुआ आसान

PR No.-008018 (Registration)D. 2024-25

# हाई रिस्क प्रेगनेंसी में कमी से सुरक्षित मातृत्व की बुनियाद होगी मजबूत

## राज्य में प्रति वर्ष औसतन 50 हजार गर्भवतियां रहतीं हैं उच्च जोखिम के दायरे में

● इसके प्रबंधन में जननी सुरक्षा योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना कारगर

प्रात :किरण संवाददाता



पटनाः बिहार में मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई चुनौतियां हैं, जिनमें से एक प्रमुख चुनौती है हाई रिस्क प्रेगनेंसी (उच्च जोखिम गर्भावस्था)। यह न केवल मां के जीवन के लिए खतरा बनता है, बल्कि नवजात शिशु के स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। मातृ मृत्यु अनुपात और नवजात शिशु मृत्यु दर का एक बड़ा हिस्सा इन हाई रिस्क प्रेगनेंसी के कारण होता है। प्रतिवर्ष औसतन 2.5 लाख महिलाएं करती हैं गर्भधारण जिनमें लगभग 20% महिलाओं पर हाई रिस्क प्रेगनेंसी का खतरा राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार, बिहार में 15-49 आयु वर्ग की गर्भवती महिलाओं में से लगभग 17% महिलाएं हाई रिस्क प्रेगनेंसी का सामना करती हैं। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, बिहार में हर साल लगभग 2.5 लाख महिलाएं गर्भधारण करती हैं, जिनमें से लगभग 20% महिलाएं हाई रिस्क प्रेगनेंसी का सामना करती हैं। यह आंकड़ा बताता है कि राज्य में लगभग 50,000 महिलाएं हर साल गर्भावस्था के दौरान उच्च जोखिम में रहती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच में सुधार से हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों में कमी लाई जा सकती है। नियमित जांच व देखभाल जरूरीः पटना एम्स में एडिशनल प्रोफेसर व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ इंदिरा प्रसाद कहती हैं, हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों में नियमित जांच और देखभाल अत्यंत आवश्यक है। यह गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं को समय रहते पहचानने और उनका समाधान करने में मदद करती है। विशेषकर, ग्रामीण क्षेत्रों में यह जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है कि महिलाओं को गर्भावस्था के शुरूआती चरणों में ही पंजीकरण कराना चाहिए और नियमित जांच करवानी चाहिए। जहानाबाद जिले की रहने वाली शिप्रा जिन्होंने हाल ही में एक हाई रिस्क प्रेगनेंसी के बाद स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है, बताती हैं, ह्लमेरी गर्भावस्था के दौरान कई जटिलताएँ आईं, लेकिन डॉक्टरों और आशा कार्यकर्ता की मदद से मुझे सही समय पर इलाज मिला। नियमित जांच और सही समय पर दी गई सलाह ने मेरे और मेरे बच्चे के जीवन को सुरक्षित रखा। मैं सभी गर्भवती महिलाओं से आग्रह करती हूँ कि वे अपने गर्भ की नियमित जांच कराएं। सरकार की पहल सरकार ने हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों को कम करने के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया है, जिनमें जननी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना प्रमुख हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत, गर्भवती महिलाओं को वित्तीय सहायता और नियमित स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की जाती है। हाई रिस्क प्रेगनेंसी को कम करने के लिए सभी स्तरों पर गम्भीर प्रयास की आवश्यकता है, जिसमें सरकार, स्वास्थ्य कर्मी, और समुदाय का सहयोग अहम है। गर्भवती महिलाओं को समय पर और उचित चिकित्सा सहायता मिल सके, इसके लिए जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की जरूरत है।

## संकट के दिनों में परिवार व समाज के ढाल बने कैप्टन कामेश्वर पासवान

प्रात :किरण संवाददाता



बिक्रम । कैप्टन कामेश्वर पासवान एक सफल सैनिक थे। केंद्र सरकार में अपनी निष्ठा से देश सेवा के लिए राष्ट्रपती से पुरस्कृत होकर अवकाश लेने के पश्चात उन्होंने अपना शेष जीवन परिवार, समाज के उत्थान एवं लोक-कल्याणकारी कार्यों में लगाया। अध्यात्म, संगीत और साहित्य समेत सभी सारस्वत विधाओं में उनकी गहरी अभिरुचि थी। वे समाजसेवियों व युवाओं के अत्यंत मूल्यवान पोषक थे। उन्होंने अपनी संपदा का पूरी निष्ठा से सारस्वत सेवाओं के लिए उपयोग किया। वे अपनी उदारता और सारस्वत सेवाओं के लिए सदैव स्मरण किए जाते रहेंगे। परिवार व समाज के संकट के दिनों में वे ढाल बन कर खड़े हुए। उक्त बातें बुधवार की संध्या, पासवान विकास मंच के कार्यालय परिसर में कैप्टन कामेश्वर पासवान की पुण्य तिथि पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए मंच की अध्यक्षा अधिवक्ता मीरा रानी ने कही। अधिवक्ता मीरा ने कहा कि वे हमारे परिवार व समाज के कठिन-काल थे, जिससे उबारने के लिए, किसी कामेश्वर पासवान जैसे उदार और समर्थ व्यक्ति की आवश्यकता थी। हमारे परिवार व समाज को पटरी पर लाने के लिए उन्हें अनेक प्रकार के व्यय-भार वहन करने पड़े थे। कैप्टन पासवान ने ने भले ही सामाजिक की दृष्टि से कोई बड़ी सेवा नहीं की, किंतु हमारे परिवार व समाज को बचाकर उन्हें पोषण देकर बड़ा उपकार किया। वहीं ई अमरेंद्र कुमार ने कहा कि हमारे परिवार व समाज के लिए किए गए कार्यों के लिए वे सदैव स्मरण किए जाते रहेंगे। मौके पर अधिशासी अभियंता जितेन्द्र पासवान, ई रोहित, उतम, रितेश आदि समेत कई अन्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए वक्ताओं ने कैप्टन पासवान के बताए रास्ते पर चलने एवं उनके अधूरे सपने को पूरा करने का संकल्प लिए समारोह के आरम्भ में मंच के अधिकारियों व सदस्यों के अलावे कई समाजसेवी नेताओं ने बिक्रम के पैनापुर निवासी कैप्टन कामेश्वर पासवान के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी मौके पर अधिवक्ता मीरा रानी, ई अमरेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता जितेन्द्र पासवान, रितेश, ई रोहित व उतम समेत कई अन्य मौजूद रहे।

## भूमि सर्वेक्षण में झोल, खाता चढ़ा तो खेसरा गायब, किसानों परेशान : ई राघवेंद्र

प्रात :किरण संवाददाता



बिक्रम । गोपाल विद्यार्थी बिहार में भूमि सर्वेक्षण को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम जारी है। इसी बीच प्रखंड क्षेत्र के सेलगढ़ निवासी राजद नेता सह समाजसेवी ई राघवेंद्र कुमार भूमि सर्वेक्षण में हो रही गड़बड़ी और कर्मचारियों की मनमानी के खिलाफ आवाज बुलंद की है। समाजसेवी ई राघवेंद्र का आरोप है कि कर्मचारी कार्यालय आने के बजाय बिचौलियों के माध्यम से रिश्वत ले रहे हैं और गलत सर्वे की वजह से किसान परेशान हैं। उन्होंने विभाग व अधिकारियों को चेतावनी दी है कि अगर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भूमि सर्वेक्षण के आदेश के बाद से ही प्रदेश में किसानों में हड़कंप मचा हुआ है। किसानों की शिकायत है कि भूमि सर्वेक्षण में भारी गड़बड़ी हो रही है और सही ढंग से सर्वे नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि कई किसानों की जमीन गलत तरीके से दूसरे के नाम दर्ज हो गई है। किसान सालों से अपनी जमीन के कागजात सही करवाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं,

लेकिन कर्मचारी रिश्वत मांगते हैं और बिना रिश्वत दिए काम नहीं होता। किसानों का आरोप है कि कर्मचारी दफ्तर में नहीं मिलते और बिचौलिए बिना रिश्वत लिए बात तक नहीं करते। समाजसेवी ई राघवेंद्र का कहना है कि जब तक पुराने गलत सर्वे को ठीक नहीं किया जाएगा, तब तक नया सर्वे करने का कोई मतलब नहीं है। ऐसा करने से विवाद और बढ़ेगा।सरकार पर भड़के राजद नेता ई राघवेंद्र ने कहा कि जब तक गलत तरीके से सर्वे जमीन के कागजात को सही नहीं किया जाएगा, तब तक नए ढंग से सर्वे करने का कोई बात ही नहीं बनती। क्योंकि ऐसी स्थिति में विवादित सर्वे और बड़े विवाद का कारण बन सकता है।

उन्होंने आगे कहा कि कर्मचारी दफ्तर में बैठते नहीं है। निजी स्तर पर कार्यालय बनाकर बिचौलियों को नजराना वसूलने के लिए खुली छूट दे रखी है। ऐसे में गलत तरीके से सर्वे के शिकार किसान कर्मचारी के कार्यालय दौड़ते-दौड़ते अपनी चप्पल घिस चुके हैं। लेकिन उनका कार्य आज भी अधूरा पड़ा है। बिहार सरकार को चेतावनी देते हुए राजद नेता ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करें अन्यथा किसान एक बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। भूमि सर्वे के नाम पर जिला प्रशासन बहकाने का काम न करें। अंचलाधिकारी, राजस्व कर्मी , आरटीपीएस और अमीन अंचल कार्यालय में बैठने के बजाए निजी कार्यालय में अटॉर्नी और निजी कर्मियों के द्वारा पहले राजस्व अभिलेख में गड़बड़ी करते हैं और फिर सुधार के नाम पर पैसे की मांग करते हैं जो बंद होनी चाहिए साथ ही साथ वर्षों से कार्यालयों में पड़ी लंबी आवेदन पर जल्द से जल्द कार्रवाई हो तभी भूमि सर्वेक्षण सफल हो पाएगी।

## तत्कालीन जत्थेदार ने डीजीपी से मिल न्याय दिलाते सेवा बहाली को सौंपा पत्र

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



तख्तश्री हरमंदिर जी पटना साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन अपने साथ हुई नाइंसाफी और न्याय पाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने बिहार विधानसभा के अध्यक्ष, बिहार सरकार के विभिन्न मंत्रियों से लेकर बिहार के डीजीपी आलोक राज से भी मिले और अपनी स्थिति स्पष्ट करते न ।राय दिलाने की मांग की। डीजीपी को सौंप गए पत्र में उन्होंने कहा कि 9 सितंबर 19 को तख्त श्री कमेटी के पत्रांक टीपीएस 3310/19 के द्वारा उन्हें सवार्नुमति से जत्थेदार के पद पर नियुक्त किया गया कमेटी ने उनके सिवा और समर्पण को देखते हुए 3 सितंबर 21 को पत्रांक टीपीएस/ई/4040/21 जारी कर जत्थेदार पद के साथ ही मुख्य ग्रंथि का पद भी दिया गया। उनके सेवा और समर्पण खुश होकर खालसा पंथ से जुड़े लोगों सनातनियों एवं अन्य दशमेश पिता के प्रति लगाव और समर्पण रखने वालों के साथ ही प्रधानमंत्री, गृह व अनेक प्रदेशों के मुख्यमंत्री आदि गण्यमान्य व्यक्तियों द्वारा भी प्रार्थी का सम्मान होने लगा, जो लोगों को चूभने लगा। ऐसे लोग प्रार्थी पर बिना आधार के दोषारोपण सोशल मीडिया द्वारा करने लगे। इसी दौरान एक व्यक्ति द्वारा कुछ सामान, स्वर्ण जड़ित वस्तुएं कह कर तख्त साहिब में दान स्वरूप दिया। हालांकि उक्त सामान प्रार्थी को कभी नहीं दिया गया, जिसे स्वर्ण निर्मित/जड़ित कृपाण व अन्य सामान को सोने कह कर दान किया था, के लिए तत्कालीन अध्यक्ष अवतार सिंह हित द्वारा प्रार्थी को एक जनवरी, 22 को पत्र जारी कर कहा गया कि डॉ (तथाकथित) गुरविंदर सिंह सामरा, जो पंजाब के करतार का रहने वाला है, द्वारा स्वर्ण जड़ित निर्मित सामान तख्त साहिब में दान दिया है। इसके लिए आप उक्त संगत को ह्लअनन्य सेवकह्व का सम्मान पत्र प्रदान करें, ताकि और लोगों को भी दान करने की प्रेरणा मिले। तब प्रार्थी द्वारा उक्त सम्मान पत्र निर्गत किया गया। तदुपरांत कमेटी द्वारा भेंट स्वरूप दिए सामान की जांच कराई गई, जिसमें स्वर्ण नकली पाया गया।प्रार्थी द्वारा दिए गए सम्मान पत्र (रसीद नहीं) का बहाना बना कर अध्यक्ष द्वारा पत्र 28 अगस्त, 22 को पत्र टीपीएस/36/ई/22 प्रार्थी को अपना पक्ष रखने का कोई मौका नहीं दे, यह कहते हुए कि आप पर लगे आरोपों के मद्देनजर आज से दोषमुक्त होने तक प्रार्थी की सेवा पर रोक लगाई गई है। फिर दिल्ली हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस आरएस सोढी के नेतृत्व में पांच सदस्यों की जांच समिति, जिनमें दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन अजित पाल सिंह बिंद्रा, तख्त पटना साहिब के पूर्व महासचिव चरणजीत सिंह, जत्थेदार केशगढ रघुबीर सिंह, आनंदपुर (पंजाब) के मुख्य ग्रंथी हरदीप सिंह थे। इसी बीच पंज प्यारों द्वारा नियम व मयार्दा को ताक पर रखते हुए प्रार्थी का पक्ष सुने बगैर बिना किसी पूर्व सूचना प्रार्थी को तनखैया (समाज से बहिष्कृत) घोषित कर दिया। प्रार्थी ने खुद को निर्दोष साबित करने का एक मौका देने व पक्ष सुनने की बात कही, मगर ऐसा नहीं किया गया। इसी बीच महासचिव इंद्रजीत सिंह ने पंज प्यारों से 11 नवंबर, 22को पत्र/36/ई/4623 लिख कर मांगा कि ऐसा कौन सा सबूत प्रार्थी के खिलाफ आपको मिला है, जिसके कारण आपने प्रार्थी को तनखैया घोषित किया है? इसके जवाब में पंज प्यारों ने 13 नवंबर, 22 को लिखित में दिया कि सिंह साहिब ज्ञानी रणजीत सिंह जी (प्रार्थी) का कोई भी दोष साबित नहीं हुआ, बल्कि हमारे द्वारा प्रार्थी के खिलाफ हस्ताक्षर करने से मना करने पर हमें धमकियां देकर हमसे तनखैया पत्र पर हस्ताक्षर कराया गया है। प्रार्थी निर्दोष है। तदुपरांत महासचिव इंद्रजीत सिंह ने 18 नवंबर, 22 को पत्रांक-विशेष के जरिए प्रार्थी की सेवा को बहाल कर दिया। पत्र पाकर प्रार्थी द्वारा सेवा आरंभ कर दी गई, किन्तु साजिशकर्ताओं ने हल्ला कर सेवा करने नहीं दिया। 19 अप्रैल, 23 को हाई पवर जांच कमेटी की आ गई और उसमें भी उन्हें निर्दोष बताया गया। 26 अप्रैल, 23 को प्रार्थी ने कमेटी को रिपोर्ट सहित सहभागिता दिया कि प्रार्थी पूर्णता निर्दोष साबित हुआ है, इसलिए उनकी सेवा बहाल कर दी जाए। कमेटी के सचिव हरबंश सिंह ने सात मई, 23 उनकी सेवा बहाल कर दी। मगर सेवा बहाली नहीं की गई।

## रामपुर संप हाउस बोरिंग की स्थिति जर्जर, नया बोरिंग की मांग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पाटलिपुत्रा नगर विकास समिति के तत्वावधान में श्री जंगली मेहता की अध्यक्षता में रामपुर पंचित सभागार में रामपुर संप हाउस बोरिंग की जर्जर स्थिति को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कर रहे जंगली मेहता ने रामपुर संप हाउस बोरिंग की जर्जर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि यह स्थिति वर्षों से बनी हुईं है, जबकि इस बोरिंग से वार्ड 47 के पूरे रामपुर से लेकर न्यू अजीमाबाद तक तथा वार्ड 50 के शाहगंज प्रोफेसर कॉलोनी, कासिम कॉलोनी तक पानी का सप्लाई होता रहा है। इस क्षेत्र में पीने के पानी का स्रोत यही एक बोरिंग है। पिछले महीने ही यह बोरिंग बैठ चुका था। इस कारण से महीनों पानी का संकट लोगों को झेलना पड़ा था। अब फिर धूल और मिट्टी युक्त पानी अनेक दिनों से लोगों के घरों मे पहुंच रहा है। इसके कारण जो लोग इस पानी पर आश्रित हैं, उन्हें दूसरे घरों से पानी लाकर काम चलाना पड़ रहा है। स्थानीय नवीन कुमार का कहना है कि कीचड़युक्त पानी के कारण हमारे बच्चे लोग स्कूल नहीं जाना चाह रहे हैं। न्यू अजीमाबाद के मो कुमुरुद्दीन का कहना है कि विभागीय अभियंता को अनेक बार आवेदन दिया गया है। सिर्फ मरम्मत कर छोड़ दिया जाता है। पूरा पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त है। हमेशा कहीं न कहीं से पाइप लिकेज रहता है, जिसके कारण नाला का गंदा पानी पाइप में जाकर पानी दूषित कर रहा है। इससे क्षेत्र में जॉन्डिस, टायफाइड तथा पानीजनित विभिन्न रोग फैल चुका है। इसकी जवाबदेही कौन लेगा। सर्वसम्मति से लोगों ने फैसला लिया कि इस जर्जर बोरिंग को समय रहते बदला नहीं गया, तो आने वाले समय में इस क्षेत्र में पानी की विकराल समस्या हो सकती है। चूंकि जल, जीवन व हरियाली सरकार की प्राथमिकता है। इससे हम सब पूरी तरह वंचित होते जा रहे हैं। इस संबंध मे बिना समय बर्बाद किए जल पर्षद के कार्यपालक अभियंता से मिल नया बोरिंग कराने की मांग करेंगे। बैठक में जंगली मेहता, अशोक मेहता, डोमन मेहता, कृष्णा महतो, सतीश कुमार, गनौरी महतो, पिंटू कुमार, दशरथ महतो, सुरेश मेहता, मो कुमुरुद्दीन, उमेश मेहता, विनय कुमार, सच्चिदानंद मेहता, महेश मेहता, नवीन कुमार, संदीप कुमार, ज्योति कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्वच्छ स्कूल एवं मार्केट को कचरे के सेग्रिगेशन के लिए किया जाएगा पुरस्कृत

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन की अध्यक्षता में पटना के आवास बोर्ड में मिशन टोटल सेग्रीगेशन को लेकर बैंकर्स, स्ट्रीट वेंडर्स, स्टैक होल्डर, स्कूल और कोचिंग संस्थानों के साथ बैठक की गई। जहां मंत्री द्वारा पटना को स्वच्छ बनाने के लिए मेरा शहर-मेरी जवाबदेही अभियान को रामबाण बताया। उन्होंने बताया कि शहर को डेंगू के प्रकोप से बचाने के लिए भी ये अभियान बेहद जरूरी है। रस दौरान बैठक में पटना की मेयर, डिप्टी मेयर, नगर आयुक्त समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पटना को टॉप 10 स्वच्छ शहर में शामिल करना हुआ लक्ष्य : मंत्री ने इस दौरान कहा कि डोर टू डोर कचरा उठाव से 70 प्रतिशत लोग स्वच्छता अभियान से जुड़ गए है। शहर वासियों के संस्कार में तो स्वच्छता है, बस उन्हें अपने विचार और कार्य में लाना है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनता की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य छठ महापर्व तक पटना को टॉप 10 स्वच्छ शहर में शामिल करना है। इसके लिए सभी बैंकर्स और स्ट्रीट वेंडर्स एवं बैंक अपने-अपने दुकान और स्कूल अपने क्लास के बाहर बैनर लगाकर जागरूक करें। शहर को साफ रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है, इसलिए सभी को खुद भी जिम्मेदारी लेनी होगी। वहीं, माननीय मंत्री जी ने सभी से अपने घर, इलाके और वार्ड में सफाई अभियान चलाकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की अपील की। साथ ही कहा कि इस अभियान में बच्चों को जोड़ना बेहद आवश्यक है, क्योंकि बच्चों की भागीदारी से जब घर स्वच्छ बन सकता है तो शहर भी बनेगा। हर घर के बच्चे अगर इस अभियान से जागरूक बन गए तो हमारा समाज जरूर जागरूक हो जाएगा। वहीं, बैठक के दौरान माननीय मंत्री जी ने सभी को 19 सितंबर को पटना के बापू सभागार में होने वाले कार्यक्रम को लेकर भी अमंत्रित किया। राज्यपाल द्वारा 19 से होगा मिशन टोटल सेग्रिगेशन पटना नगर निगम द्वारा मेरा शहर मेरी जवाबदेही के तहत शहर के नागरिकों को स्वच्छता की मुहिम से जोड़ा जा रहा है। यह ड्राइव महामहिम राज्यपाल की मौजूदगी में 19 सितंबर ज्ञान भवन से शुरू होगी। इस के अंतर्गत विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान एवं समाजिक संस्थानों, होटल, हॉस्पिटल, बिजनेस एसोसिएट एवं स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राओं को भी मिशन टोटल सेग्रीगेशन में शामिल किया जा रहा है।

## स्व इंदर सिंह की आत्मा की शांति को विशेष दीवान आज



पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री पटना साहिब के पुराने सेवादार भाई इंदर सिंह के निधन के बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए परिवार की ओर से तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में बुधवार को श्री अखंड पाठ रखा गया। पाठ प्रारंभ करने की अरदास पटना साहिब के एडिशनल हेड ग्रंथी भाई दिलीप सिंह ने की। मौके पर बिहार सिख फेडरेशन के संस्थापक त्रिलोक सिंह निषाद, योगेश्वर सिंह, ग्रंथी अजय सिंह, करतार सिंह, मिथिलेश सिंह, अवधेश सिंह पार्टी, धर्मजीत सिंह पार्टी, सोनू सिंह, विनोद सिंह, इनके पुत्र कन्हैया सिंह, बलराम सिंह, सुपुत्री प्रेम सुंदर, रजनी कौर, लक्ष्मी कुमारी, मनजीत सिंह के अलावा अन्य ग्रंथी, सेवादार, पाठी, सिंह शामिल हुए। पाठ दूसरे दिन भी जारी रहा। इसकी समाप्ति शुक्रवार को होगा और उस दिन तख्तश्री पटना साहिब में विशेष दीवान सजेगा, जिसमें कथा व कीर्तन और अरदास होगा।

## सीताराम शक्ति केंद्र पर भाजपा की सदस्यता दिलाई गई

पटना सिटी, भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान 2024 के तहत पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के चित्रगुप्त मंडल में श्री सीताराम शक्ति केंद्र पर बूथ संख्या 127 में शिशु रोग विशेषज्ञ पूर्व विभागाध्यक्ष एनएमसीएच डॉ एस कृष्णा, डॉ एसके पंसारी, समाजसेवी देवकिशन राठी सहित सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। इस अभियान में पटना महानगर के प्रभारी प्रेम रंजन चतुर्वेदी, पटना महानगर के उपाध्यक्ष सह जिला सदस्यता सह प्रभारी संजय सिंह, विनय केसरी, मीडिया प्रभारी प्रदीप काश, चित्रगुप्त मंडल के सदस्यता प्रभारी वीरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक भारती, वरिष्ठ कार्यकर्ता अजय आजाद, श्री पप्पू, मदन पांडेय, संदीप राय, गोपाल चंद्रवंशी, सोनू साहू, नागेंद्र गुप्ता, पवन सिंह आदि शामिल हुए।

## सत्येंद्र नारायण सिंह को मिला सहकारिता शिरोमणी सम्मान










प्रात :किरण संवाददाता

पटना। नई दिल्ली के नेशनल कोऑपरेटिव यूनियन ऑफ इंडिया के ऑडिटोरियम में कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड की 44 वीं वार्षिक आमसभा में बिहार कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष वर्तमान में सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक भोजपुर बक्सर के अध्यक्ष श्री सत्येंद्र नारायण सिंह को राष्ट्रीय सहकारिता शिरोमणि सम्मान दिया गया। श्री सिंह अभी वर्तमान में बिहार के सबसे वरिष्ठतम सहकारिता नेता है । उनकी सहकारिता आंदोलन की शुरूआत बिस्कोमान के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय तपेश्वर सिंह के सानिध्य में वर्ष 1980 से हुई । आज दिल्ली में सहकारिता शिरोमणि सम्मान कृभको के अध्यक्ष डॉ चंद्रपाल सिंह यादव के हाथों दिया गया। सम्मान स्वरूप अंग वस्त्र , रजत प्रतीक चिन्ह , प्रशस्ति पत्र और एक लाख एक हजार रु का चेक सौंपा गया ।सम्मान प्राप्त होने पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि यह सम्मान मातृभूमि बिहार के सहकारी बंधु और कृषकों को समर्पित है। हमारी सहकारिता का उद्देश्य सभी सहकारी भाइयों एवं कृषकों के समृद्धि का निर्माण करना है।सहकारिता शिरोमणि सम्मान सहकारिता आंदोलन में सक्रिय भूमिका एवम सहकारिता के विकास में अहम योगदान के लिए दिया जाता है। सम्मानित होने पर बिहार स्टेट कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे, बिस्कोमान के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह, विधान पार्षद महेश्वर सिंह , शंकर शरण सिंह, विधायक विनय कुमार, शैलेंद्र कुमार , सुधीर कुंवर , जितेंद्र कुमार , राम विशुन यादव ,अमरनाथ पांडे , रामकलेवर सिंह, अभिजीत कुमार , भोजपुर बक्सर जिला के सभी पैक्स अध्यक्ष समेत बिहार ग्रेप्लिंग संघ के हरि ओम उत्तम समेत सभी सदस्यों ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

## फेसबुक लाइव कर गंगा नदी में छलांग लगाया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

एक युवक के द्वारा फेसबुक पर लाइव कर गंगा में कूद खुदकुशी किए जाने का वायरल वीडियो सामने आया है। इसके बाद मालसलामी थाना की पुलिस गंगा नदी में छलांग लगाने वाले युवक की तलाश में एसडीआरएफ की टीम के साथ शव की तलाश में लगी है। खुदकुशी का कारण युवक का प्यार में धोखा और परिवार से प्रताड़ना बताया जा रहा है। इधर मालसलामी थाना की पुलिस का कहना है कि गंगा किनारे पानी के बीच पेड़ पर चढ़ कर रील बनाने के दौरान युवक का पैर फिसल गया, जिससे वह गंगा में गिरा है। घटना मालसलामी थाना क्षेत्र के पीरदमड़िया घाट की है। युवक का नाम अमित कुमार उर्फ हटेला बताया जाता है। वीडियो में वह बोल रहा है कि एक लड़की और परिवार वालों की वजह से वह बर्बाद हो चुका है। गाइज, मुझे गंगा मईया बुला रही है। यह दुनिया ठीक नहीं है। उसके हाथ में सिगरेट भी है। वह बोलता है कि परिवार वालों को केवल पैसा चाहिए। चेहरे पर मारपीट का जख्म दिखाते हुए युवक बोल रहा है कि परिवार वालों ने उसके साथ मारपीट की है। उसके पिता बैजनाथ यादव और छोटा भाई इशु संपत्ति के लिए मारपीट करता है। हम दुनिया में सिंगल पीस हैं। मेरा कोई जोड़ नहीं है। आरोपियों को सजा देने की बात भी बोलता दिखता है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा नेता टुनटुन यादव ने चलाया सदस्यता अभियान

फतुहा। गुरुवार को भाजपा फतुहा नगर मंडल के कल्याणपुर सामुदायिक भवन में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी शक्ति केन्द्र पर सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने किया।संचालन नगर महामंत्री अरूण कुमार झा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा बाढ़ संगठन जिला के क्षेत्रीय सह प्रभारी धनराज शर्मा ने मुख्य पार्षद प्रतिदिन टुनटुन यादव को भाजपा के सदस्यता का नवीकरण कराया। इस अवसर पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता टुनटुन यादव ने अकेले 10 हजार से अधिक सदस्यता बनाने का लक्ष्य तय किया है। वहीं हजारों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में पूर्व संगठन मंत्री शिवनारायण जी, जिलाध्यक्ष अरूण कुमार शाह, सदस्यता जिला प्रभारी केशवकाँत, मुन्ना सिंह, जिला महामंत्री अरविंद यादव, जिला उपाध्यक्ष भास्कर पटवा, किरण गुप्ता, जिला मंत्री शोभा देवी, सुधीर यादव, शक्ति केन्द्र प्रमुख रंजना पटवा, बूथ अध्यक्ष सूरज कपूर सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और आम लोग मौजूद थे। दूसरी ओर महाराणा प्रतापशक्ति केन्द्र पर शक्ति केन्द्र प्रभारी मुन्ना सहि की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई। जिसमें सैकड़ों लोग भाजपा के सदस्य बने।

### चोरी के पांच बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने बाइक चोरी करते एक बदमाश को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश हाबसपुर दियारा का रहने वाला मुन्ना राय है। जिसके निशानदेही पर उसका एक और साथी शाहपुर का रूपीन कुमार को पकड़ा गया जिसके पास से चोरी के चार बाइक बरामद किये गये है। एएसपी दीक्षा ने बताया कि नगर में बाइक चोरी की बढ़ती वारदात को देखते हुए गस्ती पुलिस को जगह जगह विशेष निगरानी के लिए निर्देश दिया गया था। रूपसपुर इलाके में बाइक चोरी करते रंगे हाथ मुन्ना राय को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर उसने बताया कि फिलहाल गोला रोड झुलावन मोड़ के पास वह रहता है और अपने एक साथी शाहपुर का रूपीन कुमार उर्फ भूरा के साथ मिलकर बाइक की चोरी कर सस्ते दामों पर बेच देता है। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए रूपीन को धर दबोचा। जिसके पास से पुलिस ने चोरी के चार बाइक यानी कुल पांच बाइक बरामद किये गये है। एएसपी ने बताया कि दोनों का अपराधिक इतिहास रह चूका है। दोनों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### चंद्रदेव जी महाराज की 524 वां जयंती पर किया आयोजन

दानापुर नगर के अंतर्गत आदीगुरू चंद्रदेव जी महाराज की 524 वां जयंती का आयोजन किया गया। नगर के थाना पर स्थित संगत मे आयोजित जयंती कार्यक्रम में काफी संख्या मे उदासीन सम्प्रदाय के श्रद्धालु महिला पुरूष शामिल हुए। जयंती पर गुरू चंद्रदेव जी के प्रतिमा का श्रृंगार के साथ विधिवत पूजन व भोग लगाया गया। संगत के महंत बबन दास ने कार्यक्रम सम्पन्न कराया। उन्होने बताया कि गरूनानक देव के पुत्र चंद्रदेव जी उदासीन सम्प्रदाय के आदिगुरु है। आज उनका 524 वां जयंती है। उन्होने उदासीन सम्प्रदाय की स्थापना किया था। इस अवसर पर उनका विशेष श्रृंगार व पूजन किया गया।

### भाकपा (मा) के राष्ट्रीय महासचिव येचुरी का निधन वामपंथी के लिए क्षति

पटना सिटी (प्राकि)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी का निधन दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान हो गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पटना जिला कार्यकारिणी के सदस्य एवं पटना साहिब प्रभारी देवरत्न प्रसाद एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पटना साहिब अंचल के सचिव शंभू शरण प्रसाद ने कहा कि श्री येचुरी जीवन पर्यंत मजदूर, किसान, छात्र, नौजवान और आम नागरिकों के बेहतर जीवन के लिए निष्ठा और समर्पण के साथ संघर्ष करते रहे। उनके निधन से वामपंथ की ताकत को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई करना बहुत मुश्किल होगा।

### ट्रेन में सिख संगत की मौत के बाद शव को भेजा

पटना सिटी (प्राकि)। पंजाब से ट्रेन के द्वारा पटना साहिब आ रहे एक संगत की मौत चलती ट्रेन में ही हार्ट अटैक के कारण हो गई। इस संबंध में गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत के बाबा गुरविंदर सिंह और अजय सिंह चप्पू ने बताया कि सिख संगत की ओर से गुरुद्वारा बाललीला प्रशासन को सूचना दी गई। इसके बाद बाबा मिंटा सिंह और बाबा निरंजन सिंह को वहां भेजा गया। सिख संगत की मौत के बाद शव को पंजाब भेजने के लिए विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव से आग्रह किया गया। इसके बाद उनके निर्देश पर शव को एयर बस से पंजाब भेजा गया है। विधानसभा अध्यक्ष के इस पहल पर आभार जताया गया।

# बिहार पर्यटन का होगा अपना ब्रांड एंबेसडर : मंत्री

## ब्रांडिंग के लिए बनेगी रणनीति, पर्यटन गीत का भी होगा निर्माण

प्रात: किरण

पटना। बिहार में पर्यटकों की संख्या में सतत उत्तरोत्तर बढ़ोत्तरी हो रही है। पर्यटन विभाग के द्वारा राज्य के पर्यटक स्थलों पर आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जा रहा है और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नए आकर्षक पर्यटन केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए देश-विदेश में बिहार पर्यटन की बेहतर ब्रांडिंग हो इसके लिए बिहार पर्यटन ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग नीति 2024 को राज्य मंत्रिपरिषद की स्वीकृति मिल गयी है। अब नयी नीति के तहत ब्रांडिंग के लिए रणनीति बनेगी। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि इस नीति का दृष्टिपथ बिहार को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक पर्यटन के केन्द्र के रूप में और प्रभावी रूप में स्थापित करना है।



बिहार पर्यटन का अपना ब्रांड एंबेसडर, पर्यटन गीत का निर्माण, सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर का प्रभावी प्रयोग सहित अन्य निर्णयों से बेहतरीन ब्रांडिंग का मार्ग प्रशस्त होगा। इस नीति में बिहार के पर्यटकीय धरोहर सुदूर प्रखंडो एवं कस्बों तक बिखरे पड़े हैं, जिनको अभी तक पूर्णतः प्रकाश में नहीं लाया जा सका है। ऐसे स्थलों के बारे में शोधपरक सामग्री का निर्माण किया जाएगा। इस हेतु विशेषज्ञ व्यक्ति, संस्था का सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

दृश्य एवं श्रव्य सामग्री के निर्माण हेतु विशेषज्ञ एजेंसियों के साथ संबद्धता की जायेगी। बिहार पर्यटन के लिये लोगो का निर्माण किया जायेगा। बिहार पर्यटन के ब्रांडिंग हेतु सरकार की स्वीकृति से ब्रांड एम्बेसडर का चयन किया जायेगा। सोशल मीडिया इन्फ्लूऐसर/सेलिब्रिटी/यूटूबर आदि का फैम टूर के माध्यम से सेवायें प्राप्त की जायेंगी। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन की ब्रांडिंग के क्रम में बिहार पर्यटन गीत की रचना की जायेगी और गायन एवं अभिनय हेतु बिहार से सम्बद्ध विभूतियों की सेवायें प्राप्त की जायेगी। पर्यटन की ब्रांडिंग, प्रचार-प्रसार तथा पर्यटकों की सुविधा हेतु ई-सर्विसेज यथा वेबसाइट, वेबपोर्टल तथा अन्य डिजिटल माध्यमों का उपयोग किया जा सकेगा।

विविध प्रकार की प्रतियोगितायें यथा, स्क्रिप्ट राईटिंग, रील मेकिंग, फोटोग्राफी, क्विज प्रतियोगिता, कार बाईक रैली आदि का आयोजन किया जायेगा। पर्यटन के प्रचार-प्रसार एवं इसकी मार्केटिंग के लिये कई तरह के साधनों का प्रयोग किया जाता है और इसमें नई तकनीकी का समावेश किया जाएगा। सोशल मीडिया, डीजिटल मीडिया सहित सभी प्रकार के टूल्स के लिये उच्च स्तरीय सामग्रियों का निर्माण कर और इनका समुचित उपयोग कर बिहार पर्यटन की जानकारी को सुलभ कराया जाएगा।

# पड़ोसी राज्य की तुलना में बिहार के लोगों को मिल रही सस्ती बिजली : मंत्री

## लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने राजद को सिखाया सबकः शीला

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश और बंगाल की तुलना में बिहार के लोगों को सस्ती बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को प्रतिवर्ष लगभग 15 हजार करोड़ की सब्सिडी दी जाती है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को इन विषयों का ज्ञान नहीं है। जानकारी के अभाव में राजद के नेतागण नीतीश सरकार पर निराधार आरोप लगाते है। मंत्री ने कहा कि बिहार पहला राज्य है, जहां राजकोष के खजाने से पैसे की लूट हो गई थी, इसलिए राजद नेताओं को भ्रष्टाचार पर उपदेश देने से बचना चाहिए। वर्ष 2005 से पहले बिहार में सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य



की क्या स्थिति थी यह जगजाहिर है। लेकिन आज बिहार विकास के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। विपक्ष को बिहार का विकास दिखाई नहीं देता है। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कृपा से तेजस्वी यादव को 2 बार उप-मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला। मंत्री उक्त बातें गुरूवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में अयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कही। इस अवसर पर परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने राजद को सबक सिखाने का काम किया। विपक्ष के झूठ और दुष्प्रचार को जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। शीला मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विगत 19 वर्षो के शासनकाल में महिलाओं को शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम किया। शीला मंडल ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण लिए नीतीश सरकार सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों के परिचालन को बढ़ावा दे रही है। इससे पहले गुरुवार को मंत्रीगण ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक पहल की। इस मौके पर पार्टी के वरिय नेता प्रो नवीन आर्या चंद्रवंशी एवं प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द निषाद मौजूद रहे।

# नीतीश की चिंता बिहार के हर घर तक पहुंचे विकास : दिलीप

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- विपक्ष विकास पर उंगली नहीं उठा सकती

प्रात: किरण

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हर समय चिंता रहती है कि बिहार के हर घर तक विकास की रोशनी पहुंचे। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि इन दिनों मुख्यमंत्री प्रदेश के विभिन्न इलाकों में अधिकारियों के साथ जा रहे हैं और विकास योजनाओं को देख रहे हैं।

उन्होने सवाल उठाते हुए कहा कि इससे विपक्ष को चिंता क्यों हो रही है? पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष विकास को लेकर उंगली नहीं उठा सकता है। उन्होंने कहा कि पहले पटना में एक



चिरैयाटांड़ पुल हुआ करता था, अब कई फ्लाईओवर है। इसी तरह पहले गंगा नदी पर एक पुल था आज गंगा नदी के ऊपर कितने ही पुल बन गए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के विकास के लिए पिटारा खोल दिया। पहले विपक्ष विशेष राज्य की बात करता था, लेकिन आज उनको नैतिक अधिकार भी नहीं है कि वे विशेष राज्य के दर्जे की मांग करे। भाजपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज उनको चिंता है कि बिहार का विकास हो, यही कारण है कि विकास कार्य जल्द पूरा हो इसको लेकर खुद क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। बिहार के मंत्री डॉ. जायसवाल ने कहा कि विपक्ष सही अर्थो में डिरेल हो चुकी है। राहुल गांधी हों या तेजस्वी यादव हों ये चांदी का चम्मच लेकर राजनीति में आए हैं। इन्हें कोई मतलब नहीं। उन्होंने कहा वे लोग आरोप प्रत्यारोप कर थेथेरोलॉजी कर रहे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में भारी बहुमत से एनडीए की सरकार फिर से बनेगी। विपक्ष के कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए जाने पर बिहार के मंत्री डॉ. जायसवाल ने कहा कि अपराधी कोई भी हो इस कानून के राज में कोई बच नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को जानकारी भी रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी लगातार कर रही है। उन्होंने कहा कि एसटीएफ ने इस साल अगस्त महीने तक 113 ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है, जिनके ऊपर इनाम घोषित किया गया था। इसके अलावा 21 नक्सलियों को भी एसटीएफ की टीम ने इस साल गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस साल एसटीएफ ने 480 मोस्ट वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफल हुई है।

## प्रदेश में आपराधिक घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी : तेजस्वी

पटना। बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने गुरुवार को एक बार फिर कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर समाचार पत्र की कटिंग की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, प्रदेश में बेलगाम अपराध और ध्वस्त विधि व्यवस्था के कारण प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की सत्ता प्रायोजित पूर्व नियोजित हत्याएं हो रही हैं, लेकिन किसी पुलिस अधिकारी पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई एवं तबादला करने की बजाय अपराध वाले जिलों/क्षेत्रों में ही उन्हें लंबी अवधि तक, तब तक पोस्टिंग दी जा रही कि जब तक पोस्टिंग के वक़्त निवेशित राशि पर लाभांश ना मिल जाए। पुलिस अपराध की रोकथाम नहीं बल्कि शराबबंदी के नाम पर धन शोधन में व्यस्त है। हत्याओं की ये घटनाएं केवल पटना शहर (पटना जिला नहीं) के पुलिस के आंकड़े है, लेकिन सच्चाई इससे भी कई गुणा भयावह है।

# नेता प्रतिपक्ष द्वारा लगातार लगाये जा रहे आरोप बेबुनियाद : जदयू

प्रात: किरण

पटना। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा एवं मनीष यादव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने 05 सितम्बर को बिहार में घटित घटना पर ट्वीट किया था जिससे यह साफ मालूम होता है कि उन्हें बिहार का भुगोल का ज्ञान है और ना ही घटना की। ट्वीटर पर केवल ट्वीट-ट्वीट खेलने की आदत पड़ गई है। उन्होंने अपने आरोप संख्या-75 में सौरबाजार को खगड़िया में बताया, जबकि सौरबाजार, खगड़िया में नहीं बल्कि सहरसा जिला में स्थित है। उसी प्रकार आरोप संख्या-86 को आईडीबीआई बैंक में 19 लाख की लूट के मामले को हाजीपुर, वैशाली का बताया लेकिन इसका हाजीपुर, वैशाली से कोई संबंध नहीं है। ट्वीटर बबुआ ने आरोप संख्या-01 पर अंकित घटना का पुनः क्रम संख्या-19 में जिक्र किया, इतना ही नहीं वही गलती दुबारा क्रम संख्या 11, 15 और 33 में भी एक ही घटना को तीन तरह से पेश कर किया। आरोप संख्या-44 की घटना वर्ष 2023 की है जिसमें समस्तीपुर में पूर्व वार्ड सदस्य को अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसमें लिप्त सभी अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है। इन्होंने 2023 में हुये घटना को भी 2024 की घटना बताने से नहीं चुक रहे हैं। जदूय पवक्ता ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष द्वारा लगातार कहा जा रहा है कि बिहार में अपराध का ग्राफ बढ़ा है। जबकि एनसीआरबी द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवेदित कुल संज्ञेय अपराध के आँकड़ों में प्रति लाख जनसंख्या के आधार पर - राष्ट्रीय स्तर पर संज्ञेय अपराध की दर 422.2 है। वहीं बिहार में कुल संज्ञेय अपराध की दर 277.1 है, जबकि केरल में 1274.8 एवं तमिलनाडू में 617.2 है।

# काव्य-पाठ-प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पढ़ी एक से बढ़कर एक कविताएं

## पुस्तक मेले में की साहित्यिक पुस्तकों की खरीद, दिया परिपक्वता का परिचय

प्रात: किरण

पटना। हिन्दी पखवारा के अंतर्गत, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में लगाए गए पुस्तक-चौदस-मेला के १२वें दिन, गुरुवार को छात्र-छात्राओं के लिए काव्य-पाठ-प्रतियोगिता आयोजित की गयी। विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-कवियों और कवयित्रियों ने एक से बढ़कर एक कविताओं का पाठ कर निर्णायकों को चकित कर दिया। सृजन में विचारों की परिपक्वता लक्षित हुई। डॉन बास्को ऐकेडमी, दीघा, रवींद्र बालिका विद्यालय, राजेंद्र नगर, किलकारी, पटना, बाल्डविन ऐकेडमी, ए एन कालेज, पटना, उच्च विद्यालय, सीवान, इग्नु, पटना,



प्रभुतारा स्कूल, एच पी भी विद्यालय आदि विद्यालयों के विद्यार्थी आयुष राज आनन्द, यश रौशन, इकरा जशीम, मन्हा अख़्तर, मानस वैभव, श्रीशांत प्रियदर्शी, अनुपम कुमारी, सृष्टि शिखा, नव्या, शौर्य आनंद, ऐशिका वर्मा, अनिमेश राज, आयुषी कुमारी, कृश कुमार, उज्ज्वल राज, प्रियांशु कुमार, सत्य प्रकाश ध्रुव, इंदु शुभंकरी, गणपत हिमांशु, अनुराग कुमार, विशाल कुमार, अंकिता कुमारी, आकृति कुमारी, अनुपम कुमार साह, वैष्णवी मिश्रा, तनु कुमारी, सोनाली कुमारी, ऋचा कुमारी, आरती वर्मा, सोनाली कुमारी, श्रेया खेतान, प्रभा कुमारी, निधि खेतान, आँचल कुमारी, अंशु कुमारी आदि ने प्रतियोगिता में भाग लिया। आरंभ में सम्मेलन के उपाध्यक्ष और बिहार सरकार के पूर्व विशेष सचिव डा उपेन्द्र नाथ पाण्डेय ने कविता की व्याख्या करते हुए कहा कि जो लोग कविताएँ नहीं कर सकते ऐसे पीड़ित और श्रमिकों की कविता कविता लिखती है। उन्होंने स्वरचित कविताएँ पढ़ने के लिए छात्र-कवियों की प्रशंसा की और उनका उत्साह-वर्धन किया।

# गांव, गरीब और वंचित बनेंगे विकसित भारत के असली चालक : विजय

## नेता प्रतिपक्ष को जनता की परवाह नहीं

प्रात: किरण

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने समस्तीपुर से अपनी यात्रा शुरू की। उन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थ को साधने के लिए भारतरत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की धरती को इसके लिए चुना। जबकि उनके पिता ने कपूर्री जी के साथ उनके जीवनकाल में कई बार विश्वासघात किया था।

श्री सिन्हा ने आगे कहा कि कपूर्री जी राजनीति में साधन की शुचिता के समर्थक और परिवारवादी राजनीति के विरोधी थे। वहीं, लालू प्रसाद ने न सिर्फ सिद्धांतों को तार-तार किया बल्कि परिवारवाद को



बढ़ावा दिया। श्री सिन्हा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष होने के नाते तेजस्वी जी की जिम्मेदारी बनती है कि हर दिन जनता के बीच रहें। सरकार के काम में कोई कमी रहे तो उसके बारे में सरकार का ध्यान आकृष्ट करें। लेकिन पांच सितारा जीवनशैली में पले-ढले राजद के युवराज को इसकी चिंता कहां है ? वे जनता के बीच इसलिए नहीं गए कि उन्हें डर था जो हादसा दिल्ली में केजरीवाल के साथ होता रहा है, कहीं वही हाल उनका न हो जाए। श्री सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी जी पहले आभार यात्रा निकाल रहे थे अब संवाद यात्रा पर निकले हैं। पता नहीं बन्द कमरे में वे किस प्रकार के चुनिंदा कार्यकताओं से मिल रहे थे ? उन्हें अपनी यात्रा का नाम बदल कर क्षमा यात्रा कर लेना चाहिए। वैसे भी उनकी पार्टी में न तो कोई कैडर है न कोई वैचारिक कार्ययोजना है और न ही कार्यकर्ता है। उनके यहां तो धनबल और बाहुबल के आधार पर राजनीति करने का स्पष्ट सिद्धांत है। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन की एनडीए सरकार ने कपूरी जी को बहुप्रतीक्षित भारतरत्न से सम्मानित करने के साथ-साथ उनके सपनों को साकार करने में जुटी है। जो गांव, गरीब और वंचित राजद-कॉग्रेस के शासनकाल में महज वोटबैंक बनकर रह गए थे। उन्हें हमारी सरकार ने समेकित विकास के केंद्र में लाने का काम किया है। यही गांव, गरीब, वंचित और शोषित लोग जिनके लिए हमारे जननायक ने आजीवन संघर्ष किया, विकसित भारत और विकसित बिहार के असली चालक बनेंगे।

## 15 को बढ़ते अपराध के खिला राजद का राजभवन मार्च

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि बिहार में बढ़ते अपराध और गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा राजभवन मार्च किया जायेगा। बताया कि राजभवन मार्च की तैयारी हेतु बैठक की गई। वक्ताओं ने कहा कि बिहार में लगातार हत्याएं, लूट, लोगों को घरों से खींचकर मॉब लिंचिंग तथा महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं हो रही है, लेकिन शासन और प्रशासन इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। सरकार का इकबाल समाप्त हो गया है और लोग खौफ के साये में जी रहे हैं। अब तो घर में भी लोग सुरक्षित नहीं है, बाहर निकलने से लोगों को डर लग रहा है और ऐसा लगता है कि बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है।

# माकपा नेता सीताराम येचुरी के निधन पर सियासी हलकों में शोक

## देश ने वामपंथी विचारधारा का बड़ा नेता खो दिया है : राजद

प्रात: किरण

- लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव सहित राजद परिवार ने जताया शोक

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश नारायण यादव, डॉ कांति सिंह, डॉ रामचन्द्र पुर्वे, भोला यादव, राज्यसभा सांसद संजय यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, शिवचन्द्र राम, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित राजद के अन्य नेताओं ने माकपा के राष्ट्रीय महासचिव का सीता राम येचुरी के के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि देश ने वामपंथी विचारधारा का बड़ा नेता खो दिया है। इनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा कि येचूरी हमारे बेहतर मित्र और विचारों के बड़े पुरोधा थे। उनको देश की राजनीति की बड़ी समझ थी। उनके इस दुख की घड़ी में उनके परिवार और समर्थकों के साथ मैं और पूरा राष्ट्रीय जनता दल परिवार इस दुख की घड़ी उनके परिवार और समर्थकों के साथ खड़ा है।

### लोकतंत्र बचाने की लड़ाई के लिए बड़ी क्षति : माले

पटना। भाकपा-माले बिहार राज्य सचिव का. कुणाल ने माकपा महासचिव का. सीताराम येचुरी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कहा कि उनके निधन की खबर से हम सबको गहरा सदमा पहुंचा है। आज जब भाजपा द्वारा संविधान व लोकतंत्र को कुचलकर देश में तानाशाही स्थापित करने की लगातार कोशिशें जारी है, ऐसे महत्वपूर्ण राजनीतिक मोड़ पर का. येचुरी की मृत्यु लोकतंत्र, देश के संघीय ढांचे और बहुलवादी सांस्कृतिक ताने-बाने की रक्षा में लड़ने वाले प्रत्येक भारतीय के लिए एक बड़ी क्षति है। भाकपा-माले का. येचुरी के परिजनों व सीपीएम के साथियों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करती है।

## वाम राजनीति को बहुत बड़ा नुकसान हुआ : अखिलेश

### येचुरी के निधन पर कांग्रेस नेताओं ने जताया शोक

पटना। वरिष्ठ वामपंथी नेता सीताराम येचुरी के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने शोक जताया है। अपने शोक संदेश में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि सीताराम येचुरी देश के वरिष्ठ नेताओं में से एक रहें हैं। उनका सांगठनिक नेतृत्व क्षमता अद्वितीय थी। उनको आजीवन मजदूरों और शोषितों के लिए संघर्षशील बताते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उनके निधन से देश में वाम राजनीति को बहुत बड़ा नुकसान हुआ। साथ ही देश ने बेहद मजबूत राजनीतिक व्यक्तित्व को खो दिया है। इंडिया गठबंधन में लगातार उन्होंने अपना महत्वपूर्ण सुझाव दिया। वरिष्ठ नेता सीताराम येचुरी के निधन पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के अलावे विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, पूर्व अध्यक्ष व विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, कोषाध्यक्ष निर्मल वर्मा, ब्रजेश पांडेय, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, बंटी चौधरी, ब्रजेश प्रसाद मुनन, पूर्व विधान पार्षद लालबाबू लाल, सहित अन्य नेतागण ने शोक जताया है।

### भाकपा ने माकपा महासचिव के निधन पर जताया शोक

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल ने माकपा के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व सांसद कॉमरेड सीताराम येचुरी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

भाकपा राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने कॉमरेड सीताराम येचुरी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक आदर्श और यथार्थवादी कम्युनिस्ट थे। उन्होंने भारतीय राजनीति में अमीट छाप छोड़ी। वह गरीब पक्षी, सांप्रदायिक सद्भाव के मसीहा के रूप में सदा याद किए जायेंगे।

उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान राजनीतिक दौर में जब देश को उनकी सर्वाधिक जरूरत थी, वह हमारे बीच नहीं रहे। सीताराम येचुरी के निधन से माकपा ही नहीं बल्कि वामपंथी आंदोलन को गहरा धक्का लगा है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है।

# 70 साल से अधिक सभी बुजुर्गों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज की घोषणा ऐतिहासिक : मंगल

प्रात: किरण

पटना। केंद्र सरकार की ओर से 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दिए जाने पर सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नेरेंद्र मोदी व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा समेत तमाम केंद्रीय नेतृत्व को बधाई दी। श्री पांडेय ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को इस योजना को मंजूरी दी। जो एक ऐतिहासिक फैसला है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के वक्त अपने संकल्प पत्र में इस योजना की मंजूरी के वादे किए थे। जिस वादे को पीएम मोदी ने पूर्ण किया है। मोदी जी जो कहते हैं वो करते हैं। श्री पांडेय ने कहा कि पीएम मोदी सबका साथ सबका विकास के वादे के साथ समावेषी विकास पर फोकस देते हैं। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे। 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवरेज मिलेगा, जो समाज के सभी वर्गों के लिए लागू होगा। यह योजना देश के करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करेगी और उन्हें महंगे इलाज के बोझ से मुक्त करेगी।


बिहार सरकार

**भवन निर्माण विभाग**

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 41 वर्ष 2024–25**

(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **25.09.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू 0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specification |
|---|---|
| 01. | Supplying, Fitting & Fixing of Furniture Work in Secretary Chamber of Samaj Kalyan Vibhag at Extended Building of Block- 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2024-25. |
| 02. | Renovation of Wooden Flooring, Ceiling and Paneling Work in Secretary Chamber of Samaj Kalyan Vibhag Ground Floor of Extended Building of Block - 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2024-25. |
| 03. | Renovation of Partition and Curtain Cloth in Secretary Chamber of Samaj Kalyan Vibhag Ground Floor of Extended Building of Block- 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2024-25. |
| 04. | Renovation of Decorative Louvers Panel, Sanitary Fittings and 3D Logo in Secretary Chamber of Samaj Kalyan Vibhag Ground Floor of Extended Building of Block - 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2024-25. |
| 05. | Renovation of Cub Board/Wardrobe in Samaj Kalyan Vibhag of Extended Building of Block- 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2024-25. |
| 06. | Renovation of Toughened Glass and Partition Work in Ground Floor of Samaj Kalyan Vibhag Extended Building Block- 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2024-25. |
| 07. | Renovation of Wall Pan nelling in Ground Floor of Samaj Kalyan Vibhag Extended Building Block- 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2024-25. |

- कार्य समाप्ति की अवधि :– 02 माह
- सक्षम पदाधिकारी के निर्देशन में ही सामानों की आपूर्त्ति की जानी है तथा आपूर्त्तिकर्त्ता को आपूर्त्ति के पश्चात् ही भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी।
- विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR- 008000 ( B C D ) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


## सीताराम येचुरी के निधन पर शोक-संवेदना

पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने सीपीएम नेता सीताराम येचुरी के निधन पर शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से भारतीय राजनीति में एक बहुत बड़ी रिक्तता आ गई है जिसकी भरपाई फिलहाल संभव नहीं है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि राजनीति से इतर व्यक्तिगत संबंधों को जीवंत रखने वाले श्री येचुरी का निधन उनके लिए निजी क्षति है। उनसे मेरी पहली मुलाकात तत्कालीन सोवियत संघ की राजधानी मास्को में 1985 में आयोजित विश्व छात्र-युवा महोत्सव के दौरान हुआ था। तत्कालीन सोवियत राष्ट्रपति मिखाईल गोबार्चोव के साथ क्रेमलिन में आयोजित चाय पार्टी में शामिल बारह सदस्यीय भारतीय दल में उनके साथ मैं भी शामिल था। वे उस समय एस एफ आई के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। और उस समय से उनके साथ जो आत्मीय संबंध बना वे बराबर एक बड़े भाई के रूप में जीवंत रखा।

# जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों एवं प्रभारियों की नई सूची जारी की

प्रात: किरण

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों एवं प्रभारियों और विधानसभा प्रभारियों की नई सूची जारी की। इस मौके पर उन्होंने बयान जारी कर पार्टी के सभी नव-मनोनीत पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि मिशन-2025 की चुनौतियों को फतह करने में नए पदाधिकारियों की भूमिका बेहद अहम होने वाली है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजनीतिक परिस्थितियों के अनुकूल समय-समय पर सांगठनिक बदलाव की आवश्यकता होती है। हमारी पार्टी शुरू से कार्यकर्ता केंद्रित पार्टी रही है। जदयू को निचले स्तर तक धारदार और मजबूत बनाने में हरेक



कार्यकर्ता साथियों की अपनी एक अहम भूमिका है। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी के जिन कार्यकताओं को संगठन में स्थान नहीं मिल पाई है, उन सभी महत्वपूर्ण साथियों को मिशन-2025 की सफलता हेतु पार्टी द्वारा विशेष अभियान का हिस्सा बनाया जाएगा।

श्री कुशवाहा ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पार्टी नित नए सोपान चढ़ रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जदयू का एक-एक सिपाही विकासविरोधी ताकतों को रोकने के लिए अपनी कमर कस चुका है। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन ऐतिहासिक जीत हासिल करेगा।

### भारती मेहता को महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष की जिम्मेवारी:

जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा द्वारा विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों एवं प्रभारियों की सूची के मुताबिक भारती मेहता को महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि पूर्व मंत्री डॉ. रंजू गीता प्रभारी के तौर पर काम देखेंगी। पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। मनीष कुमार को युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष, जबकि वशिष्ट सिंह को प्रभारी बनाया गया है। राधेश्याम को छात्र जदयू का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है, विधान पार्षद वीरेंद्र नारायण यादव को छात्र प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को बनाया गया है, जबकि मेजर इकबाल हैदर प्रभारी होंगे। जदयू की सूची में राजेश त्यागी को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है, पूर्व विधायक अरुण मांझी इसके प्रभारी होंगे। सुरेंद्र उरांव को अनुसूचित जनजाति का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। मनोज कुमार को किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, डॉक्टर एनल बी सिंह चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष होंगे। धनजी प्रसाद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जबकि विधान पार्षद ललन सर्राफ को प्रभारी का दायित्व दिया गया है।

## 18 को राजद के सदस्यता अभियान की होगी शुरूआत : एजाज

प्रात: किरण

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि 18 सितम्बर को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के द्वारा राजद के सदस्यता अभियान की शुरूआत पटना से की जायेगी। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। बताया कि राष्ट्रीय जनता दल पूरी मजबूती के साथ अपने संकल्पों और विचारों को लेकर कार्यकताओं के बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा कार्यकर्ता संवाद के माध्यम से चार जिला समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी एवं मुजफ्फरपुर के कार्यकताओं के साथ विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं और उनके द्वारा जो फीडबैक पार्टी और संगठन की मजबूती के दृष्टिगत दिया जा रहा है उसको नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव पूरी तन्मयता के साथ कार्यकताओं की बात सुन रहे हैं।

# बिजली निजीकरण के खिलाफ एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने किया प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन

## मड़वन प्रखंड कार्यालय पर किया गया रोषपूर्ण जन प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर।भूमि से संबंधित समस्याओं का निदान किए बिना सर्वे करने, प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, गरीब विरोधी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बिजली के निजीकरण के खिलाफ एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) की ओर से मड़वन प्रखंड कार्यालय पर रोषपूर्ण जन प्रदर्शन किया गया। इसके पूर्व गांधी जानकी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर से मांगों को लेकर लिए सैकड़ों लोगों का गगनभेदी नारों के साथ एक जुलूस निकला जो प्रखण्ड कार्यालय पहुँचकर प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के मड़वन पश्चिमी लोकल कमिटी सचिव तारकेश्वर गिरि ने कहा कि जमीन से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान किए बगैर राज्य सरकार की ओर से भूमि सर्वे कराया जा रहा है। जिससे लोगों में अफरा-तफरी और अराजकता का माहौल बना हुआ है। ऑनलाइन कर भूमि दस्तावेजों का डिजिटलीकरण किया गया है जिसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ी है। जिसके सुधार के लिए आम लोगों को सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ रहा है लेकिन उनका काम नहीं हो पा रहा है उल्टे गरीब जनता भ्रष्टाचारियों के भेंट चढ़ रही है। इस अधूरे तैयारी की स्थिति में सर्वे कराए जाने से समाज में आपसी लड़ाई- झगड़े भी काफी बढ़ गए हैं और राज्य भर में अनेक जगहों से मारपीट और हत्या की खबरें आ रही है। उन्होंने राज्य सरकार से अभियान चलाकर जमीन से संबंधित सभी विवादों का अविलम्ब समाधान करने तथा जब तक इन समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है तब तक भूमि सर्वे पर रोक लगाने की मांग की।

धरना- प्रदर्शन सभा की अध्यक्षता करते हुए एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के मड़वन पूर्वी लोकल कमिटी के सचिव बिपिन कुमार ठाकुर ने कहा कि प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय पूरी तरह भ्रष्टाचारियों के गिरफ्त में है। दाखिल- खारिज, परिमार्जन, आवास योजना, खाद्य सुरक्षा में नाम दर्ज करने, शौचालय निर्माण के लिए सहायता राशि आदि जनता का कोई भी काम बिना रिश्वत के नहीं हो पा रहा है। अंत में पार्टी के शिष्टमंडल के साथ साथ प्रखंड बीडीओ एवं सी.आई. से वार्ता हुई। जिसमें उन्होंने सभी मांगों पर कारवाई का आश्वासन दिया। वहीं पार्टी ने कहा कि मांगों पर अविलंब विचार नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

धरना- प्रदर्शन सभा को पार्टी नेता लालबाबू राय, कुमोद राम, पूर्व प्रमुख विनय साह, जीयन खूर्द के सरपंच रामचंद्र राय, शिवचंद्र पासवान, मो. कलाम, निर्मला देवी, मो. नेवाजुल, ब्रजनंदन सहनी, रामप्रवेश भगत, सटहु महतो आदि ने सभा को भी सम्बोधित किया।

# संक्षिप्त खबरें

### विशेष भू-सर्वेक्षण की दी गई जानकारी

मुजफ्फरपुर। जिला में भूमि सर्वेक्षण कार्य का सफल एवं सुचारु संपादन सुनिश्चित कराने हेतु जिला बंदोबस्त पदाधिकारी फिरोज अख्तर ने बुधवार को अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की तथा विशेष सर्वेक्षण कार्य के संपादन हेतु निर्देश दिया। सभी सम्बन्धितों को बताया गया कि विशेष सर्वेक्षण के तहत अमीनो द्वारा गांव में उपस्थित होकर कैंप के माध्यम से प्रपत्र (2) स्वघोषणा एवं प्रपत्र 3(1) वंशावली रैयतों से प्राप्त करना है। साथ ही प्रपत्र (2) रैयतों को भरना सिखाने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान विशेष सर्वेक्षण अमीनों को ग्रामवार खतियानी वंशावली बनाने का भी निर्देश दिया गया। उनको प्रपत्र -5 (खतियानी विवरणी) का ऑनलाइन भू सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में 100 खेसरा की इंट्री विशेष सर्वेक्षण अमीनो द्वारा सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।बैठक में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय), विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो एवं विशेष सर्वेक्षण लिपिक उपस्थित थे।

### तेजस्वी यादव मधुबनी के चंद्र कॉम्प्लेक्स में प्रतिनिधि से सीधी संवाद करेंगे

मधुबनी। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव आभार यात्रा पर निकले हुए है। मधुबनी जिला में आभार यात्रा का कार्यक्रम 14 एवं 15 सितंबर 2024 को है पंचायत प्रतिनिधि से सीधी संवाद मधुबनी के चंद्र कॉम्प्लेक्स में तेजस्वी यादव करेंगे तेजस्वी यादव के कार्यक्रम को लेकर झंझारपुर संसदीय क्षेत्र के इंचार्ज डॉक्टर चक्रवाणी हिमांशु ने जानकारी दिया यह कार्यक्रम बिहार में पहली बार हो रहा है कि किसी भी पंचायत प्रतिनिधि से संवाद करेंगे कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोर जोर से आरंभ है एनडीए सरकार की विफलताओं के बारे में विस्तार से डॉक्टर हिमांशु ने जानकारी दिया कि हर मोर्चे पर एनडीए की सरकार विफल है और कानून व्यवस्था पूरी तरह राज्य में चौपट है तेजस्वी यादव की 17 महीने की कार्यकाल में बिहार में काफी उपलब्धि हुई और उन्होंने जो कुछ भी वादा किया वह जनता के साथ पूरा किया।

### झंझारपुर लोक सभा के सांसद रामप्रीत मंडल ने सीएस को लिखा पत्र

मधुबनी झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अनुमंडलीय अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो मे उपकरणो की कमी रहने के कारण मरीजों को चिकित्सको के द्वारा बेहतर इलाज नही कर पाने से की स्थिति में रेफर कर दिया जाता है। जिससे चिकित्सको और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं जिसे देखते हुए झंझारपुर लोक सभा के सांसद रामप्रीत मंडल ने मधुबनी सीएस को पत्र भेजा है। जिसमे उन्होने कहा है कि झंझारपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अनुमंडलीय अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य उपकरणो उपलब्धता के सूची की आवश्यकता है। उन्होने कहा है उपकरणो की सूची अविलंबउपलब्ध कराई जाए। जिससे कि सीएस आर निधि से सभी स्वास्थ्य उपकरणो की पूर्ति की जाएगी जिससे यहां के मरीज को चिकित्सा के क्षेत्रो में बेहतर इलाज हो सके इसी के प्रयास में लगे है।

### विधायक ने कई सड़कों का किया शिलान्यास

विभूतिपुर/समस्तीपुर स्थानीय विधायक अजय कुमार ने ग्रामीण कार्य विभाग के तहत बिहार ग्रामीण नई सड़क अनुरक्षण योजना नीति 2018 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में विकास की ऊंचाई को बढ़ाते हुए गुरुवार को माधोपुर, एकडारा, चांद सुरारी ,सुरौली और टभका में सड़क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए विधायक अजय कुमार ने कहा कि जनता ने जो विश्वास दिया उस पर खड़ा उतर रहा हूं। किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान के सवालों को सदन से सड़क तक बुलंदी के साथ रख रहा हूं ! इस अवसर पर लोकल अंचल मंत्री श्याम किशोर कमल, मिथिलेश सिंह,राजद नेता महेश कुमार राय, लखन महतो, जगधारी महतो,बबलू कुमार, सुरेन्द्र दास, विश्वनाथ महतो, संजय पासवान, दिलीप राय रामकुमार सिंह, अनिल कुमार, चंद्र भूषण प्रसाद वर्मा, शंभू कुमार ,क्रांति कुमार,शंभू कुमार यादव, विनय कुमार, ललन कुमार महतो, जागेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

### एक ही यूनिवर्सिटी से है डीएलएड डिग्रीधारी संदिग्ध फर्जी शिक्षक

विभूतिपुर/समस्तीपुर विभूतिपुर में संदिग्ध फर्जी शिक्षकों का डीएलएड प्रशिक्षण डिग्री भी एक ही यूनिवर्सिटी का बताया जा रहा है। जिसमें मध्य विद्यालय समर्था में नवनियुक्त टीआरइ 1 के तहत फर्जी बहाल शिक्षक अमरजीत कुमार और पंकज कुमार साहू, प्राथमिक विद्यालय शिशवन्नी के इंदु कुमारी, प्राथमिक विद्यालय नवटोलिया के शिल्पी कुमारी एवं प्राथमिक विद्यालय आलमपुर मुसहरी के ममता कुमारी का डीएलएड प्रशिक्षण डिग्री एक ही यूनिवर्सिटी का बताया जा रहा है। जो संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। वैसे मीडिया में खबर आते ही फर्जी बहाल सभी शिक्षक 5 सितंबर के बाद से विद्यालय से फरार बताया जा रहा है।

# जीआई टैग प्राप्त होने पर शहद का मिलेगा दोगुना मूल्य : पीएस पाण्डेय



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डाक्टर पीएस पाण्डेय ने कहा है कि पूरी दुनिया में शाही लीची का शहद सिर्फ इसी इलाके में मिलता है। विश्वविद्यालय इसके लिए जीआई टैग को लेकर प्रयासरत है।जीआई टैग मिल जाने पर उत्पादकों को शहद का दोगुना मूल्य मिलने लगेगा। वे बुधवार को विश्वविद्यालय में मधु उत्पादन और मूल्य संवर्धन विषय पर आयोजित 6 दिवसीय प्रशिक्षण के समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय आने वाले वर्षों में मधु उत्पादन के क्षेत्र में क्रांति लाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से अनुरोध किया कि वे जितने भी शहद का उत्पादन करते हैं, उसका उचित दाम न मिलने पर विश्वविद्यालय से संपर्क करें। विश्वविद्यालय उचित मूल्य पर उनसे शहद खरीदेगा। उन्होंने कहा कि वैशाली के किसानों को बाजार दर से लगभग दोगुने दाम पर विश्वविद्यालय ने शहद की खरीद की है। विश्वविद्यालय खादी ग्रामोद्योग के माध्यम से शहद का निर्यात भी कर रहा है। डाक्टर पाण्डेय ने कहा कि वे चाहते हैं कि बिहार न सिर्फ देश में, बल्कि पूरे विश्व में सबसे अधिक शहद का उत्पादन करे। विश्वविद्यालय शहद क्रांति को लेकर नवयुवको की एक फौज तैयार कर रहा है ,जिसका असर एक दो वर्षों में दिखाई देने लगेगा। डीन पीजीसीए डॉ मयंक राय ने कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति के नेतृत्व में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। शहद क्रांति के उनके सपने को पूरा करने के लिए वैज्ञानिकों को मिल कर काम करना होगा। निदेशक अनुसंधान डॉ एस के ठाकुर ने कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थियों को विश्वविद्यालय से जुड़े रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर विश्वविद्यालय उन्हें सहयोग करेगा। कृषि व्यवसाय प्रबंधन के समन्वयक डॉ रामदत्त ने कहा कि किसानों को पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर जोर देना चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन डा मोहित शर्मा के नेतृत्व में किया गया। डा नागेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम के दौरान धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर डा उदयन मुखर्जी, डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आइसीएआर की पीजी परीक्षा में मधुस्मिता को मिला प्रथम रैंक



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मधुमिता नाहक को आइसीएआर पीजी परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर द्वीतिय और ओबीसी वर्ग में प्रथम रैंक प्राप्त हुआ है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा की स्नातक छात्रा मधुस्मिता नाहक ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की स्नातकोत्तर परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर दूसरा और ओबीसी वर्ग में प्रथम रैंक प्राप्त कर सामुदायिक विज्ञान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके अतिरिक्त, मधुस्मिता ने दिल्ली विश्वविद्यालय में कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट में भी अच्छी रैंक प्राप्त की, जिससे उन्हें सुरक्षित सीट मिली। वह 2020-2024 बैच की अकादमिक टॉपर और स्वर्ण पदक विजेता है। मधुस्मिता ने अपनी 12वीं कक्षा रोलैंड जूनियर कॉलेज से और 10वीं कक्षा जयश्री केमिकल्स स्कूल, गंजाम, ओडिशा से पूरी की है। वह ग्रामीण विकास के लिए अनुसंधान और नवाचार करना चाहती हैं, जिसका उद्देश्य कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, पोषण और खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना, ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाना, और संसाधनों का सतत प्रबंधन करना है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस पांडेय, कुलसचिव डा मृत्युंजय कुमार और डीन कम्युनिटी साइंस डॉ उषा सिंह ने इस गौरवपूर्ण सफलता पर मधुस्मिता को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# एक्स्ट्रा तेज ब्रांड की बिक्री के लिए हर्ष कुमार सम्मानित




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुजफ्फरपुर मंडल के दरभंगा जिला के वितरक नानक ईन्टरप्राइजेज को माह अप्रैल-अगस्त 2024 में एक्स्ट्रा तेज ब्रांड की विक्री को बढ़ावा देने के लिए किये गये असाधारण प्रयास के सम्मान में पुरस्कार एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया है। मुजफ्फरपुर मंडल कार्यालय में वाणिज्यिक सिलेंडर के एक्स्ट्रा तेज ब्रांड के 4 साल पूरे होने पर आयोजित समारोह में क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश कुमार ने नानक इंटरप्राइजेज के प्रतिनिधि हर्ष कुमार मारीवाला को सम्मान पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।श्री कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि व्यावसायिक उपयोग के लिए एक्स्ट्रा तेज ब्रांड के व्यावसायिक सिलेंडर ही उपयोग करें। इस सिलेंडर के उपयोग करने से व्यावसायिक कार्य करने में 14प्रतिशत कम समय लगेगा और 5 प्रतिशत गैस की भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि सामान्य व्यावसायिक सिलेंडर की अपेक्षा एक्स्ट्रा तेज ब्रांड के व्यावसायिक सिलेंडर का लॉ क्षमता 65 डिग्री सेंटीग्रेड तक है। इस अवसर पर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंधक नितेश कुमार चौरसिया, प्लांट प्रबंधक जैनेन्दु के साथ-साथ कई वितरक भी उपस्थित थे।

# भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : डॉ मुरारी मोहन

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान को लेकर प्रवास कार्यक्रम के तहत वृहस्पतिवार को केवटी विधायक डॉ० मुरारी मोहन झा ने केवटी पूर्वी मंडल के केवटी एवं मझिगामा पंचायत के विभिन्न गांव में घर-घर पहुँच कर केंद्र सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे वहा उपस्थित आमजनमानस को बताया एवं कार्यकताओं से आग्रह किया कि पांच लोगों का एक टीम बना के फर्स्ट टाइम वोटर और योजना से लाभान्वित लोगों को पार्टी द्वारा लॉन्च किए गए नंबर पर मिस्ड काल करके अधिक से अधिक संख्या में भाजपा की सदस्यता दिलाने एवं प्रधानमंत्री जी के हाथों को मजबूत करने का आग्रह किया ,विधायक डॉ झा ने कहा की आपलोगों के सहयोग से ही भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है पिछले बार भी केवटी विधानसभा क्षेत्र सदस्यता अभियान में एक अलग अमिट छाप छोड़ा था इस बार भी आपलोगो के सहयोग से केवटी विधानसभा सदस्यता अभियान में आगे की श्रेणी में अपना नाम दर्ज कराएगी । इस दौरान केवटी पूर्वी के मंडल अध्यक्ष विनोदानंद झा,सियाराम यादव, संजय प्रसाद गुप्ता,लालबाबू सहनी,राजू यादव,रमन कुमार यादव,सतीश यादव,छोटे साह,बबिता देवी,सुरेश साह,बिकाऊ झा, गुड्डु झा,प्रमोद मंडल,रंजीत साहू,राज कुमार यादव,आलोक कुमार गुप्ता,संजीत महतो,सुबोध महतो,रामचंद्र महतो,कृष्ण कुमार गुप्ता,इंद्र प्रसाद गुप्ता एवं विकास साहू आदि लोग उपस्थित थे

# सीएचसी सभागार में आशा कार्यकर्ता व आशा फैसिलिटेटर की बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली सीएचसी के सभागार मे गुरुवार को सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. ज्योतिद्र नारायण के अध्यक्षता मेआशा कार्यकर्ता एवं आशा फैसिलिटेटर की बैठक आयोजन किया गया.इस बैठक के दौरान सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. ज्योतिद्र नारायण ने उपस्थित आशा कार्यकर्ता एवं आशा फैसिलिटेटर को कहा कि आगामी प्लस पोलियो राष्ट्रीय कार्यक्रम 22 सितंबर से होने जा रही है इस कार्यक्रम में सभी आशा कार्यकर्ता दल कर्मियो में काम करने का निर्देश दिया गया.वही यूनिसेफ के बीएमसी कालीचरण झा ने सभी आशा कार्यकर्ता को कहा कि क्षेत्र में 0 से 5 साल का बच्चो को दो बूंद पिलाकर प्रतिरक्षत करना है. उन्होने कहा कि एक्स केटोगोरी पांच तरह का होता है. उन्होने कहा कि घर से बाहर बच्चा गांव से बाहर बच्चा घर पर ताला बंद जो बच्चा बीमार है जो बच्चा पोलियो पिलाने से मना कर रहे है उनको एक्स .आर .के कॉलम में डालना है. उन्होने ने कहा कि एक्स का रीजन बदलेगा नही.यदि बदलेगा तो पी. में ही बदलेगा.उन्होंने सभी दल कर्मियो कार्य के दौरान किसी के घर पर जाएंगे तो घर में घुसने से पहले घर का दरवाजा खट खटाकर घर के अंदर जाएंगे.साथ ही घर में प्रवेश करने पर गृह स्वामी को अभिवादन करने के बाद अपने कार्य की चर्चा करेगे.वही बीसीएम शंभू कुमार ने सभी आशा कार्यकर्ता को कहा कि कोशिश रहे कि एक भी बच्चा छूटा तो सुरक्षा च्रक टूट जाएगा.वही डब्लू. एच.ओ.रविंद्र ठाकुर ने कहा कि ट्रांजिट मोबाइल दल कर्मियो को कहा कि सड़क पर चलते हुए भी एक भी बच्चा नही छूटे. उन्होने कहा कि सड़क पर चलते बच्चो को बाया हाथ का अंगूठा अवश्य रूप से जांच करने का निर्देश दिया गया.तभी पता चलेगा कि यह बच्चा पोलियो की खुराक पिया है या नही.इस बैठक के मौके पर डा. शाहिद इकबाल हेल्थ मैनेजर अर्चना भट्ट बीसीएम शंभू कुमार यूनिसेफ के बीएमसी कालीचरण झा सहित सभी आशा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# तेजस्वी को बिहार की कानून व्यवस्था पर बोलने का हक नहीं : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। लालू राबड़ी के शासन काल में बिहार का विकास सौ साल पीछे पहुंच गया जिसका खामियाजा आज तक बिहार के 11 करोड़ लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इन अंतराल में बिहार में प्रायः सभी उद्योग धंधे बंद हो बल्कि हत्या लूट अपहरण फिरौती बलात्कार की घटनाएं उद्योग का रूप ले चुकी थी। लेकिन एनडीए के नेतृत्व में बिहार को लालू राबड़ी के कथित जंगलराज से मुक्ति मिली यही कारण है कि बिहार की जनता किसी भी परिस्थिति में लगलराज के तथाकथित रहनुमा तेजस्वी के बहकावे में नहीं आ सकती। दरभंगा के भाजपा सांसद तथा लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने एक राजनितिक कार्यक्रम में राजद नेता तेजस्वी यादव के बयानों पर अपनी प्रतिक्रिया में उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने तेजस्वी यादव द्वारा फ्री बिजली यूनिट तथा स्मार्ट मीटर की घोषना को हास्यास्पद बताते हुए कहा की जिनके 15 साल के शासन काल में लालटेन और ढिबरी भी



बिहार के हर घरों को नसीब नहीं था और आज बिहार और देश बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बन चुका है तेजस्वी जैसे राजनेता के द्वारा मीडिया में सस्ती लोकप्रियत के लिए बिजली के मुद्दे पर अव्यावहारिक बयान दिए जा रहे हैं जिसकी जितनी निंदा की जाय वह कम है। सांसद डा ठाकुर ने बिहार की कानून व्यवस्था पर तेजस्वी की टिप्पणी पर गहरी आप्ति जताते हुए कहा की बिहार में नितिश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार की शासन व्यवस्था को हर दृष्टि से बेहतर बताते हुए कहा कि बिहार सरकार की कार्यशैली पर टिप्पणी करने से पहले तेजस्वी को राजद के 15 साल के शासन व्यवस्था को ध्यान में रखकर बोलना चाहिए।

# भाकपा - माले करेगी 30 सितम्बर को प्रखंड मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।भाकपा माले का बंदरा प्रखंड कमिटी की बैठक आज सिमरा में संपन्न हुई। बैठक में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के उपरांत सरकार द्वारा घोषित 2 लाख रु. की सहायता राशि के लिए 72 हजार रु. से नीचे के आय प्रमाण पत्र, भूमिहीनों के लिए 5 डिसमिल आवासीय जमीन और पक्का मकान के सवाल पर भाकपा-माले द्वारा चलाए जा रहे हक दो-वादा निभाओ अभियान की समीक्षा के दौरान पाया गया कि इस अभियान को जनता का जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है।.गांवों से शहर तक गरीबों की भारी गोलबंदी विगत 24 अगस्त को प्रखंड मुख्यालयों पर हुआ।उक्त बातें माले जिला सचिव कृष्मोहन ने आज बंदरा प्रखंड कमिटी की बैठक में कही. बैठक में उनके अलावा प्रखंड सचिव रामबली मेहता, संजय कुमार दास, अजीत कुमार, चिंता कुमारी, महेश महतो, चंद्रकला देवी, गीता देवी, देवन मंडल, मो. इसराइल उपस्थित थे।बैठक में बिहार में जारी भूमि सर्वेक्षण पर विभिन्न कोनों से उठ रहे सवालों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई. प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रतीत होता है कि सरकार की बुनियादी मंशा जमीन को गरीबों से छीनकर उसे सरकारी घोषित कर देने की है. कई तरह की विसंगतियां उभरकर सामने आ रही हैं।भाकपा-माले भूमि सर्वेक्षण में गरीबों, आदिवासियों और अन्य वंचित वर्गों के भूमि अधिकारों पर समुचित रूप से ध्यान देने की मांग करती है जिसकी उपेक्षा सर्वे में की जा रही है. बरसो बरस से बसे गरीबों को कागज का बहाना बनाकर उनके अधिकार को अवैध घोषित कर दिया जा रहा है. यह गरीबों, किसानों व वंचितों की हकमारी है. अतः माले की मांग है कि भूमि सर्वेक्षण की प्रक्रिया को अधिक न्यायपूर्ण, पारदर्शी और समावेशी बनाने की जरूरत है।

# केस के गवाह को मारपीट कर किया गंभीर रूप से घायल, देसी कट्टा से सिर पर वार कर रुपए छीना

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



समस्तीपुर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बेझाडीह के वार्ड नंबर दो के दोरिक पासवान के पुत्र और पेशे से मजदूर सतन पासवान ने बदमाशों के विरुद्ध जानलेवा हमला कर मारपीट करने व रुपए छीनने को लेकर मुफ्फसिल थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि वह बीते 11 सितंबर की सुबह एफसीआई गोदाम के निकट जितवारपुर कोठी की मालकिन विभा शर्मा के हिस्से की जमीन में उनके मैनेजर विशाल गौरव के कहने पर जंगल को साफ-सफाई कर रहा था, इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन लोग उनके पास आए। जिसमें जितवारपुर चौथ डीह का रहने वाला कुख्यात अपराधी वशिष्ट नारायण राय व उसके तीन अन्य सहयोगी के साथ एक देसी कट्टा से उनके सिर पर वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद जाति सूचक देते हुए उसके पूर्व के मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 346/24 से गवाह से अपना नाम वापस ले लो, नहीं तो एक महीने के अंदर तुम्हारी हत्या करवा देंगे। इसके बाद उसके दो अन्य साथियों ने लोहे के रॉड से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और जेब में रखा हुआ तीन सौ रुपए निकाल लिया। वहीं इस संबंध में जितवारपुर कोठी की मालकिन विभा शर्मा के मैनेजर विशाल गौरव ने कहा है कि विभा शर्मा के फरीक के मैनेजर मंटुन कुमार अपराधी प्रवृति का है और वह जबरन जमीन कब्जा करना चाहता है। वह जानबुझ कर झूठा केस में फंसाने का प्रयास करता रहता है। उन्होंने कहा कि उक्त जमीन पर बाउंड्री 40 साल से है, जो स्थल जांच से स्पष्ट हो जाएगा। वहीं मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि आवेदन के आधार पर छानबीन की जा रही है। इसमें जो भी विधि सम्मत कार्रवाई की आवश्यकता होगी की जाएगी।

# चांदसुरारी में ग्रामीण दुग्ध संग्रहण केन्द्र की दूसरी शाखा खुला

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के चांदसुरारी गाँव में अतिथियों ने केक काटकर संस्थान की दशमी वर्षगाँठ मनाते हुए ग्रामीण दुग्ध संग्रहक केंद्र का दूसरी शाखा का शुभारंभ किया।उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता गंगा प्रसाद सिंह ने किया। संचालन दीपनारायण राय एवं धनेश्वर मेहता ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रो.राम उदगार सिंह ने कहा कि हमारे यहाँ मशीन से मिल्क सैंपल चेक के बाद भी दो रुपया प्रति लीटर एक्स्ट्रा बोनस सीधे किसान को मिलेगा उसमें भी आप समय-समय पर या साप्ताहिक या मासिक भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। संग्रहण केंद्र के संयोजक पीयूष कुमार कुशवाहा ने कहा कि हम गाँव से हैं सभी किसानों के अथक मेहनत को समझते है इसलिए गाँव के लोगो को मुनाफा देना मेरी प्राथमिकता है। किसानों को मनोज कुमार कुशवाहा ने संग्रह केंद्र से होने वाली फायदा के बारे में विस्तार से बतलाया। मौके पर रामसागर प्रसाद सिन्हा, मुनेश्वर सिंह, चन्देश्वर सिंह , मो हनीफ, सुनील कुमार, डॉ गोपाल राकेश , रवींद्र कुमार, धनेश्वर मेहता आदि सहित दर्जनों दुग्ध उत्पादक किसान मौजूद रहे।

# चौकीदार/ दफादार ने किया अंचल कार्यालय का घेराव

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर। स्थानीय थाना में प्रतिनियुक्त चौकीदार व दफादार ने ए. सी. पी. के लाभ नहीं मिलने पर गुरुवार को अंचल कार्यालय का घेराव किया। वहीं एक शिष्टमंडल ने अंचलाधिकारी विभूतिपुर के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें बताया गया कि चौकीदार दफादार के प्रथम ए.सी.पी. एवं द्वितीय ए.सी.पी. छठे/सातवें पुनरिक्षित वेतनमान का आर्थिक लाभ अब तक नहीं मिला है। जबकि डीएम साहब का आदेश 9 फरवरी को ही निकल गया है। वर्तमान में पदस्थापित तथा सेवानिवृत्त दफादार/ चौकीदार को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रथम एवं द्वितीय ए.सी.पी. का लाभ देकर पूनरिक्षीत वेतनमान निर्धारित करने की मांग किया है। वहीं चौकीदार संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार राय ने बताया कि हमलोग 1996 से काम कर रहे हैं। डीएम साहब के आदेश निकालने के 8 महीने बाद भी अभी तक कुछ नहीं हो पाया है। हम लोगों का सर्विस बुक यहीं पड़ा हुआ है। एक सप्ताह के अंदर अगर हमलोगों का कार्य प्रगति में नहीं होता है तो हम लोग डीएम से मिलकर इसकी प्रतिलिपि सौंपेंगे।मौके पर चौकीदार भूषण पासवान , आशा कुमारी पांडव कुमार, रुदेश कुमार पासवान, महेश पासवान, सुरेश पासवान, अशोक पासवान, दिनेश कुमार, राजाराम पासवान, ब्रह्मदेव महतो, कुंदन कुमार आदि मौजूद थे।

# मो फैयाज अहमद राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोनीत

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता।

राजद अल्पसंख्यक सेल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मो नवाज आलम उर्फ मो० अनवर आलम ने समस्तीपुर प्रखंड के कपूरीग्राम पंचायत के रामकृष्णपुर गांव के निवासी मो फैयाज अहमद को राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ समस्तीपुर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। मो० फैयाज अहमद को राजद अल्पसंख्यक सेल का जिलाध्यक्ष बनने पर स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती, वरीय जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष मो० अरमान सदरी, जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष ललन यादव, जिला उपाध्यक्ष राम विनोद पासवान, जिला महासचिव मो० परवेज आलम, राजद नगर अध्यक्ष उमेश प्रसाद यादव, जिला राजद महासचिव राकेश यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रोफेसर डा० रजनीश कुशवाहा, वरीय राजद नेता जयशंकर ठाकुर, मो० मुराद, जिला राजद महासचिव मो० नूरूजोहा कमाल आफो, कार्यालय सचिव रोशन यादव, मो० ज्योउल्लाह उस्मानी, मो० अजहर मिकरानी, राहुल राय, रजनीश कुमार, मो० माहताब आलम विक्की, सैयद एहसानुल हक चुन्ने, सैयद फैसल आलम मन्नू, मो० सैफुर रजा चुन्नू, मो० आसिफ इकबाल, मो० राजन, मो० सना सईदी उर्फ चीना, मो० राजन, पूर्व मुखिया चंदन कुमार, पूर्व मुखिया मुकेश कुमार, रामकुमार राय, राकेश कुशवाहा, ज्योतिष महतो, मनोज पटेल, रविन्द्र कुमार रवि, दीपक यादव, मुकेश यादव, हरेंद्र कुमार, मनोज कुमार राय, रंजीत कुमार रंभू , जित्तू कुशवाहा, अरुण कुशवाहा, रितेश कुमार पिंकू, जयलाल राय, मो० आशिक, मो० बशीर, बेबी साह, अशोक साह,नंदन यादव, अखिलेश दास, विमल पासवान, विपीन कुमार राय, अंकित वर्धन आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी सुविधा से वंचित चोरगांय ग्रामीण

असरगंज (मुंगेर)। असरगंज प्रखंड अंतर्गत चोरगांय पंचायत के वार्ड नंबर 6 के ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जहां सरकार पेयजल आपूर्ति हेतु लाखों रुपये खर्च कर नल जल योजना के लिए पानी की टंकी व समरसीवर लगवाया है। वहीं पीछले 3 माह से जल आपूर्ति बंद है। जिससे गांव के 225 घरों के लिए लगभग 1000 आबादी के इस गांव में का पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। गांव में 3 चापाकल है जिसमें 1 खराब पड़ा है। सिर्फ 2 चापाकल के भरोसे 1000 लोग निर्भर है। इस संबंध में पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि बोरिंग फेल हो गया है। नये बोरिंग के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है।

### महंगी किमत पर खाद खरीदने को मजबूर किसान

असरगंज (मुंगेर)।असरगंज प्रखंड के उर्वरक विक्रेताओं की मनमाने किमत किसानों से वसूल किया जा रहा है। उर्वरक दुकानदारों पर किसी भी प्रकार का भय प्रशासनिक अधिकारियों का नहीं है। न ही पोस मशीन का पर्ची ही किसानों को दिया जा रहा है। जिससे किसान काफी परेशान हैं। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख राकेश कुमार ने बताया कि जल्द ही उर्वरक निगरानी समिति की बैठक होगी।

### साइबेरियन पक्षी के बच्चे को वन विभाग को सौंपा



जमुई [ झाझा ] आवारा पशुओ से साइबेरियन पक्षी के बच्चे को पक्षी प्रेमियों के द्वारा बचाकर उसे सुरक्षित वन विभाग को लोगों के द्वारा सौंप दिया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए पक्षी प्रेमी दीपक कुमार शर्मा एवं अन्य ने बताया कि बाजार के पास किसी तरह साइबेरियन पक्षी का बच्चा गिरा पड़ा था जहां आसपास कुछ कुत्ता उसे नोचने की कोशिश कर रहा था तभी उस पक्षी के बच्चे को कुत्तों से बचाने के बाद उसका डिटमेंट करते हुए फिर उसे वन विभाग को छोड़ दिया। वन विभाग के कर्मी ने पक्षी प्रेमियों को पूर्ण भरोसा दिया कि साइबेरियन पक्षी के बच्चे को सुरक्षित वनक्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा।

# पंचायतों में शिविर लगाकर जमीन की जमाबंदी का आधार से लिंक कार्य प्रारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



सोनो/जमुई : सोनो प्रखंड के सभी पंचायतों में राज्य सरकार के भूमि और राजस्व विभाग के निर्देश पर जमीन की जमाबंदी को आधार कार्ड से लिंक करने का कार्य बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इस कार्य के लिए अंचलाधिकारी सुमित कुमार के निर्देशन में विभिन्न पंचायतों में राजस्व कर्मचारियों द्वारा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां भू-स्वामियों की जमीनों का रिकॉर्ड अपडेट किया जा रहा है। इस प्रक्रिया से भविष्य में भूमि विवादों को रोकने और जमीन के रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। दहियारी पंचायत में सफल शिविर का आयोजनृ गुरुवार को दहियारी पंचायत के पंचायत भवन में राजस्व कर्मचारी निशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी जमीन की जमाबंदी को आधार कार्ड से लिंक करवाने का कार्य करवाया। शिविर में आने वाले सैकड़ों भू-स्वामियों को जमाबंदी के दस्तावेजों की जांच, आधार लिंकिंग, लगान रसीद संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, जिनके दस्तावेजों में त्रुटियाँ पाई गईं, उनका तत्काल निवारण भी किया गया। शिविर का उद्देश्य न केवल आधार से लिंक करने तक सीमित था, बल्कि भू-स्वामियों को उनके भूमि संबंधी अधिकारों और दस्तावेजों के बारे में जागरूक करना भी था। शिविर में जिन ग्रामीणों को किसी प्रकार की कठिनाई हुई, उनके लिए ऑन-द-स्पॉट समाधान उपलब्ध कराया गया, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। भूमि रिकॉर्ड में पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम सरकार की यह पहल भूमि रिकॉर्ड को आधार कार्ड से जोड़ने की है, जिससे जमीन संबंधी विवादों की संभावनाएं काफी हद तक समाप्त हो जाएंगी। आधार लिंकिंग से हर भू-स्वामी की पहचान स्पष्ट होगी और जालसाजी की गुंजाइश खत्म होगी। इसके साथ ही, राजस्व विभाग के लिए भी जमीन से जुड़े रिकॉर्ड को मेंटेन करना और अपडेट रखना आसान होगा। ग्रामीणों की सकारात्मक प्रतिक्रिया दहियारी पंचायत के शिविर में स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य माधो बैठा, जितेंद्र यादव, रामविलास यादव, मोती यादव, पंकज बरनवाल, मेघन रजक, कार्तिक मंडल और बरसा सोरेन जैसे प्रमुख लोग उपस्थित थे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की। उन्होंने बताया कि यह सरकार का एक बहुत अच्छा कदम है, जो भूमि स्वामित्व में पारदर्शिता लाएगा और किसी भी प्रकार की त्रुटियों को खत्म करने में मददगार साबित होगा। भूमि स्वामियों के लिए आसान प्रक्रिया शिविर में आये भू-स्वामियों को विशेष रूप से जानकारी दी गई कि कैसे वे अपने आधार कार्ड को जमाबंदी से लिंक कर सकते हैं। उन्हें बताया गया कि इसके लिए किन दस्तावेजों की आवश्यकता होगी और आधार लिंक होने के बाद उन्हें किस प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी। शिविर में यह भी स्पष्ट किया गया कि जिनके पास पहले से डिजिटल जमाबंदी की जानकारी नहीं है, वे इसे जल्द से जल्द प्राप्त कर सकते हैं। राज्य सरकार की आगे की योजना अंचलाधिकारी सुमित कुमार ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में अन्य पंचायतों में भी इसी तरह के शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उनका लक्ष्य है कि हर पंचायत में शत-प्रतिशत जमीन की जमाबंदी को आधार से लिंक किया जाए, ताकि हर भू-स्वामी को डिजिटल भूमि रिकॉर्ड की सुविधा मिल सके। इससे राज्य के राजस्व विभाग के कामकाज में भी तेजी आएगी और भूमि संबंधी विवादों का जल्द से जल्द निपटारा किया जा सकेगा। भूमि रिकॉर्ड में पारदर्शिता और सुगमता निष्कर्ष राज्य सरकार द्वारा भूमि रिकॉर्ड में पारदर्शिता और सुगमता लाने के इस प्रयास को ग्रामीणों ने काफी सराहा है। शिविरों के माध्यम से गांव-गांव में पहुंचकर सरकार इस प्रक्रिया को सरल और सुगम बना रही है, जिससे लोगों को अपनी जमीन के अधिकार और दस्तावेजों से संबंधित किसी भी समस्या का समाधान समय पर मिल सके।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार सरकार के ओर से आयोजित स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत गुरुवार को रिलैबल इंफ्रा सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के नगर पंचायत संग्रामपुर के सार्वजनिक स्थल पर गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाई गई। इस दौरान नुक्कड़ नाटक में शामिल कलाकारों ने सूखा एवं गीला कचरा को अलग-अलग डब्बे में रखना, सूखे कचरे को रिसाइकल कर नई वस्तुओं का निर्माण करना, गीले कचरे को कंपोस्ट बनाकर बगीचों में उपयोग करना सहित खुला शौच मुक्त समाज निर्माण को लेकर ह्सुनो गौर सेह्व नाम के नुक्कड़ नाटक कर लोगों को स्वच्छता से संबंधित उपायों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी खुले में शौच से होने वाली बीमारियों सहित महिलाओं एवं लड़कियों के सम्मान को लेकर गीत के माध्यम से उन लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक जयप्रकाश ,नंदकिशोर यादव , दिवाकर कुमार,मुकेश कुमार , राजेश केसरी साहित्य नगर पंचायत कर्मी जनप्रतिनिधि एवं नुक्कड़ नाटक के कलाकार सफाई कर्मी आदि सामिल थे।

## पंचायत सरकार भवन निर्माण की मांग को लेकर अंचलाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र के करहरा पंचायत के मुख्यालय में ग्राम करहरा में पंचायत सरकार भवन निर्माण करवाए जाने को लेकर पंचायत के उपमुखिया, वार्ड सदस्यों एवं ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय पहुंचकर अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगों को रखा। पंचायत के उपमुखिया बजरंगी यादव ने इस संदर्भ में बताया कि 7 सितंबर को पंचायत भवन में एक बैठक वार्ड सदस्य, ग्रामीणों के बीच किया गया जिसमें जिला पंचायत राज पदाधिकारी के द्वारा तीन सितंबर को जारी किए गए ज्ञापन संख्या 1053 से संबंधित पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए भूमि चयन प्रक्रिया में अंचलाधिकारी झाझा से जांच प्रतिवेदन के लिए मांग कि गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत राज करहरा में पंचायत ससरकार भवन का निर्माण हेतु जिला पंचायत राज पदाधिकारी के पत्रांक संख्या एवं प्रमंडलीय आयुक्त मुंगेर के आदेश के आलोक में जिला पदाधिकारी जमुई के द्वारा 27 मार्च 2023 को जारी पत्रांक संख्या 524के द्वारा ग्राम पंचायत राज करहरा के ग्राम मुख्यालय में भूमि उपलब्धता के आधार पर भूमि का प्रतिवेदन भेजा गया परंतु उपमुख्यमंत्री कोषांग के द्वारा 20 अगस्त 2024 के पंत्राक 806 के द्वारा ग्राम पंचायत राज करहरा का पंचायत सरकार भवन ग्राम मुख्यालय में न बनाकर मुख्यालय से बाहर आस्ता में बनाने हेतु निर्देशित किया गया। उपमुखिया ने बताया कि ग्राम मुख्यालय के समीप कुल 10 वार्ड है जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की आबादी छह हजार है एवं ग्राम आस्ता पहाड़ी के दूसरी ओर है। जिसमें कुल 3 वार्ड है एवं एससी एसटी कि आबादी सिर्फ दो हजार है। इसलिए अंचलाधिकारी से मांग करते है कि इसकी जांच किया जाएगा और प्रतिवेदन जिला में भेजे।

## सात स्थलों पर एपीएचसी और एचडब्ल्यूसी के लिए जमीन नही हो रहा मुहैया

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] ग्रामीण क्षेत्र में एक तरफ स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाए जाने की बात कि जा रही है तो वही दूसरी प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायत में जमीन उपलब्ध नही होने के कारण अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एंड वेलनेंस सेंटर का निर्माण नही हो पा रहा है। अस्पताल की ओर से स्थानीय अंचलाधिकारी से सात स्थलों पर जमीन मुहैया कराए जाने को लेकर लिस्ट की जानकारी दी गई है। रेफरल अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाषचंद्र के द्वारा धमना पंचायत में एपीएचसी, एचडब्ल्यूसी, छापा पंचायत में एपीएचसी, बूढ़ीखार में एपीएचसी, टेलवा बाजार, चितोचक और बैजला में एचडब्ल्यूसी का निर्माण करवाए जाने की बात अंचलाधिकारी को दिया गया। स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि नामित जगहों पर सरकारी जमीन ज्योहि मिल जाती है वैसे ही भवन का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। आगे स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि अंचलाधिकारी से जमीन मुहैया को लेकर जब पूछा गया तो उन्होनें आमिन न होने की बात कि जिसके कारण नामित स्थलों पर एपीएचसी और एचडब्ल्यूसी का निर्माण कार्य रूका हुआ है। स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि उक्त सभी जगहों पर एपीएचसी और एचडब्लूसी का निर्माण हो जाता है उनक्षेत्र में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य की सुविधा सुगम तरीके से मिल जाएगा।

## जमीनी विवाद में हुए मारपीट में दो लोग जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। गोतिया के द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा कर लिए जाने एवं डायन कहने का आरोप लगाते हुए मारपीट करने का एक मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में थाना क्षेत्र के श्रीपुर गांव की पीड़िता गीता देवी पति कपिल देव शाह के द्वारा गुरुवार को संग्रामपुर थाने में आवेदन दिया गया है। अपने आवेदन में पीड़िता गीता देवी ने बताया है कि बुधवार की देर रात्रि उनके पड़ोसी एवं गोतिया मनोज शाह, संतोष शाह, कंचन साह, छोटू शाह एवं उनके परिजनों के द्वारा मेरे घर में घुसकर मारपीट की गई। मारपीट में यह लोग एक दूधं मुंही बच्ची को भी जमीन पर पटक दिए। इन्होंने बताया कि इस मारपीट में उनके पति एवं पुत्र घायल हो गया है जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में किया जा रहा है।

आवेदन में गीता देवी ने आरोप लगाया है कि सभी आरोपी मेरे पूरे परिवार को डायन करके संबोधित करता है और बराबर मारपीट और गाली गलौज करते रहता है। इन लोगों के द्वारा धमकी दिया जाता है कि तुम लोग को जान से मार देंगे।उन सभी ने मेरी जमीन पर भी कब्जा किया हुआ है और जब भी इस संबंध में कहने जाते हैं तो वह सब एकजुट होकर हम लोग के साथ मारपीट करने लगता है।इस बार भी हम लोगों को लाठी डंडे से मारा गया है। उन्होंने प्रशासन से निवेदन किया है कि इस मामले में आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए। इस संबंध में थाना अध्यक्ष रूबीकांत कच्छप ने बताया कि मामले की जांच करवाई जा रही है एवं आरोप साबित होने पर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# रेलवे के निजीकरण एवं बहाली को लेकर युवाओं ने निकाला प्रतिरोध मार्च




प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आगेर्नाइजेशन की युवाओं के द्वारा रेलवे के निजीकरण के खिलाफ एवं बहाली इत्यादि की मांगों को लेकर प्रतिरोध मार्च निकाला गया। प्रतिवाद मार्च जुलूस के शक्ल में संग्रामपुर के अंबेडकर चौक से चलकर बाजार के सभी मार्गों से गुजरते हुए महावीर चौक तक पहुंचा। प्रतिवाद मार्च में शामिल युवा रेलवे को निजी कंपनियां के हाथों देना बंद करो, रेलवे में खाली पड़े पदों की बहाली अभिलंब करो, सभी ट्रेनों में स्लीपर एवं जनरल कोच की संख्या बढ़ाओ, सीनियर सिटीजन की सुविधा बहाल करने के संबंध में नारे भी लगा रहे थे। जुलूस का नेतृत्व सौरभ कुमार दास समीर कुमार दास नयन कुमार यादव एवं संदीप कुमार भारती के द्वारा संयुक्त रूप से की गई।बाजार के महावीर चौक पर पहुंचकर जुलूस सभा में तब्दील हो गई। मौके पर मौजूद ए आई डी वाई ओ के राज्य काउंसिल मेंबर संतोष कुमार दास ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की रेलवे को निजी कंपनियों के हाथों देकर गरीब जनता को लूटने की खुली छूट दे रखी है। ए आई डी वाई ओ के संयोजक सिंटू कुमार यादव ने कहा देश की गरीब जनता प्रवासी मजदूर ट्रेन में जान को हथेली पर रखकर यात्रा करने पर मजबूर हैं। संगठन एक कमेटी के प्रभारी सौरभ कुमार दास ने कहा रेलवे में लाखों लाख रिक्त पद की बहाली ना कर सरकार बेरोजगार युवाओं की फौज खड़ी कर रही है। सभा में दीपक कुमार दास, राजेश लहरी, आनंद कुमार, अमन कुमार, प्रताप कुमार, शिवम कुमार आदि उपस्थित थे।

## बालू तस्करी की सूचना पर छापेमारी करने गई पुलिस पर हमला, थानाध्यक्ष घायल, तीन गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/बरहट। थानान्तर्गत गुगुलडीह इलाके (गिद्धौर और बरहट का सीमावर्ती इलाका) में बालू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करने गई पुलिस टीम पर स्थानीय बालू माफियाओं एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा हमला किये जाने एवं मारपीट करने की सूचना प्राप्त हुई थी। बालू माफियाओं के विरुद्ध की कार्रवाई में पंकज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक, गिद्धौर थाना एवं 3 सिपाही घायल हुए हैं। घटना की जानकारी के बाद सदर एसडीपीओ सतीश सुमन और एसडीओ अभय तिवारी अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और पूरे इलाके का मुआयना करते हुए पूरे मामले की जांच में जुट गए हैं। सूचना पर तत्क्षण कार्रवाई करते हुए बरहट थानाध्यक्ष द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। सभी घायलों को बेहतर इलाज हेतु गिद्धौर एवं सदर अस्पताल ले जाया गया है। घटनास्थल पर यथेष्ट सतर्कता एवं नियंत्रात्मक कार्रवाई हेतु अतिरिक्त बल के साथ की गई छापामारी में कुल 3 लोगों को हिरासत में लिया गया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल से एक ट्रैक्टर एवं एक बाइक को जब्त किया गया है। जमुई पुलिस की बालू माफियाओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत विधिसम्मत कार्रवाई अनवरत जारी है। मामले को लेकर एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि प्रस्तुत घटना में संलिप्त सभी बालू माफियाओं की शिनाख्त की जा चुकी है एवं पुलिस द्वारा इनकी गिरफ्तारी/कुर्की हेतु ठोस कार्रवाई की जा रही है।

### जमीन विवाद में एक व्यक्ति के साथ कि गई मारपीट

जमुई [ झाझा ] जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति के साथ गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। मामला थानाक्षेत्र के बलियाडीह गांव की है। घायल व्यक्ति की पहचान फुकर अंसारी के रूप में हुई है। इधर घायल अवस्था में गिरे पड़े व्यक्ति को उसके परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया जहां उसका इलाज किया गया।

## +2 उच्च विद्यालय धोबघट का झाझा विधायक दामोदर रावत ने किया औचक निरीक्षण

### कहा विद्यालय बच्चों में शिक्षा से जुड़े बेहतर संस्कार गढ़ने का प्रयास करें शिक्षक



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। गुरूवार को प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय धोबघट गिद्धौर का निरीक्षण झाझा विधानसभा के विधायक दामोदर रावत द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक दामोदर रावत ने विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमार किशलय से स्कूल की विधि व्यवस्था से संबंधित वस्तु स्थिति की जानकारी ली व विद्यालय के विधिवत संचालन सहित स्वच्छता, पेयजल,शौचालय, बिजली आदि की व्यवस्था का मुआयना किया व व्यवस्था पर संतोष जताया।वही उन्होंने विद्यालय में बेहतर शिक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिये विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमार किशलय को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।वहीं निरीक्षण के दौरान विधायक दामोदर रावत ने विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं को संस्कारित शिक्षा देने की शिक्षक शिक्षिकाओं से बात कही गयी। उन्होंने कहा कि सरकार का शिक्षा विभाग लाखों रुपये शिक्षा पर खर्च कर रही है आप अपनी भी समस्याओं को विभाग के समक्ष रखें ताकि उनका भी निराकरण किया जा सके। इस मौके पर निरीक्षण के क्रम में छात्रों की उपस्थिति में बढ़ोतरी को लेकर अभिभावकों को जागरूक करने की बात विद्यालय प्रभारी से कही गयी।इस मौके जदयू नेता दिनेश मंडल,कृष्णा रावत आदि मौजूद थे।

# सूर्य मंदिर कमिटी की नयी कार्यकारिणी का हुआ गठन

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। बुधवार को सूर्य मंदिर कमिटी रक्सौल की विशेष बैठक थाना परिसर में पदेन अध्यक्ष स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के सूर्य मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण के जिम्मा से विमुख होने पर पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नयी कार्यकारिणी का गठन एसडीएम, एसडीपीओ एवं थानाध्यक्ष रक्सौल की उपस्थिति के बीच सर्वसम्मति से हुआ। बैठक में धार्मिक आस्था व पर्यटकीय आकर्षण का केन्द्र रक्सौल का धरोहर सूर्य मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के कई प्रस्तावों पर चर्चा हुई। नयी कार्यकारिणी में पदेन अध्यक्ष स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, संरक्षक मंडल में एसडीएम शिवाक्षी दीक्षित, एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार , थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा एवं रिपूराज मिल के निदेशक रामेश्वर प्रसाद गुप्ता को स्थान मिला। वहीं विधायक ने सचिव पद पर शम्भु प्रसाद चौरसिया, गणेश धनोठिया को कोषाध्यक्ष, कार्यालय सचिव ई.रामदास प्रसाद एवं मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी के नाम को प्रस्तावित किया, जिसे बैठक में उपस्थित सभी लोगों से ध्वनि मत से अनुमोदित किया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक श्री सिन्हा ने नयी कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए इस बात को रेखांकित किया कि अब इस महती जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा एवं सफलतापूर्वक निर्वहन करने के मद्देनजर जनभावनाओं का समुचित ख्याल रखा जाना चाहिए, क्योंकि यह मंदिर जनमानस के आस्था में रचा-बसा हुआ है। उन्होंने यह भी भरोसा जताया कि शहर के इस धरोहर की बुनियाद दरकने न पाये इसके लिए नयी कार्यकारिणी सतत सचेष्ट रहेगी तथा रिपूराज मिल के निदेशक रामेश्वर गुप्ता से समन्वय बना दीर्घकालिक योजना बनाकर इसके जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के कार्य को द्रुत गति से धरातल प्रदान करने तथा धार्मिक आस्था एवं पर्यटकीय आकर्षण का केन्द्र बनाने के लिए कटिबद्ध रहेगी। गौरतलब है कि विधायक की अनुशंसा पर बैठक में उपस्थित रिपूराज मिल के निदेशक रामेश्वर गुप्ता ने घोषणा की सूर्य मंदिर के जीर्णोद्धार एवं इसके सौंदर्यीकरण में लगने वाली सम्पूर्ण राशि का खर्च का वहन रिपूराज मिल करेगा। वहीं बैठक में मंदिर परिसर में अवस्थित सभी शेड दूकानदारों को माह सितम्बर 2024 तक के किराया का भुगतान पुराने दर से करने तथा पहली अक्टूबर से नये अनुबंध एवं सर्वसम्मति द्वारा निर्धारित दर से किराया की राशि भुगतान करने के पारित प्रस्ताव के आधार पर करने को निर्देशित किया गया। इस मौके पर स्थानीय विधायक, एसडीएम , एसडीओपी , थानाध्यक्ष एवं रामेश्वर गुप्ता समेत कमिटी के सभी सदस्यों ने मंदिर परिसर का मुआयना किया। वहीं मंदिर के सौदर्यीकरण के लिए आर्किटेक्ट जीवेश नंदन ने सूर्य मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद के स्वरूप का प्रारूप दिखाया। इस मौके पर कमिटी के मीडिया प्रतिनिधि के रूप में विजय कुमार गिरि, मोहन सिंह प्रभाकर, मनोज कुमार गुप्ता, नवीन कुमार सिंह का नाम शामिल किया गया। वहीं सदस्य के रूप में भरत प्रसाद गुप्ता, आनंद रूँगटा, ई.जीतेन्द्र कुमार, राजकिशोर राय उर्फ भगतजी, पन्नालाल प्रसाद, कन्हैया सर्राफ, राजू कुमार गुप्ता, राकेश कुशवाहा, आलोक कुमार श्रीवास्तव, राकेश कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार, विनोद कुमार गुप्ता रिपूसूदन गुप्ता,.संजय कुमार गुप्ता, पवन किशोर कुशवाहा, दीपक कुमार गुप्ता, विमल रूँगटा, पंकज वर्णवाल, अनिल कुमार ,मृत्युंजय सिंह एवं कमलेश कुमार का नाम शामिल किया गया। इसकी जानकारी कमिटी के मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।

# बरियारपुर प्रखंड के हरिणमार पंचायत में विशेष शिविर का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के निर्देश पर गुरुवार को बरियारपुर प्रखंड के हरिणमार पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगा कर स्थानीय ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हो उनके आवेदन पर सुनवाई की गयी।इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। विगत 27 अगस्त को जिलाधिकारी द्वारा हरिण मार पंचायत का औचक निरीक्षण किया गया था, जहां उन्होंने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए, स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं से भी रूबरू हुए थे। ग्रामीणों ने बताया कि सुदूर ग्रामीण इलाका होने के कारण यहां कोई पदाधिकारी निरीक्षण में नहीं आते हैं। किसी भी योजना संबंधी कार्य अथवा लाभ के लिए आवेदन देने के लिए प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता है, जिससे हम लोगों को काफी परेशानी होती है। इस बात पर जिलाधिकारी ने सभी ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रत्येक माह में दो बार शिविर लगाकर आप के आवेदन पर सुनवाई करते हुए संबंधित योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए ही आज हरिणमार पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड पंजीयन, वृद्धा, विधवा, दिव्यांगजन पेंशन सहित अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए हैं, जहां ग्रामीणों के आवेदन की जांच कर उचित कार्रवाई कर योजनाओं का लाभ दिया गया है। वहीं विभिन्न विभागों से संबंधित सैकड़ों आवेदन भी प्राप्त किए गए, जिन पर जांचोपरांत करवाई कर उचित लाभ दिया जाएगा। पंचायत में स्वास्थ सुविधा के लिए दूर जाने के ग्रामीणों की मांग पर बिंदा दियारा स्थित पंचायत सरकार भवन में ही सप्ताह में तत्काल तीन दिन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का संचालन किया जाएगा तथा प्रत्येक दिन स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्थाई हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही आधार कार्ड पंजीयन तथा निर्माण, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र निर्माण के लिए भी अब उन्हें प्रखंड मुख्यालय न जा कर पंचायत सरकार भवन में ही आवेदन जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को दो डाटा एंट्री ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया। इसके अलावा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीकरण के लिए स्थानीय स्तर के ही शपथ प्रमाण पत्र का ऑन द स्पॉट वेरिफिकेशन किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय आने जाने में होने वाली परेशानी एवं अतिरिक्त व्यय से भी मुक्ति मिलेगी। वहीं पशुओं को होने वाली बीमारी से बचाव के लिए सप्ताह में एक दिन चलंत पशु चिकित्सालय की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जिससे ग्रामीणों को उसका भी लाभ मिल सके। साथ ही किसान चौपाल की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

सम्पादकीय

# कलम पकड़ने वाले हाथ में पिस्टल ! आसार अच्छे नहीं

ब्रह्मानन्द ठाकुर

जमाना बड़ी तेजी से बदला है। अब छोटी उम्र के बच्चे कलम पकड़ने की जगह रिवाल्वर थामने लगे हैं।सिर्फ थामते ही नहीं ,गोलियां भी चल जातीं हैं। एक हमारा जमाना था।स्कूल परिसर में पांव धरते ही सारी अकड़ छू मंतर हो जाती थी। एक आज का जमाना है। अपने परिवार और समाज में दब्बु माने जाने वाले बच्चे भी स्कूल में कदम रखते ही शेर बन जाते हैं।उपर से बिल्कुल शांत और अंदर से खौलती किशोरावस्था आगे क्या रंग दिखाएगी ,कहना मुश्किल है। इस सम्बंध मे जुलाई और सितम्बर महीने में घटी दो घटनाएं विचलित करने वाली है। पहली घटना बीते 31 जुलाई को सुपौल के एक प्राइवेट स्कूल में घटी। 9 साल का एक बच्चा अपने पिता का लोडेड पिस्टल स्कूल बैग में रख स्कूल पहुंच गया। कहते हैं कि उसका पिता उसी स्कूल में गार्ड का काम करता है। सामूहिक प्रार्थना के बाद कक्षा में जाते हुए उस बच्चे ने अपने स्कूल बैग से पिस्टल निकाली। इसी क्रम में अचानक फायर हो गया। गनीमत रही कि गोली तीसरी कक्षा के एक छात्र के हाथ में लग गई। फिर मामला पुलिस के जिम्मे।जांच , कार्रवाई वगैरह - वगैरह। दूसरी घटना बीते 10 सितंबर को मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थानांतर्गत महमदपुर कंठ स्थित मेंटर कोचिंग क्लासेज नामक कोचिंग सेंटर की है। उस कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाला एक छात्र अपने घर से लोडेड पिस्टल लेकर कोचिंग पहुंचा था। अपने एक साथी पर धौंस जमाने के लिए वह रिवाल्वर का प्रदर्शन करने लगा कि गोली चल गई । गोली उसी कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाली एक छात्रा को लग गई। दोनों एक ही गांव के बताए जाते हैं। कोचिंग संचालक द्वारा घायल छात्रा को तत्काल एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने गोली निकाल दी।छात्रा इलाजरत है। गोली चलाने वाले छात्र के पिता अवैध शराब के धंधेबाज बताए जा रहे हैं। इस मामले में भी पुलिस की कार्रवाई जारी है। ऐसी घटनाएं समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इसकी जड़ें हमें वर्तमान सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था में तलाशनी होगी।बदलते दौर में शिक्षा का उद्देश्य भी बदला है।बदलाव प्रकृति का शाश्वत नियम है लेकिन इसकी दिशा सकारात्मक होनी चाहिए।पहले शिक्षा का उद्देश्य था ----सा विद्या या विमुक्तये। मतलब शिक्षा का उद्देश्य हर तरह के कुविचार , अंधविश्वास ,नैतिक और चारित्रिक पतन से मुक्ति के साथ - साथ समाज को हर तरह के शोषण , अन्याय , अत्याचार से मुक्ति दिलाना था। सांस्कृतिक और नैतिक रूप से सबल ऐसा नागरिक पैदा करना था जो बिना हिचकिचाहट के बहुजन हिताय अपने आप को समर्पित कर दें। आज शिक्षा का उद्देश्य है--- सा विद्या या नियुक्तये। वैसी शिक्षा जो हमें रोजगार दे सके। अब रोजी - रोजगार,नौकरी के अवसर इस मरनासन्न पूंजीवादी व्यवस्था में पहले की तरह रहा नहीं।इसके लिए सर्वत्र गला काट प्रतियोगिता चल रही है। पढ़ें -लिखे ,ऊंची डिग्रीधारी नौजवान मारे -मारे फिर रहे हैं।यही कारण है कि शिक्षा और शिक्षक के प्रति आम लोगों में सम्मान भाव का अभाव हो गया है। नई पीढ़ी उच्छृंखल होती जा रही हैं। उनकी यह उच्छृंखलता शिक्षण संस्थानों सहित समाज में हर जगह देखी जाने लगी है। बच्चों के माता-पिता और अभिभावक खुद और परिवार के भरण -पोषण हेतु अर्थोपार्जन में इतने व्यस्त हैं कि वे अपने बच्चों पर ध्यान ही नहीं दे पा रहे हैं। सच ही है ,जिस आदमी को पेट की फि क्र करने से ही फुर्सत न मिले , वह अपने बच्चों की तिलीभ की तरफ क्या खाक ध्यान देगा ?

# बिहार में नदियों पर बैराज बनाने के विरोध में उठते स्वर

कुमार कृष्णन

हम अपनी जीवनदायिनी नदियों का शोषण खतरनाक स्तर तक कर चुके हैं। हमारी नदियां अपना मूल रूप खो चुकी हैं और बुरी तरह से अस्त-व्यस्त दशा में हैं। सिंचाई और हाइड्रोपावर के लिए बांध बने हैं, पानी को मनचाही दिशा में ले जाने के लिए बैराज बनाए गए हैं। फरक्का बराज के दुष्परिणाम को हम सभी देख चुके हैं फिर भी सरकारें चेत नहीं रही है और लगातार नये नये बांध और बराज बनाने का काम चालू है। भारत में विश्वबैंक की मदद से बड़े बांधों, बराजों द्वारा उपजाऊ धरती, जंगल सहित जैव विविधता से भरी प्रकृति और नदी से जुड़ी संस्कृति को स्वाहा कर विकास का यज्ञ चलाया जा रहा है।

गंगा मुक्ति आंदोलन के प्रमुख अनिल प्रकाश ने बिहार की नदियों पर बराजों के निर्माण पर आपत्ति जतायी है और कहा है कि ह्लबिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सात नदियों पर बराज बनाने की हड़बडी करने से पहले गंगा पर बने फरक्का बराज से उत्पन्न विनाशकारी बाढ़, कटाव, जल जमाव, भूमि के उसर होने, मछलियों के अकाल आदि भीषण स्थितियों का वैज्ञानिक आंकलन अवश्य करा लेना चाहिए। ह्लसरकार के बिहार की नदियों पर बराज बनाने के फैसले के विरोध में व्यापक आंदोलन की तैयारी आरंभ हो गयी है। इस फैसले के विरोध में बिहार, बंगाल और उत्तरप्रदेश में प्रथम चरण में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। इसके उपरांत साथी संगठनों की बैठक कर आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी। अब तो मुजफ्फरपुर यानी तिरहुत में नारा गूंजने लगा हैह्व बागमती की धारा पर तटबंध बनाने आये हो, विश्वबैंक से कर्जा उठाकर हमें डुबाने आये हो। ह्व दरअसल नेपाल में होने वाली बारिश से बिहार में होने वाली तबाही को रोकने के लिए बिहार सरकार ने चार बराज बनाने का निर्णय लिया है। बिहार के जल संसाधन विभाग के मंत्री विजय चौधरी के अनुसार नेपाल में हाई डैम बनाने का प्रस्ताव कई सालों से है, लेकिन वहां फिलहाल हाई डैम बनने की उम्मीद नहीं दिख रही है। नेपाल में हाई डैम का मामला इसलिए अटका पड़ा है कि वहां कोई भी जल संधि तभी लागू की जाएगी जब तक कि वहां की संसद इसे दो तिहाई बहुमत से पारित न कर दे। नेपाल की संसद के इस पेंच के कारण बिहार सरकार को बराज बनाने का फैसला लेना पड़ा। इस फैसले के तहत नेपाल से आने वाली चार नदियों में चार जगह पर बराज बनाए जाएंगे। यह बराज कोसी नदी पर डगमारा में, गंडक नदी पर अरेराज में, महानंदा नदी पर मसान में और बागमती नदी पर डिंग में बनाए जाएंगे। डीपीआर तैयार किया जा रहा है। बाढ़ नियंत्रण को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ी राशि दी है और लोग सोच रहे हैं कि नेपाल से आने वाले बाढ़ के पानी से जो नुकसान होता है उसे रोकने के लिए इन चार जगह पर बड़े बराज बनाये जा रहे हैं, जिससे कि बाढ़ के पानी को नियंत्रित किया जा सकता है। इसके लिए विश्व बैंक से 4400 करोड़ रुपये की सहायता ली जा रही है। यह डीपीआर मार्च 2025 तक पूरा हो जाएगा।

नेपाल सरकार से भारत सरकार की कई बार हाई डैम बनाने को लेकर बातचीत हुई है। वर्ष 2004 में वहां संयुक्त रूप से विराटनगर में कार्यालय भी खोले गए हैं, लेकिन जहां भी सर्वे होता है लोग हंगामा करने लगते हैं। यही कारण है कि नेपाल में हाई डैम बनाना मुश्किल हो रहा है। इस स्थिति में बिहार सरकार ने अब बिहार में ही नेपाल से आने वाली चार नदियों पर बराज बनाने का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार ने हाल ही में बिहार के लिए प्रत्येक वर्ष आने वाली बाढ़ से संबंधित आपदाओं से निपटने के लिए 11, 500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल में भारत ने नेपाल में कोसी, बागमती और कमला नदी पर उच्च-स्तरीय बांध बनाने और संबंधित डीपीआर तैयार करने के लिए 2004 में विराटनगर (नेपाल) में एक संयुक्त परियोजना कार्यालय स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की थी। इस मामले का एक दूसरा पहलू भी है, विशेषज्ञों का मानना है कि बिहार की बाढ़ को लेकर एक वैज्ञानिक ढंग से व्यापक अध्ययन की आवश्यकता है उसके बाद नदी जोड़ योजना का काम हो या फिर बराज बनाने का काम हो। विकास योजनाएं बनाते समय उसके सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय दुष्परिणामों को नजरअंदाज करने का क्या नतीजा हो सकता है, इसे समझने के लिए फरक्का बैराज को एक मॉडल के रूप में देखा जाना चाहिए। फरक्का बैराज 1975 में बनकर तैयार हुआ। मकसद था कि इसके जरिए 40 हजार क्यूसेक पानी का रुख बदल दिया जाये, ताकि कोलकोता बंदरगाह बाढ़ से बच सके। यह अनुमान करते समय नदी में आने वाले तलछट का अनुमान नहीं किया गया। परिणामस्वरूप, आवश्यकतानुसार पानी का रुख नहीं बदला जा सका। दुष्परिणाम आज सामने है। बैराज का जलाशय तलछट से ऊपर तक भरा है।

# बच्चों के अस्तित्व पर स्वच्छ भारत मिशन का प्रभाव

**यह मिशन अगले महीने गांधी जयंती पर अपनी 10वीं वर्षगांठ मनाएगा। एसबीएम के एक दशक की अवधि में हमें अभूतपूर्व लाभ हुए हैं- स्वच्छ पर्यावरण, महिलाओं की गरिमा एवं सुरक्षा, जीवनयापन में आसानी, घरेलू बचत और हमारी परंपरा के अनुरूप स्वच्छता की संस्कृति से हम समृद्ध हुए हैं। अब हम सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और जीवन बचाने में एसबीएम की एक मजबूत छाप भी देख रहे हैं। इस नेक मिशन की सफलता वास्तव में हर भारतीय के लिए गर्व की बात है।**






**डॉ. विनोद के. पॉल**
**लेखक: नीति आयोग के सदस्य**

स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक बुनियादी उपाय है। स्वच्छता से डायरिया, हैजा, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, कृमि संक्रमण एवं मलाशय संबंधी रोग जैसी जल-जनित बीमारियों के साथ-साथ कुपोषण का खतरा कम हो जाता है। वर्ष 2012 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया था कि स्वच्छता में निवेश किए गए प्रत्येक अमेरिकी डॉलर के एवज में स्वास्थ्य संबंधी लागत में कमी, अधिक उत्पादकता और असामयिक मौतों में कमी के रूप में 5.5 अमेरिकी डॉलर के बराबर का लाभ मिलता है।

भारत में स्वच्छता का इतिहास बहुत पुराना है और इसकी शुरूआत उस सिंधु घाटी सभ्यता से होती है, जहां शौचालय निर्माण एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग किया जाता था। हमारे शास्त्रों में कहा गया है, स्वच्छे देहे स्वच्छचित्तं, स्वच्छचित्ते स्वच्छज्ञानम- यानी स्वच्छ शरीर में शुद्ध मन का निवास होता है और शुद्ध मन में सच्चे ज्ञान का निवास होता है।

इस समृद्ध विरासत के बावजूद, व्यापक स्वच्छता की दिशा में भारत की यात्रा चुनौतियों से भरी रही है। वर्ष 1981 की जनगणना के समय तक, मात्र एक प्रतिशत ग्रामीण घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध थी। इस हकीकत ने भारत सरकार द्वारा विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों- केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम, संपूर्ण स्वच्छता अभियान और निर्मल भारत अभियान- के शुभारंभ का मार्ग प्रशस्त किया। इन सभी कार्यक्रमों की सहायता से ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता कवरेज 39 प्रतिशत तक पहुंच गया।

दुनिया भर में होने वाले खुले में शौच का लगभग 60 प्रतिशत बोझ भारत पर था। यहां 50 करोड़ से अधिक लोग खुले में शौच करते थे। हमारी महिलाओं के सामने अंधेरे में अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने और अपनी गरिमा एवं सुरक्षा बनाए रखने की दुविधा थी। इसी पृष्ठभूमि में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पांच वर्षों में ग्रामीण भारत को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाने के लक्ष्य के साथ 2014 में स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की शुरूआत की थी। भारत ने 2 अक्टूबर 2019 को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन पांच महत्वपूर्ण वर्षों के दौरान, ग्रामीण स्वच्छता कवरेज बढ़कर शत-प्रतिशत हो गया।

इस मिशन के तहत, 2014 से 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के सार्वजनिक निवेश के साथ 11.7 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। यह महज परिसंपत्ति निर्माण की एक कवायद भर नहीं थी, बल्कि यह एक ऐसा राष्ट्रव्यापी आंदोलन था जिसने व्यवहार में परिवर्तन से संबंधित एक ठोस क्रांति के साथ बुनियादी ढांचे के विकास को मिलाकर एक अरब से अधिक लोगों को प्रेरित किया। इसकी पहचान एक जन आंदोलन के तौर पर थी और यह शायद व्यवहार में परिवर्तन से संबंधित दुनिया की सबसे बड़ी कवायद थी। बच्चों, महिलाओं, पुरुषों, समुदाय के नेताओं, नागरिक समाज और सरकारी मशीनरी ने एकजुट होकर काम किया। स्वच्छता से जुड़े संदेश हर माध्यम से लोगों तक पहुंचे। मशहूर हस्तियों ने इस सामूहिक सुर में सुर मिलाया। ग्राम-स्तर के स्वयंसेवक (स्वच्छाग्रही) जमीनी स्तर पर परिवर्तन के चैंपियन बन गए। प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों, बैठकों, मन-की-बात में किए जाने वाले वातार्लापों और स्थानों एवं परिसरों की सफाई के आदर्श कार्यों के माध्यम से देश का नेतृत्व किया और लोगों को प्रेरित किया।

एसबीएम चरण-ककी सफलता के बाद, चरण-॥ की शुरूआत की गई। इस चरण का उद्देश्य ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, परिदृश्य स्वच्छता और समग्र ग्रामीण स्वच्छता के व्यापक पहलुओं का समाधान करते हुए ओडीएफ संबंधी उपलब्धियों को बनाए रखना है। वर्ष 2024-25 तक, सभी गांवों को स्थायी तौर-तरीकों और बेहतर स्वच्छता की विशेषता से लैस ओडीएफ प्लस मॉडल में बदलने का लक्ष्य है। इस मिशन का अगला लक्ष्य संपूर्ण स्वच्छता है- जिसके लिए देश के प्रत्येक नागरिक, समुदाय और संस्थान की ओर से निरंतर समर्पण की आवश्यकता होगी।

शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका नेचर में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन सार्वजनिक स्वास्थ्य पर एसबीएम के व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है, खासकर शिशु मृत्यु दर को कम करने के मामले में। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण और शिशु मृत्यु दर शीर्षक वाले इस अध्ययन में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) के रुझानों से संबंधित 10 वर्षों की अवधि (2011-20) में 35 भारतीय राज्यों और 640 जिलों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। लेखकों ने शौचालय की बढ़ती सुलभता और बाल मृत्यु दर में गिरावट के बीच एक मजबूत संबंध का दस्तावेजीकरण किया है। इस अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि एसबीएम के बाद जिला स्तर पर शौचालयों की सुलभता में प्रत्येक 10 प्रतिशत अंक की वृद्धि से जिला स्तर पर आईएमआर में 0.9 अंक और यूएमआर में औसतन 1.1 अंक की कमी आई है। एक सीमा प्रभाव का भी सबूत है, जिसमें जिला स्तर पर 30 प्रतिशत (और उससे अधिक) का शौचालय कवरेज आईएमआर में 5.3 अंक और प्रति हजार जीवित जन्मों पर यू5एमआर में 6.8 अंक की कमी के समतुल्य है। लेखकों का अनुमान है कि एसबीएम के कारण बड़े पैमाने पर शौचालय की सुलभता ने सालाना 60,000- 70,000 शिशु मृत्यु को रोकने में योगदान दिया है।

हालांकि, यहां इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि यह मात्र प्रभाव संबंधी अध्ययन भर नहीं है, जो एसबीएम की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डालता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (2018) के अनुसार, 2014 और 2019 के बीच डायरिया से होने वाली 3,00,000 से अधिक मौतों को रोकने में एसबीएम की अहम भूमिका रही है। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (2017) ने बताया कि गैर-ओडीएफ गांवों की तुलना में ओडीएफ वाले इलाकों के बच्चों में वेस्टिंग के मामले 37 प्रतिशत कम थे, जो इस बात की पुष्टि करती है कि स्वच्छता कैसे बचपन के पोषण पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। ओडीएफ गांवों के बच्चों में डायरिया के मामले लगभग एक तिहाई कम थे। वर्ष 2017 में एक अध्ययन में, यूनिसेफ ने अनुमान लगाया कि 93 प्रतिशत महिलाएं घर में शौचालय उपलब्ध होने के बाद सुरक्षित महसूस करती हैं, जो महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा को बढ़ाने में एसबीएम की भूमिका को दशार्ता है। इसके अतिरिक्त, इस अध्ययन में किए गए आर्थिक विश्लेषण से पता चला कि ओडीएफ गांवों में प्रत्येक परिवार ने स्वास्थ्य संबंधी देखभाल की अपेक्षाकृत कम लागत और बचाए गए जीवन के आर्थिक मूल्य एवं समय की बचत की दृष्टि से सालाना लगभग 50,000 रुपये की बचत की।

स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बीच के संबंध को देखते हुए, एसबीएम से हासिल हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी लाभ अपरिहार्य हैं। हाल के अध्ययन से हमें जो जानकारी मिली है, वह शौचालय की सुलभता के कारण बच्चों के जीवित रहने की संभावनाओं में सुधार का एक ठोस परिमाण है। राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता से संबंधित बदलाव निश्चित रूप से वयस्कों में जल-जनित संक्रमण को कम करने के साथ-साथ संभवतः रोगाणुरोधी प्रतिरोध के बोझ को भी कम करने में प्रभाव डालेगा। इसका बचपन में स्टंटिंग एवं विकास पर भी निरंतर प्रभाव माना जाता है। आईसीएमआर और शिक्षा जगत को एसबीएम के इन आयामों पर वस्तुनिष्ठ अध्ययन करना चाहिए।

स्वच्छ भारत मिशन इस बात का एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि समर्पण, सहयोग, योजना, शानदार कार्यान्वयन और निरंतर जन आंदोलन के जरिए क्या कुछ हासिल किया जा सकता है। एसबीएम के 4पी वाले मंत्र- राजनीतिक इच्छाशक्ति, सार्वजनिक वित्त, साझेदारी और जनभागीदारी- के साथ-साथ अनुनय, इस कार्यक्रम की सफलता एवं प्रसार में सहायक रहे हैं। यह रणनीतिक पैकेज देश में और विदेश में अन्य सामाजिक परिवर्तन मिशनों के लिए एक मॉडल है।

अब जबकि हम विकसित भारत @2047 की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, हमें स्वच्छता और साफ-सफाई के मामले में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश के रूप में उभरने की जरूरत है। व्यवहार में बदलाव को बनाए रखने, निर्मित शौचालयों का निरंतर उपयोग सुनिश्चित करने और अपशिष्ट प्रबंधन के उन्नत उपायों को समन्वित करने की प्रतिबद्धता अटल रहनी चाहिए। स्वच्छता एक ऐसा साझा मूल्य बनना चाहिए, जिसके स्वामित्व और पालन की जिम्मेदारी हम सभी को उठानी चाहिए।

# विदेशी धरती पर भारत की गरिमा को धूमिल करते राहुल गांधी

**बेशक यह उनके द्वारा अपने ऊपर चढ़े हुए एहसानों को उतारने की एक प्रक्रिया भर ही है। लेकिन फिर भी उनकी जुबान से निकले हुए सत्य को नकारा नहीं जा सकता। यह सत्य ही है कि जो राहुल गांधी इस वक्त विदेशी दौरे पर हैं वह पप्पू तो नहीं हैं। क्योंकि पप्पू भारतीय समाज में उस सरल सहज और बाल सुलभ बुद्धि के बच्चे को कहा जाता है, जो पानी से पप्पा और रोटी से अट्टा ही कह पाता है। लेकिन राहुल गांधी तो ऐसे नहीं हैं!**





**डॉ. राघवेन्द्रा शर्मा**
**लेखक: मध्यप्रदेश भाजपा कार्यालय मंत्री**

ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष और राहुल गांधी के नजदीकी सहयोगी सैम पित्रोदा ने दावा किया है कि राहुल गांधी पप्पू नहीं है। उल्लेखनीय है कि सैम पित्रोदा अमेरिका के टेक्सास शहर में भारतीय मूल के छात्रों के समक्ष राहुल गांधी का परिचय प्रस्तुत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उच्च शिक्षित, पढ़े लिखे और किसी भी विषय पर गहन सोच रखने वाले रणनीतिकार हैं। राहुल गांधी उच्च शिक्षित, पढ़े-लिखे और रणनीतिकार हैं, इस विषय पर भी बात कर लेंगे। फिलहाल शुरूआत इस सवाल से करते हैं कि राहुल गांधी पप्पू हैं अथवा नहीं। बेशक इस मुद्दे पर सैम पित्रोदा के साथ हमारी वैचारिक सहमति है कि जिस राहुल गांधी का परिचय सैम पित्रोदा टैक्सास के छात्रों से करा रहे थे, वह पप्पू कतई नहीं हैं। सहमति यह कि जो राहुल गांधी अमेरिका के टेक्सास में छात्रों से रूबरू कराए जा रहे थे वे पप्पू तो बिल्कुल नहीं है और उन्हें पप्पू कहा जाना भी नहीं चाहिए। क्योंकि जो उन्हें पप्पू कहता है, दरअसल वह राहुल गांधी की अनेक खूबियों के साथ एक पक्षीय अन्याय कर बैठता है।

मसलन राहुल गांधी पप्पू हैं ही नहीं, बल्कि वे राजनीति के एक ऐसे मंझे हुए खिलाड़ी हैं, जो समयानुकूल रणनीति को अपनाते हुए सिर्फ इस बात को ध्यान में रखते हैं कि येन केन प्रकारेण आम आदमी के बीच अपना सियासी उल्लू सीधा होना चाहिए। फिर भले ही ऐसा करने से भारत की छवि वैश्विक स्तर पर धूमिल ही क्यों ना करनी पड़ जाए। जैसा कि अक्सर होता रहता है, राहुल गांधी जब कभी भी विदेश यात्रा पर जाते हैं तब भारतीय गरिमा और उसके दैदीप्यमान आभामंडल को धूल-धुसरित करना नहीं भूलते। इस बार भी राहुल गांधी जब चार दिवसीय अमेरिकी यात्रा पर गए तो हमेशा की तरह इस बार भी अपने कर्तव्यों की इति श्री करना नहीं भूले। विदेशी धरती पर उन्होंने बड़ी बेबाकी के साथ कहा कि भारत में रोजगार की समस्या है। जबकि चीन में निश्चित रूप से रोजगार की समस्या नहीं है। इसके अलावा वर्जीनिया के हर्नडान में कह बैठे कि भारत में सिखों की धार्मिक स्वतंत्रता पर सवालिया निशान हैं। इस बात को लेकर लड़ाई है कि सिखों को पगड़ी, कड़ा आदि पहनने और गुरुद्वारा जाने की इजाजत दी जाएगी या नहीं? साथ में यह भी कह दिया कि यह समस्या भारत में केवल सिखों के लिए ही नहीं, सभी धर्मों के लिए मुंह बाए खड़ी हुई है।

बड़ा आश्चर्य होता है राहुल गांधी के इस बयान को सुनकर कि भारत में सिखों को उनकी धार्मिक अभिव्यक्तियों को व्यक्त करने पर भी सवालिया निशान अंकित हैं। यह बात भी वह राहुल गांधी कह रहे हैं जिनकी दादी की उन्हीं के अंगरक्षकों द्वारा हत्या कर दिए जाने पर कांग्रेस भारत भर के सिखों के खून की प्यासी हो गई थी। वह राहुल गांधी, जिनके पिता ने सिखों के सामूहिक नरसंहार पर यह कहा था कि जब कोई बड़ा बरगद का वृक्ष गिरता है तो धरती थोड़ी बहुत हिलती ही है। जबकि मुझे लिखते हुए बेहद संतोष होता है की तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हो अथवा भारतीय जनता पार्टी, हम सब उन बेहद प्रतिकूल हालातों के बीच भी सिखों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हुए थे, आज भी खड़े हुए हैं और आगे भी खड़े रहेंगे।

यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी ने भारत विरोधी मानसिकताओं को प्रोत्साहित करते हुए और भारत की नकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत करने वाले बयान विदेशी मंचों पर दिये हों। एक बार तो वे भारत के आंतरिक मामलों में अमेरिका से दखल करने की गुजारिश भी कर चुके हैं। हद तो यह हो गई कि इस बार राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा पर ठीक उसी प्रकार के आरोप लगाए जैसे अनेक भारत विरोधी संगठन लंबे अरसे से इन दोनों राष्ट्रभक्त संगठनों के बारे में गाल बजाते रहे हैं। जैसे - राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस महिलाओं को घर पर और एक खास भूमिका तक सीमित रखना चाहती है। स्पष्ट करना उचित रहेगा कि इस तरह के शातिराना बयान देने वाले व्यक्ति को पप्पू तो कतई नहीं माना जा सकता। राहुल गांधी का यह गुण तो ऐसी उच्च कोटि का है जिसे ध्यान में रखते हुए उन्हें घर का भेदी ही कहा जा सकता है। वह घर का भेदी जो विदेश की धरती पर अपने ही देश के बारे में नकारात्मक बातें करता हो और चीन जैसे शत्रु देश की तारीफ करने का एक भी अवसर हाथ से जाने देना नहीं चाहता हो। निसंकोच लिखा जा सकता है कि वैश्विक स्तर पर जितने भी देश के नेता विदेश यात्राओं पर जाते हैं, तब वह अपने घरेलू मामलों को बाहरी नेताओं अथवा मीडिया के सामने नहीं रखते। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केवल उन्हीं मसलों को रखा जाता है, जिन्हें उठाने पर या तो हमारे देश को नुकसान पहुंचाने वाली शक्तियां आहत होती हों अथवा जिन मसलों को उठाए जाने पर हमारे देश को किसी भी प्रकार का लाभ अर्जित होता हो। यहां इस बात का उल्लेख करना उचित रहेगा कि भारत में लंबे समय तक कांग्रेस का ही शासन बना रहा। जाहिर है आज जिसे भाजपा कहा जाता है, कल वह भारतीय जनसंघ हुआ करती थी। तब और अब, जब कभी भी उक्त दल के नेता पक्ष अथवा विपक्ष में रहते हुए विदेश यात्राओं पर गए, तब तब उन्होंने भारत के अंदरूनी मामलों का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जिक्र तक नहीं किया।

तब भी जबकि 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने संविधान की हत्या करते हुए देश पर जबरन आपातकाल थोप दिया था और विरोधी दल के नेता चुन चुन कर जेलों में ठूंसे जा रहे थे। लेकिन वाह रे राहुल गांधीजी, यह जब कभी भी विदेश जाते हैं तो संभवत लिखकर ले जाते हैं कि इस बार भारतीय अस्मिता और उसकी गरिमा को किस प्रकार तार तार करना उचित रहेगा। अब यदि ऐसे व्यक्ति को यदि कोई पप्पू कहता है तो फिर सैम पित्रोदा का असहज होना स्वाभाविक है। उन सैम पित्रोदा का, जो कालांतर में भारतीय नागरिकों को केंद्र में रखकर नस्लीय टिप्पणी करने के कारण ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटाए जा चुके हैं।

# आखिर कब रुकेगा खूबसूरत मणिपुर में भड़कती हिंसा का दौर

मनोज कुमार अग्रवाल

मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है। पूर्वोत्तर में स्थित इस प्राकृतिक सौंदर्य सम्पन्न राज्य में लूट, हत्या और अशांति की स्थिति बनी हुई है। मणिपुर में एक बार फिर हालात बिगड़ गए हैं। हिंसा कई जिलों में देखने को मिली है, सबसे ज्यादा तनाव की स्थिति इम्फाल में चल रही है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए पूर्वी और पश्चिमी इम्फाल के कई इलाकों में तत्काल प्रभाव से कर्फ्यू लगा दिया गया है।

मणिपुर में 1 सितंबर से अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है, कई जगहों पर आगजनी हुई है, पहली बार आतंकी शरारती तत्वों ने हमले के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर सबको चौंका दिया है। पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा है। आंसू गैस के गोले तक दागे गए हैं। उस स्थिति की वजह से ही छात्रों ने भी सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया है, कई इलाकों में बड़ी संख्या में हुजूम सड़कों पर दिखा है। उस भीड़ का पुलिस से भी आमना-सामना हुआ जिसमें कई लोग घायल हुए। आंदोलनकारियों ने राज्यपाल के घर तक को घेरने की कोशिश की, रात के समय टॉर्च मार्च निकाल कर भी विरोध प्रदर्शन हुआ।

मणिपुर में 3 मई 2023 से हिंसा का दौर शुरू हुआ था। लेकिन 16 महीने बाद भी राज्य में शांति बहाल नहीं हुई है। ताजा मामला जिरीबाम जिले का है, जहां शनिवार को हुई ताजा हिंसा में 5 लोगों की मौत हो गई। मणिपुर में हालात की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वहां हिंसा में शामिल दोनों समुदायों के पास अब ऐसे हथियार हैं जिनका इस्तेमाल आमतौर पर युद्ध में किया जाता है। सेना इस कदर मजबूर है कि उन्हें एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात करने पड़े हैं। पहाड़ों और घाटियों में लोगों ने बंकर बना रखे हैं। ऐसे में सवाल ये उठता है कि आखिर 16 महीने बाद भी इस राज्य में हिंसा क्यों नहीं थम रही।

पिछले साल 3 मई को मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आयोजित ह्यआदिवासी एकजुटता मार्चह्ण के बाद भड़की जातीय हिंसा के बाद से मणिपुर में अब तक 200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। मणिपुर की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी, जिनमें नागा और कुकी शामिल हैं, 40 प्रतिशत हैं और मुख्य रूप से पहाड़ी जिलों में रहते हैं। इस हिंसा के चलते हजारों की संख्या में लोग राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं।

वैसे तो मणिपुर में पिछले साल मई से ही हालात तनावपूर्ण हैं लेकिन पिछले कुछ महीनों से स्थिति थोड़ी नियंत्रण में थी। अब पुनः हवाई बमबारी, आरपीजी और अत्याधुनिक हथियारों के लिए ड्रोन के इस्तेमाल के बाद हालात और खराब हो गए हैं। ताजा हमले के बाद तलाशी में पुलिस को 7.62 मिमी स्नाइपर राइफल, पिस्तौल, इम्प्रोवाइज्ड लॉन्ग रेंज मोर्टार (पोम्पी), इम्प्रोवाइज्ड शॉर्ट रेंज मोर्टार, ग्रेनेड, हैंड ग्रेनेड समेत तमाम आधुनिक हथियार मिले।

वही, मणिपुर अखंडता पर समन्वय समिति ने एक कड़ा अल्टीमेटम जारी किया है, जिसमें मणिपुर में चल रहे संकट को हल करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों से तत्काल और निर्णायक कार्रवाई की मांग की गई है।

समिति ने स्थिति से निपटने के लिए बलों को पांच दिन की समय सीमा तय की है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि कार्रवाई न करने पर लोगों को अपनी आबादी की सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाने पड़ेंगे। समिति ने स्थिति से निपटने के लिए केंद्रीय बलों के तरीके, खासकर कुकी उग्रवादी समूहों से निपटने के उनके तरीके पर गहरा असंतोष व्यक्त किया है। अपने अल्टीमेटम में, समिति ने या तो इन उग्रवादी समूहों पर कड़ी कार्रवाई करने या मणिपुर से केंद्रीय बलों को वापस बुलाने का आह्वान किया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, शुक्रवार, 13 सितम्बर, 2024



# मुख्यमंत्री ने मढ़ौरा में करोड़ों की विकास योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास



प्रात: किरण संवाददाता

मढ़ौरा। स्थानीय राजकीय पालीटेक्निक परिसर में गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने करोड़ों की लागत से जिले के कई प्रखंडों के करीब 40 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सीएम का काफिला गुरुवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे मढ़ौरा के राजकीय पालीटेक्निक परिसर में पहुंचा। जहां मुख्यमंत्री ने एक साथ करोड़ों की लागत से संचालित करीब 40 विकास योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन रिमोट का बटन दबाकर किया। इसके बाद मुख्यमंत्री लगभग 39 करोड़ की लागत से मढ़ौरा राजकीय पालीटेक्निक परिसर में बने पॉलिटेक्निक कॉलेज के 300-300 बेड वाले दो अलग-अलग छात्रावास का फीता काटकर उद्घाटन किया। और अंदर जाकर इस छात्रावास का निरीक्षण भी किया । इसके बाद मुख्यमंत्री पॉलिटेक्निक के पास में ही अवस्थित मढ़ौरा आईटीआई परिसर में बने टाटा कंपनी के द्वारा लाखों की लागत से बनाए गए सेंटर आफ एक्सीलेंस का भी उद्घाटन कर उसका भी अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस निरीक्षण व उद्घाटन के दौरान उनके साथ मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी, एमएलसी सच्चिदानंद राय, प्रभारी मंत्री सुमित कुमार सिंह, श्रम संसाधन मंत्री, अमनौर विधायक मंटू सिंह, जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम, के अलावा कई विधायक व नेता तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे और पॉलिटेक्निक तथा आईटीआई परिसर के आसपास चपे चपे पर पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया था । इस दौरान सुरक्षा कारणों से मढ़ौरा बाजार से लेकर अमनौर तक जगह-जगह पुलिस तैनात किए गए थे ताकि कहीं भी रास्ते में किसी भी तरह का कोई व्यवधान उत्पन्न न हो सके।

## आसन्न विधानसभा चुनाव को ले विकास की गति हुई तेज

### सीएम आगमन को लेकर प्रशासन रही सक्रिय, सुरक्षा का भी रहा पुख्ता इंतजाम

छपरा । आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर सरकार द्वारा विकास योजना में गति देने को लेकर गंभीर है ' इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आगमन जिला प्रशासन द्वारा पोख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच गुरुवार को सारण जिला के मढ़ोरा अनुमंडल हुआ , जहां सीएम ने विभिन्न विकास योजना के लगभग 96 करोड़ से अधिक राशि का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया ' इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं एसपी सहित जिला के आलाधिकारी मौजूद रहे ' जानकारों की माने तो मुख्यमंत्री की यात्रा और करोड़ों की सौगात देना इस बात का संकेत है, कि विकास के प्रति नीतीश कुमार गंभीर हैं ' मुख्यमंत्री की यह यात्रा विधानसभा चुनाव से भी जोड़ कर देखा जा रहा है । मालूम हो कि विधानसभा चुनाव करीब है, और सीएम का जहां-जहां कार्यक्रम हो रहा है, विकास योजनाओं की सौगात दी जा रही है । फिलहाल विधानसभा चुनाव में अभी समय है, लेकिन राजनीतिक दलों द्वारा तैयारी जोरों शोर से चल रही है । पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगभग 11:00 मढ़ोरा अनुमंडल के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रांगण में पहुंचकर लगभग 35 योजनाओं उद्घाटन एवं आधारशिला रखा । इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ग्राम पंचायत राज अमनौर हरनारायण में अवस्थित अमृत सरोवर का अवलोकन किया । एवं लगाए गए स्टॉल का भ्रमण तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित लाभुकों को चेक पर्चा तथा चाभी वितरण किया गया । साथ ही सीएम ने उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज अपहर का भी भ्रमण किया । इस अवसर पर मंत्री विजय चौधरी, छपरा के सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी, विश्व स्त्री प्रभारी मंत्री सुमित कुमार, श्रम संसाधन मंत्री, अमनौर विधायक मंटू सिंह सहित एमएलसी सच्चिदानंद राय आदि उपस्थित थे । इसके अलावा जिला के आला अधिकारियों सहित तमाम विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे । बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन को लेकर जिलाधिकारी अमन समीर कई दिनों से तैयारी का जायजा लेते रहे ' मुख्यमंत्री कार्यक्रम में कोई चुक ना हो इसके लिए डीएम एवं एसपी लगातार सख्त दिखे । और कार्यक्रम समापित होने तक पल-पल की जायजा लेते रहे ।

# चहारदीवारी नहीं होने से परेशानी, जंगली जानवर के प्रवेश की आशंका से डरे रहते हैं बच्चें

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर के लक्ष्मीपुर रामपुरवा पंचायत स्थित ठाढ़ी गांव में संचालित उत्क्रमित विद्यालय में चारदीवारी नहीं है।जिससे स्कूल संचालन में शिक्षकों को परेशानी होती है।साथ ही वीटीआर जंगल और गंडक नदी के किनारे होने के कारण हिंसक जानवरों का खतरा भी लगा रहता है। बतादें की इसी स्कूल के प्रांगण में एक कार्यक्रम के दौरान बिहार के राज्यपाल 23 मार्च को आए थे।इसी दौरे के दौरान जिलाधिकारी समेत शिक्षा विभाग के कई वरीय अधिकारी भी पहुंचे थे।स्कूल की हालत देखकर चारदीवारी बनाने का दिशानिर्देश भी सम्बंधित अधिकारियों को मिला था लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी विद्यालय की सुरक्षा के मद्देनजर चारदीवारी का निर्माण नहीं किया जा सका है। विद्यालय प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय की 90 डिसमिल जमीन थी जिसमे कुछ डिसमिल जमीन का अतिक्रमण कर लिया गया है वहीं विद्यालय की जमीन पर सड़क भी बना दी गई है। जिस वजह से विद्यालय की जमीन टुकड़ों में बंट गई है। अब चारदीवारी बनाने में पेंच खड़े होंगे। बतातें चलें कि विद्यालय से कुछ ही दूरी पर गंडक नदी बहती है साथ ही विद्यालय के दूसरी तरफ वीटीआर का घनघोर जंगल है। जंगली जानवरों का डर भी लगा रहता है। स्कूल संचालन के समय गांवो के पालतू जानवर भी विद्यालय के बरामदे में पहुंच जा रहे है जो विद्यालय परिसर में मलमूत्र भी त्याग देते हैं। एसएसबी व अन्य संस्थाओं के द्वारा दर्जनों पौधे लगाए गए है लेकिन खुले होने की वजह से एक दो पौधे को छोड़कर सभी पेड़ जानवरों के द्वारा चर लिए गए है या फिर उखाड़ लिए गए हैं। इसी गांव में पूर्व में जंगली जानवर मगरमच्छ और तेंदुए समेत बाघ का वन विभाग द्वारा रेस्क्यू भी किया जा चुका है।अब देखना है कि विद्यालय को सुरक्षित रखने के लिए कबतक चारदीवारी का निर्माण होता है या फिर किसी अनहोनी होने तक इंतजार बना रहेगा।

## जमीनी विवाद में महिला को मारी गोली, पुलिस जांच में जुटी

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। रामनगर थाना क्षेत्र के चुड़िहरवा गांव में एक महिला की उसके पटीदारों द्वारा गोली मारकर हत्या का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों के मुताबिक महिला घर में सो रही थी इसी दौरान देर रात्रि तकरीबन 1:30 बजे के करीब महिला के जेठ के बेटों ने आकर गोली मार दी। महिला के पुत्री ने बताया की रास्ते को लेकर पटीदारों से विवाद चल रहा था इसी क्रम में पंचायती के दौरान विवाद को सुलझा लिया गया था। रास्ते के एवज में हमलोग के द्वारा पीछे की अपनी जमीन भी बड़े पापा को दी गई थी। बावजूद इसके उन लोगों ने गोली मार दी। रामनगर एसडीपीओ नंद जी प्रसाद ने बताया की महिला की हत्या की सूचना मिली है। जांच के क्रम में पटीदारों के कुछ नाम सामने आया है जिस बाबत छानबीन की जा रही है। प्रथम द्दष्टया मामला जमीन विवाद का लग रहा है। फिलहाल पुलिस और एफएसएल की टीम जांच कर रही है। साथ ही महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बेतिया राज की जमीन को कराया जायेगा अतिक्रमणमुक्तः जिलाधिकारी



● डीएम ने बेतिया राज कार्यालय एवं विभिन्न अभिलेखागार का किया औचक निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने गुरुवार को बेतिया राज कार्यालय एवं विभिन्न अभिलेखागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बेतिया राज की कार्यप्रणाली, अभिलेखों का रख-रखाव आदि की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न अभिलेखागारों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभिलेखागार का रख-रखाव समुचित तरीके से करें। आमजनों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा, इसका विशेष ध्यान रखें। बेतिया राज की जो भी संपत्ति है, उसे सुरक्षित रखने हेतु हरसंभव प्रयास करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अध्यक्ष राज्य पर्षद, श्री केके पाठक द्वारा विस्तृत रूप से इस पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके बारे में पॉलिसी बनायी जा रही है। जिला प्रशासन को भी इस संदर्भ में विस्तृत निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिला प्रशासन द्वारा इससे संबंधित रिपोर्ट भी अध्यक्ष, राज्य पर्षद को समर्पित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में बेतिया राज की जमीन का सर्वे हुआ है, पुनः सर्वे होगा। बेतिया राज की जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया जायेगा। किसी भी परिस्थिति में बेतिया राज की जमीन दूसरे के कब्जे में नहीं होने दिया जायेगा।

# जिलाधिकारी ने पीएचसी का किया औचक निरीक्षण



प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने गुरुवार को पीएचसी, बेतिया का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उपस्थिति पंजी सहित अन्य संचिकाओं एवं अभिलेखों की जांच की और डॉक्टरों एवं कर्मियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण में कई डॉक्टर एवं कर्मी अनुपस्थित पाये गये। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अनुपस्थित डॉक्टरों एवं कर्मियों से शोकॉज किया जाय। जवाब संतोषजनक नहीं प्राप्त होने की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित डॉक्टरों एवं कर्मियों का वेतन स्थगित रखा जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार एवं जिला प्रशासन मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने हेतु कृतसंकल्पित है। इस हेतु लगातार सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को विकसित किया जा रहा है। स्वास्थ्य जांच हेतु आधुनिक उपकरणों का अधिष्ठापन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं जिला प्रशासन का स्पष्ट उदेश्य है कि जिलेवासियों को जिले में ही बेहतर चिकित्सीय सुविधा मुहैया करायी जाय। इस उदेश्य की पूर्ति में बाधक बनने वाले डॉक्टरों एवं कर्मियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी डॉक्टर एवं कर्मी समय पर पीएचसी में उपस्थित रहेंगे। मरीजों की जांच करेंगे एवं आवश्कतानुसार दवाई वगैरह मुहैया कराएंगे। पीएचसी में जो दवाई एवं सुविधा उपलब्ध है, इससे संबंधित बैनर आदि का मुख्य द्वार पर अधिष्ठापन कराया जाय ताकि मरीजों को सहूलियत हो सके। सरकार द्वारा देय सभी सुविधाएं मरीजों को सुगमतापूर्वक मिले, इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए पीएचसी का सुव्यवस्थित संचालन करें ताकि मरीजों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

# एनडीआरएफ ने आपदा से संबंधित विषय पर किया मॉक ड्रिल का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)।एनडीआरएफ की टीम के द्वारा आपदा से संबंधित विषय पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, मौके पर उपस्थित एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि आपदा से संबंधित विषय पर आज मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें क्लोरीन गैस रिसाव के बाद की कार्रवाई लोगों को बताई गई, जिला स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को आपदा या दुर्घटना से संबंधित बातों पर जागरूक करना है, एनडीआरफ की टीम के साथ इस मॉक ड्रिल में मेडिकल स्टाफ सहित अग्निशमन विभाग सहित अन्य विभाग की टीम शामिल थी, आज के मॉक ड्रिल में क्लोरीन गैस के रिसाव के बाद प्रभावित लोगों को रेस्क्यू किया गया, सबसे पहले रिसाव केंद्र का पता लगाया गया, जिसके बाद लोगों को सुरक्षित एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया, जिस जगह से क्लोरीन गैस का रिसाव हो रहा था उसे बंद किया गया, प्रभावित व्यक्तियों में को लोग सामान्य स्थिति में पाए गए उन्हें सेनीटाइज करते हुए स्थिति को सामान्य किया गया।

# मुख्यमंत्री ने नहीं सुनी वित्तरहित शिक्षकों की फरियाद, रुढ़ी को दिए आवेदन



प्रात: किरण संवाददाता

छपरा सदर। गुरुवार को मुख्यमंत्री नितीश कुमार के सारण के मढौरा अनुमंडल और अमनौर के कार्यक्रम में सारण जिला के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचकर सैकड़ों वित्तानुदानित कर्मियों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आग्रह किया। अनुदान नहीं वेतनमान फोरम के प्रांतीय संयोजक प्रो. रौशन कुमार के संयोजन में सैकड़ों वित्तरहित कर्मी कार्यक्रम स्थल पर पहुँचे । वित्तरहित कर्मियों की तीन सूत्री मांग,अनुदान के बदले वेतनमान, बकाये अनुदान का कर्मियों के खाते में एकमुश्त भुगतान,सभी कोटि के वित्त अनुदानित संस्थानों का सम्बद्धता पूर्ववत बहाल रखने को लेकर कार्यक्रम में निवेदन करने का प्रयास किया गया। मगर इन कर्मियों को सुरक्षा का हवाला देकर मुख्यमंत्री जी के पास जाने से रोक दिया गया। इसके पश्चात सभी वित्तानुदानित कर्मी सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी के आवास पहुंचकर अपनी सारी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया और मुख्यमंत्री मिलकर समस्या का समाधान कराने का अनुरोध किया। अमनौर विधायक मंटू सिंह से भी इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास करने का अनुरोध किया गया। उक्त जानकारी फोरम के प्रवक्ता प्रो. उपेंद्र कुमार सिन्हा ने दी मौके पर उपस्थित शिक्षकों में फोरम के प्रांतीय अभियान पर्यवेक्षक प्रो. संजय कुमार, श्री रंजीत कुमार सिंह, श्रीमती विभा सिन्हा, प्रो. सुबोध सिंह, श्री संजीव कश्यप, प्रो. रुपेश सिंह, प्रो अखिलेश्वर सिंह, प्रो अश्वनी तिवारी, प्रो शांति भूषण, श्रीमती मीरा उपाध्याय आदि जिला के सैकड़ों वित्तरहित शिक्षक एंव शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे ।

## त्रुटि सुधार के लिए महाविद्यालय में आवेदन दें छात्र, विश्वविद्यालय आने की कोई जरूरत नहीं

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अपने किसी भी कार्य के लिए सीधे विश्वविद्यालय कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। छात्र-छात्राओं को मार्कशीट, एडमिट कार्ड आदि डॉक्यूमेंट अपने महाविद्यालयों से ही मिलेंगे। छात्र-छात्राओं के किसी भी दस्तावेज (अंकपत्र, एडमिट कार्ड सहित किसी तरह के सर्टिफिकेट आदि) में त्रुटि सुधार के लिए अपने महाविद्यालय को ही आवेदन करना है, सीधे विश्वविद्यालय नहीं आना है। परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि इस संबंध में कई बार विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत सभी महाविद्यालयों को पत्र भेजा जा चुका है फिर भी कतिपय महाविद्यालयों द्वारा छात्र-छात्राओं को सीधे विश्वविद्यालय कार्यालय भेज दिया जाता है जिससे एक तरफ तो विश्वविद्यालय में अनावश्यक भीड़ लगती है और वहां का कामकाज बाधित होता है वहीं विश्वविद्यालय पहुंचे छात्र-छात्राओं का कार्य भी नहीं हो पाता है और उन्हें फिर से अपने कार्य के लिए निर्धारित प्रक्रिया यानि महाविद्यालय में ही आवेदन देना पड़ता है जिस कारण उन्हें दोहरी परेशानी उठानी पड़ती है। विश्वविद्यालय द्वारा तय समय में उक्त कार्य का निष्पादन कर महाविद्यालय को भेज दिया जाएगा।

## भारी बारिश के बीच गंडक नदी का जलस्तर स्थिर

बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित गंडक नदी का जलस्तर गत रात्रि हुई भारी बारिश के बीच स्थिर बना हुआ है,जो राहत की बात है।बतादें की बुधवार की मध्य रात्रि गरज के साथ रुक रुककर वृहस्पतिवार की सुबह तक भारी बारिश होते रही। बतादें की तेज हवा और गरज के साथ वाल्मीकिनगर परिक्षेत्रों में बारिश हुई है।लेकिन सूत्रों की माने तो यह बारिश गंडक नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में नही होने की वजह से गंडक नदी के जलस्तर में कोई वृद्धि दर्ज नहीं कि गई है।समाचार लिखे जाने तक गंडक बराज कंट्रोलरूम से जारी आंकड़े के मुताबिक एक लाख 4 हजार 100 से एक लाख 11 हजार 700 के बीच स्थिर बना हुआ है, जो राहत की बात है।

## कॉलेज में लगा सेनेटरी पैड वेटिंग मशीन

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छपरा की प्रेरणा और स्वच्छ छपरा- स्वस्थ छपरा अभियान के तहत छपरा में बालिकाओं के बीच माहवारी स्वच्छता के जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को जय प्रकाश महिला महाविद्यालय, छपरा के प्रांगण में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई गई। कार्यक्रम में विचार रखते हुए भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सेंगर ने कहा कि कोरोना के दौरान हमलोगों ने बस्तियों में सेनेटरी पैड हजारों की संख्या में बांटा। कोरोना महामारी की समाप्ति के बाद हमने एक लक्ष्य चुना। इस लक्ष्य के तहत छपरा विधानसभा के स्कूल और कॉलेज को चुना गया है। चूंकि यह शहरी क्षेत्र है तो जिले के अधिकांश कॉलेज यहीं स्थित हैं। एक बार यह लक्ष्य पूरा हो जाए तो उपयोग किए गए पैड को नष्ट करने का मशीन सभी जगह लगाया जाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डाङ्ट पूनम सिंह ने कहा कि यह मशीन बच्चियों की आवश्यकताओं को समय पर पूरा करेगा। लड़कियां इसे दूकान से खरीदने में झिझकती हैं और यहां यह सुविधा हो जाने से उन्हें सही समय में प्राप्त करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि यह मशीन लगने से बालिकाओं की हाइजीन संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान हो सकेगा। कॉलेज की प्राचार्या डाङ्ट मंजू सिन्हा ने कहा कि सेनेटरी नैपकिन का मुद्दा हमेशा से लड़कियों के लिये महत्वपूर्ण रहा है। मैं आशा करती हूं बड़े पैमाने पर बच्चियां इसका प्रयोग करेंगी।

## मध्य रात्रि भारी बारिश और तेज हवा में कई पेड़ उखड़े

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर व इसके आसपास के परिक्षेत्रों में बुधवार की मध्य रात्रि को गरज के साथ बृहस्पतिवार की सुबह तक रुक रुक के तेज हवा के साथ बारिश होती रही। जिस वजह से वीटीआर जंगल व वाल्मीकिनगर के इलाके मे कई जगह पेड़ उखड़ गए और पेड़ों की टहनियां टूटकर जमीन पर आ गिरी। महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय, माता नरदेवी के मुख्य द्वार के समीप पेड़ों की टहनियाँ टूटी तो बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य पथ के हवाई अड्डा के समीप पेड़ गिरे।जिसे बिजली बाधित हुई है।जिसे दुरुस्त करने की कोशिश बिजलीकर्मियों के द्वारा की जा रही है। बतादें की बारिश के बाद बृहस्पतिवार का दिन गर्मी और उमस से भरा रहा जिससे आम लोग परेशान हिट रहे।

# आरएन प्रोजेक्ट बालिका बिद्यालय के आठ कमरा के साथ सोलर स्ट्रीट लाइट योजना का उद्घाटन व शिलान्यास किया



प्रात: किरण संवाददाता

अमनौर। स्थानीय प्रखण्ड के अपहर पंचायत स्थित गौरी शंकर शिवालय परिसर में गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुँच करोड़ो योजनाओं का दिया सौगात।सीएम का काफिला पूर्वाह्न करीब ग्यारह तीस बजे अमृत सरोवर पर्यटक स्थल केंद्र पहुचे।जहाँ सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी स्थानीय बिधायक कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मंटू ने उनका अगुआई किया।पर्यटक स्थल परिसर में वृक्षारोपण कर रनिंग ट्रैक से चलकर पर्यटक की सौन्दर्यता हरियाली तलाब में कलोल कर रहे हंस म्यूजिकल वाटर फाउन्टेन से गिरती फुहारा का नजारा देखा।सांसद रूढ़ी पर्यटक के विशेषताओं को मुख्यमंत्री से वर्णन करते दिखे।इसके पश्चात हरि जी उच्च बिद्यालय अपहर पहुँचे।जहाँ करोड़ो के लागत से बने बिद्यालय के चाहरदीवारी ओपेन जिम बैंडमिंटन कोर्ट बास्केट बॉल कोर्ट का लोकार्पण किया। आर एन प्रोजेक्ट बालिका बिद्यालय के आठ भवनों का शिलान्यास किया।बिद्यालय के छात्राओं ने गुलदस्ता देकर मुख्यमंत्री का स्वागत की।मुख्यमंत्री छात्रा ओ से बिद्यालय में हो रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का हाल जाना।इनके साथ शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस के सिद्धार्थ भी थे।अपहर के पैराणिक गौरीशंकर शिवालय परिसर में करोड़ो की लागत के सोलर स्ट्रीट लाइट योजना नव निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करन इकाई,एनपीएस अपहर के चाहरदीवारी योजना का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सरकार के चल रहे बिभिन्न योजनाओ का बिभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाया गया था जिसका मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया अपहर शिवालय में बिहार सरकार के चल रहे बिभिन्न योजनाओं का प्रदर्शनी लगाया गया था। समाज कल्याण विभाग उद्योग विभाग श्रम संसाधन विभाग जीविका परिवहन विभाग राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा ग्रामीण विकास विभागके द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का उन्होंने निरीक्षण किया।इस दौरान बिहार सरकार के परिवहन विभाग के तरफ से मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत कई लाभुकों को अनुदान राशि दिया गया। श्रम संसाधन विभाग के तरफ से बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा छात्रवृति योजना के तहत कई लाभुकों को पचीस सौ रुपए का चेक दिया गया । जबकि समाज कल्याण विभाग के तरफ से बिहार सरकार दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग योजना के तहत कई दिव्यांगो को बैटरी से चलने वाली ट्राई साईकिल दिया वितरण किया। जीविका के माध्यम से लगाए गए प्रदर्शनी में कुश से बने हुए समान तथा जीविका दीदियों के द्वारा बनाये गए अचार, पापड़, एल ई डी बल्ब इत्यादि के मुख्यमंत्री देख उनकी सराहना किया।उन्होंने ग्रामीण स्तर पर इसके उत्पादन के सम्बन्ध में जानकारी लिया।इस दौरान एक तरफ फूल माला लिए कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार करते चल दिए।मुख्यमंत्री के एक झलक पाने के लिए लोगो की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। इस दौरान उनके साथ मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी, एमएलसी सच्चिदानंद राय,प्रभारी मंत्री सुमित कुमार सिंह, श्रम संसाधन मंत्री, अमनौर विधायक मंटू सिंह, भाजपा नेता राकेश सिंह, मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह,जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम,मुखिया प्रतिनिधि सरोज पासवान के अलावा कई विधायक व नेता तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।अमनौर से अपहर तक चपे चपे पर पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया था ।ऐसे मुख्यमंत्री को जेड प्लस की सुरक्षा मिली हुई है।

# सीएमआर आपूर्ति में गड़बड़ी करने वाले पैक्सों, मिलरों के विरूद्ध होगी सख्त कार्रवाई : जिलाधिकारी



प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। सीएमआर लंबित रखने वाले एवं गड़बड़ी करने वाले पैक्सों, मिलरों को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। शत-प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निमित जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से सीएमआर आपूर्ति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएमआर आपूर्ति लंबित रखने वाले, गड़बड़ी करने वाले पैक्सों, मिलरों के विरूद्ध अब सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में डिफॉल्टर को बख्शा नहीं जाएगा, उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने कहा कि सीएमआर आपूर्ति में गड़बड़ी में शामिल व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बीसीओ वाइस सीएमआर आपूर्ति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सीएमआर आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही सख्त हिदायत दी कि लक्ष्य के अनुरूप 15 सितंबर तक सीएमआर आपूर्ति नहीं कराये जाने की स्थिति में उनके विरूद्ध भी कठोर विभागीय कार्रवाई की जायेगी। ऐसे प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के विरुद्ध प्रपत्र-क गठित करते हुये अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला सहकारिता पदाधिकारी अंशु कुमारी आदि उपस्थित थे।

## योग क्लब का स्थापना दिवस पर हुआ भूमि पूजन

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। स्वामी विवेकानन्द ताईक्वांडो एवं योग क्लब के तृतीय स्थापना दिवस पर राजकीय बुनियादी विद्यालय महम्मदपुर रिविलगंज सारण के ग्राउंड में भूमि पूजन किया गया जिसमे पुरोहित प्रणव राज तिवारी उर्फ भोला बाबा के द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा पाठ करवाया गया यजमान में स्वामी विवेकानन्द ताईक्वांडो एवं योग क्लब के उपाध्यक्ष आर्यन राज बिट्टू कोच विवेक कुमार और अभिषेक शर्मा थे स्थापना दिवस पर भूमि पूजन किया गया और स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीरों पर पुष्प अर्पित कर विधवत पूजा किया गया । पूजा के बाद टीम के कोच विवेक कुमार और अभिषेक शर्मा ने खिलाड़ियों की 2022 से 2024 तक ताईक्वांडो एवं योग की उपलब्धि को बताया जो इस प्रकार है।

# भागवत कथा के श्रवण से होता है पापों का नाशः साध्वी अंजू

छपरा कार्यालय। शहर के नारायण पैलेस में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कलश यात्रा के के पश्चात यह आयोजन चल रहा है। इस आयोजन में श्रीमत भागवत की सरस प्रवक्ता ब्रज रसिका साध्वी अंजू देवी जी है। भारी संख्या में महिला व पुरुष इस आयोजन में शामिल हो रहे है। साध्वी अंजू देवी ने कहा कि श्रीमद्भागवत की कथा भगवान की प्राप्ति कराने वाली है। यह कथा मृत्यु के भय को दूर करके भगवान की और आगे बढ़ाती है और भक्ति के साथ-साथ हमारे ज्ञान वैराग्य को बल देती है। श्रीमद्भागवत की कथा सात दिन का एक ऐसा आयोजन है। जिसमें सात सौपान है जिनके माध्यम से एक. एक करके हम प्रत्येक सोपान पर बढ़ते जाते हैं। अंत में अपने जीवन का लक्ष्य जान जाते हैं श्रीमद्भागवत में भक्तों की ऐसी दिव्य कथाएं हैं ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# ईसीआर कर्मचारी यूनियन चुनाव में ईसीआर मजदूर यूनियन का समर्थन : कॉम बी के सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर यूनियन* ने रेलवे यूनियन के मान्यता के लिए 4 -5 दिसम्बर 2024 को निर्धारित चुनाव में इसबार स्वतंत्र रूप से चुनाव न लड़ने तथा बिना शर्त ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियनको समर्थन देने की घोषणा की है। रेलवे बोर्ड ने यूनियन के मान्यता प्राप्त करने के लिए चुनाव तिथियों की घोषणा कर दिया है।

आगामी चुनाव के आलोक में ईसीआरकेयू के केन्द्रीय पदाधिकारियों की बैठक 11 सितम्बर को पटना में आयोजित की गई जिसमें ईसीआरएमयू के महामंत्री श्री बी के सिंह भी शामिल हुए और उन्होंने बिना शर्त आगामी चुनाव में ईसीआरकेयू को समर्थन देने की घोषणा की। अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि इस बार ईसीरेलवे मजदूर यूनियन यूनियन के मान्यता हेतु गुप्त मतदान में भाग नहीं ले रही है।

उन्होंने कहा कि यूनिफायड पेंशन स्कीम पर कटेगोरिकल एसोसिएशनों द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है और इस यूनियन तथा फेडरेशन को दोषी ठहराया जा रहा है जबकि कुछ मामलों में यह पुरानी पेंशन स्कीम से अच्छा भी है और जो कमी रह गई है उसके लिए सरकार के तरफ से भी आश्वासन दिया गया है कि बातचीत का रास्ता खुला रहेगा । वार्ता और आंदोलन के माध्यम से यूनियन आपके आकांक्षा को पूरा करने के लिए संकल्पित है। सम्पूर्ण ओ पी एस प्राप्ति तक हमसभी का आंदोलन चलता रहेगा । उन्होंने रेलकर्मियों का आह्वान करते हुए कहा कि इस आसन्न चुनाव में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन को अपना वोट देकर मान्यता प्राप्त करवाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इस महत्वपूर्ण अवसर पर ईसीआरकेयू के केन्द्रीय अध्यक्ष डी के पाण्डेय, महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव,कार्यकारी अध्यक्ष एस एस डी मिश्रा, अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन, कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार,एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा सहित केदार प्रसाद, बी बी पासवान, श्रीराम सिंह, ओमप्रकाश,मनीष कुमार, के के मिश्रा, मनोज कुमार, बबलू कुमार, बीरेंद्र यादव, सोमेन दत्ता, नेताजी सुभाष, मृदुला कुमारी, सूर्य भूषण सिंह उपस्थित थे। उक्त जानकारी ईसीआरकेयू के केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय द्वारा आरा मे मीडिया को दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



आरा। आगामी 14 सितंबर, को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में आमजन के बीच व्यापक प्रचार प्रसार हेतु व्यवहार न्यायालय परिसर के गेट संख्या एक से जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोजपुर, आरा ब्रजेश कुमार मालवीय द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने बताया की बैंकों के सहयोग से जिसमें पंजाब नेशनल बैंक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक एवं अन्य से विभिन्न वाहनों द्वारा जागरूकता रथ निकाला गया जो पूरे शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी माइक के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार करेंगे एवं अधिक से अधिक जनसमुदाय इसका लाभ उठा सकें इसके लिए भी प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर सभी न्यायिक पदाधिकारीगण के साथ अन्य बैंकों के पदाधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित थे।

### प्रिंस बजरंगी को ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र का बनाया गया प्रभारी

आरा। प्रिंस बजरंगी को ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया बजरंगी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो हम पर भरोसा किया है हम ईमानदारी पूर्वक से पार्टी के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और पार्टी को आगे बढ़ाने कि हमारी पूरी कोशिश रहेगी बजरंगी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हम पर भरोसा जताया मैं माननीय मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करता हूं बिहार विधानसभा चुनाव के लेकर सभी दल ने चुनावी तैयारी शुरू कर दी है, आज जनता दल यूं के 243 विधानसभा मे विधानसभा प्रभारी जदयू मुख्यालय पटना से सूची जारी किया गया, भोजपुर जिला से छात्र राजनीत से अपना पहचान बनाने वाले, प्रिंस बजरंगी को जदयू ने ब्राह्मपुर विधानसभा का विधानसभा प्राभरी मनोनीत किया, इसके पहले भी बजरंगी जदयू के प्रमुख पद पर रह दायित्व का बखूबी निर्वाहन कर चुके है।

### डॉ केएन सिन्हा के आवास पर शतरंज संघ की हुआ बैठक

आरा। राज्य स्तरीय सब जूनियर अंडर 15 शतरंज चैंपियनशिप, 27 सितम्बर से आरा में भोजपुर जिला शतरंज संघ की एक बैठक रमना पकड़ी रोड स्थित आनंद हॉस्पिटल आरा के सभागार में संघ के अध्यक्ष डॉ के एन सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमे आगामी 27 सितम्बर से 29 सितम्बर तक होने वाली बिहार राज्य अंडर 15 बालक बालिका शतरंज चैंपियनशिप को कराने को लेकर चर्चा की गई। संघ के सचिनव डॉ मो सैफ ने बताया की उक्त शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन जेल रोड स्थित श्री मैना सुन्दर धर्मशाला के सभागार में कराया जायेगा।इस तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता के आधार पर चयनित चार-चार खिलाड़ी आगामी नवम्बर माह में तमिलनाडु के होसुर में होनेवाली राष्ट्रीय सबजूनियर (अंडर-15) शतरंज प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। संघ के सीनियर संरक्षक डॉ एस के रूंगटा ने बताया खिलाड़ियों के रहने का श्रीमान सुंदर धर्मशाला में किया जा रहा है। और राजस्तरीय शतरंज चैंपियनशिप को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस बैठक में संघ की उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार उपाध्याय, निशि जैन, मो अशफाक रंजन कुमार सिन्हा आदि उपस्थित हुए।

### मोथा विद्यालय से चोरी के वर्तन के साथ दो चोर गिरफ्तार

काराकाट(रोहतास)। काराकाट थाना पुलिस ने 3 दिन पहले मोथा कन्या मध्य विद्यालय में हुए चोरी का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी के मामले में दो चोरों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों गिरफ्तार चोर मोथा गांव के ही नवासी बताए जा रहे है। पिछले कुछ महीनों में कुल 11 बार स्कूल में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है । पुलिस ने तीन दिन पहले किया गया चोरी की बर्तन हाहित सभी चोरी की गई समान बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया की तीन दिन पहले मोथा कन्या मध्य विद्यालय के रसोई घर की दरवाजा तोड़ कर बर्तन व कई समान चोरी करने की स्कूल के प्रधानाध्यापक नौशाद खान द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। जिसमे त्वरित करवाई करने के लिए थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी, एसआई रोहित कुमार, एसआई संजय ठाकुर, सिपाही मुकेश कुमार व लव किशोर कुमार की एक टीम गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की गई सभी वर्तन व समान के साथ दो चोरी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर जांचोप्रांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

# भाकपा माले ने सड़क तथा नाली निर्माण के ले नगर निगम के समक्ष दिया धरना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व नागरिक संघर्ष मोर्चा के संरक्षक क्यामुद्दीन अंसारी ने एक ब्यान जारी कर संवाददाताओं को बतलाए कि आज दिनांक 12 सितंबर 2024 को नागरिक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले वार्ड 42 के मिल्की अनाईठ व झोंपड़पट्टी के नागरिकों ने आरा नगर निगम के समक्ष धरना दिया. यह धरना मिल्की अनाईठ वार्ड 42 के मुख्य निकास की सड़क पर लगे जल-जमाव की निकासी की समस्या के स्थाई समाधान में आई बाधा को दूर करते हुए, जल-जमाव के निकासी का स्थाई प्रबंध हो. झोंपड़पट्टी वार्ड 42 के निकास सहित घरों मे लगे गंदी जल की निकासी व मुख्य सड़क तक जोड़ने हेतु अधुरी सड़क का निर्माण कराई जाय. बाजार समिति निर्मल पैलेस से यादव भवन तक अनाईठ मुसहर टोली के जर्जर सड़क का निर्माण शीघ्र हो.पश्चिमी ओवर ब्रीज के पास जोड़ा मंदिर (कदम गली) जगदेव नगर के जर्जर नाली का पुनः निर्माण कराई जाय आदी सवाल पर था.आरा नगर निगम के गेट पर नागरिक संघर्ष मोर्चा के धरना की अध्यक्षता मसकुर आलम ने किया.

नागरिक संघर्ष मोर्चा के धरना को संबोधित करते हुए भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि कई वर्षो से मिल्की अनाईठ के मुख्य निकास की सड़क पर पानी लगा हुआ है इस समस्या को लेकर नगर आयुक्त आरा और जिला पदाधिकारी भोजपुर से स्थानीय लोगों ने मुलाकात कर आवेदन दिए पर वर्षो गुजर जाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है.यह अतिपिछड़ो गरीबों का इलाका है,दलितों का इलाका है पर जथाकथित अति पिछड़ों की सरकार का दवा करने वाले नीतिश भाजपा राज में जल-जमाव की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आरा का मेयर भाजपाई ईन्दू देवी हो या 20 वर्षो से भाजपा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह कभी भी इन गरीबों पिछड़ों की समस्या को हल करने मे दिलचस्पी नहीं लेते है और कभी भी 20 वर्षो मे इस इलाके मे नहीं आए.

माले नेता ने कहा कि मिल्की अनाईठ, अनाईठ, जगदेव नगर के इलाके के लोग बजबजाती नालियों और जल-जमाव की समस्या से त्राही -त्राही कर रहे है.माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने बतलाया कि नगर आयुक्त आरा से मिलने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल से आयुक्त ने आश्वासन दिया की कल ही धरना के मांग -पत्र के आलोक मे जिला पदाधिकारी को पत्र लिखेंगे की आर सी डी अधुरी कार्य को पुरा करे अन्यथा निगम को एन. ओ.सी. दे.जिससे इस जल-जमाव की समस्या को हल किया जा सके. इस धरना मे सामिल प्रमुख लोगों मे मसकुर आलम, आफताब आलम, अहमद,किरण प्रसाद, सरोज प्रसाद, दीपक रजक,भीम साह, मंसुर आलम, धीरेन्द्र पाण्डेय थे.

# तरारी विधानसभा के प्रभारी बनने पर जदयू नेत्री को लोगों ने दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास)। जनता दल यूनाइटेड पार्टी के वरिष्ठ नेत्री राज्य परिषद सदस्य अरुणा देवी को भोजपुर जिला के तरारी विधानसभा का प्रभारी बनाने पर लोगों ने बधाई दी है। ज्ञात हो कि तरारी विधानसभा उप चुनाव तैयारी को लेकर पूरे बिहार के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा जदयू बिहार प्रदेश के 243 विधानसभा सीटों के नवनियुक्त विधानसभा प्रभारियों की सूची जारी की गई है। जिसमें काराकाट विधानसभा क्षेत्र के बिक्रमगंज प्रखंड के धावा गांव निवासी जदयू की वरिष्ठ नेत्री अरुणा देवी को तरारी विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिसकी सूचना मिलते ही जदयू के सभी कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें विधानसभा चुनाव में उज्वल कार्यकाल की हार्दिक बधाई दी है। जबकि जदयू नेत्री अरुणा देवी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा सौंपी गई दायित्व को तरारी विधानसभा में तन मन निर्वहन करते हुए पुनः एक बार विकास पुरुष नीतीश कुमार को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने के लिए मतदाता जनता से आग्रह करते हुए जदयू पार्टी प्रत्याशी को वोट करने की उनसे आग्रह करूंगी। इस अवसर पर अरुण प्रताप सिंह, पंकज पासवान, संगीता सिंह, बद्री भगत, विजय चौधरी, जियूत राम, कल्लू खान, संजय वर्मा, नजीब अंसारी, इरशाद खां, हसनेन खां, अंजनी सिंह सहित सैकड़ों जदयू कार्यकताओं ने बधाई दी।

# समाजसेवी संजीव सुमन ने रात्रि प्रहरी संघ को दिया समर्थन

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर:बिहार विद्यालय रात्रि प्रहरी संघ द्वारा एकदिवसीय भूख हड़ताल धरना जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय प्रांगण में अपने निम्न मांग को लेकर किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार कुशवाहा की अगुवाई में उपयुक्त विषय के सन्दर्भ में सादर पूर्वक अपनी बातें रखी। बिहार राज्य अंतर्गत सरकारी विद्यालय में रात्रि प्रहरी की नियुक्ति आवश्यकतानुसार वर्ष-वार की जा चूकी है। सभी रात्रि प्रहरी कर्मचारी सरकार के निदेर्शानुसार अपने कर्तव्य एवं मूल दायित्व का निर्वहन पूर्ण जिम्मेवारी से बिना किसी अवकाश के नियमित रुप से कार्य कर रहे है। परन्तु इस कठिन कार्य के समानांतर वेतन एव सेवा शर्त नहीं दी जा रही है, उचित मानदेय नहीं मिलने के कारण उक्त कर्मचारी पारिवारिक एवं व्यक्तिगत जीवन यापन करना दुर्लभ हो रहा है। उक्त सभी मांगों को पूर्ण करने हेतू संगठन द्वारा पूर्व में भी निम्नवत बिन्दूवार प्रार्थना पत्र समर्पित किया जा चुका है। अध्यक्ष जितेंद्र ने कहा कि प्रहरीयो के खाते में सी०एफ०एम०एस० के माध्यम अभिलंब मानदेय भुगतान किया जाए। रात्रि प्रहरी कर्मचारी का पद सृजित करते हुए योग्यता के आधार पर परिचारी/निम्नवर्गीय लिपिक में समायोजन किया जाए। रात्रि प्रहरी को श्रम कानून के नियमानुसार न्यूनतम मजदूरी एवं ऑनलाईन के माध्यम (सी०एफ०एम०एस०) से ससमय वेतन भुगतान किया जाए। रात्रि प्रहरी को सुरक्षा कीट अभिलंव दिया जाए एवं रात्रि प्रहरी को समाजिक सुरक्षा से जोड़ा जाए। साथ ही विद्यालय रात्रि प्रहरी कर्मचारी का नियमावली में संशोधन करते हुए रात्रि प्रहरी को 60 वर्ष के लिए नियमति एवं सेवा-पुस्तिका संधारित किया जाए। मौके पर उपस्थित व भूख हड़ताल एक दिवसीय धरना को अपना समर्थन दे रहे बिहार प्रदेश सचिव संजीव सुमन ने कहा कि रात्रि प्रहरियों के साथ वेतन को लेकर इतना भेदभाव वर्तमान सरकार के दोहरी चरित्र को दशार्ता है। रात्रि प्रहरी सभी मौसम में ईमानदारी पूर्वक पूरी रात जग कर अपनी ड्यूटी निभाते हैं और बदले में उन्हें न्यूनतम से भी कम राशि विभाग द्वारा प्रदान की जाती है। जबकि आज महंगाई अपने चरम सीमा पर है ऐसे में इतने कम पैसे में एक छोटे परिवार का भरण पोषण हो पाना भी मुश्किल है। इसलिए सरकार को इस ओर अविलंब ध्यान देते हुए रात्रि प्रहरियों की मांगो को पूर्ण करनी चाहिए। इस दौरान एक दिवसीय भूख हड़ताल धरना में प्रहरी संघ भागलपुर इकाई के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# पीरामल स्वयं सेवी संस्था की निदेशक को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। सदर अस्पताल आरा कैंपस में स्थित एसीएमओ कार्यालय में पीरामल स्वयं सेवी संस्था की डा . शिल्पा गांधी को उनके कार्यो के लिए प्रशस्ति पत्र देकर एसीएमओ भोजपुर, डॉ के एन सिन्हा के द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ सिन्हा ने बताया कि शिल्पा जी पहले केयर इंडिया संस्था में काम कर चुकी है।

और उन्होंने सदर अस्पताल तथा भोजपुर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग का काफी अच्छे ढंग से कार्य किया है। इसके बाद पिरामल इंडिया संस्था में रह कर डॉक्टर शिल्पा गांधी ने भोजपुर की ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय एवं राज्य सरकार की कई स्वास्थ्य सेवाओं में सहायता प्रदानकर भोजपुरी की जनता का काफी सेवा किया ।जिला स्वास्थ्य विभाग एवं भोजपुर ग्रामीण जनता हमेशा उनकी आभारी रहेगी। इसी उपलक्ष्य में एक प्रशस्ति पत्र देकर देकर एसीएमओ भोजपुर डा . के एन सिंह ने इन्हे सम्मानित किया। एसीएमओ ऑफिस मलेरिया फुला लेप्रोसी ईटीवी विभाग ऑफिस के कर्मचारियों ने डॉक्टर कृपा गांधी की प्रशंसा में उनके कार्यो का उनके सहयोग को बताया। डॉक्टर शिल्पा गांधी ने कहा कि मैंने अपने कार्यो को किया है और लोगों के व्यवहार एवं सहयोग को मैं आजीवन याद रखूंगी। इस अवसर पर एसीएमओ ऑफिस के रामजी बाबू, रविंद्र जी ,आलोक जी, अनिल जी ,राणा जी, तारकेश्वर जी ,मलेरिया फाईलेरिया विभाग के संतोष जी, अमित पटेल, कु मारी प्रियंका ,लेप्रोसी विभाग से सुवेश जी, संजीव जी, विनय जी, संतोष जी,तथा कई कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला मुख्यालय व अनुमंडल क्षेत्रों में सड़क जाम से लोगों को मिलेगी राहत : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम (रोहतास)।जिलाधिकारी ने पदभार ग्रहण करते ही सड़क जाम से लोगों को होने वाली परेशानी को लेकर एक्शन मूड में दिखी।

उन्होंने स्थाई वाहन स्टैंड के लिए विभिन्न जगहों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिया। उन्होंने बताया की शहर में लगने वाले जाम, ट्रैफिक की अव्यवस्था, चौक-चौराहों पर ई रिक्शा और टेंपो की लगने वाली लंबी कतारों, सड़कों पर अवैध रूप से लगने वाली गाड़ियों, पुराने बस स्टैंड को पूरी तरीके से नए बस स्टैंड बेदा में शिफ्ट करने आदि को लेकर जिलाधिकारी उदिता सिंह ने जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त, एसएचओ (ट्रैफिक) और पुल निगम के जेई व एई के साथ गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि अगले माह से त्योहारों का मौसम शुरू हो रहा है और ऐसे में सड़क पर इस प्रकार की अव्यवस्था आमजनों के लिए समस्या उत्पन्न करेगी। लिहाजा समय रहते हमें जाम की समस्या को दूर करना होगा। वही शहर में इंफ्रास्ट्रक्चर को सुचारू रूप से देखते हुए शहर के अंदर दो लेन में सड़क की चौड़ाई को बेहतर बताया। लेकिन इसके बावजूद शहर में जाम की समस्या बनी रहती है। जिलाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी और ट्रैफिक एसएचओ को निर्देश दिया कि वे अवैध रूप से सड़कों पर लगने वाले टू व्हीलर और फोर व्हीलर को क्रेन के माध्यम से सड़क से उठाकर जब्त करना और उनका चालान काटना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़कों पर ई-रिक्शा और ऑटो जहां-तहां अपनी गाड़ियां खड़ी ना करें बल्कि स्टैंड व पार्किंग स्थल पर ही सभी गाड़ियां खड़ी की जाएं। जिलाधिकारी ने उप नगर आयुक्त को शहर में जगह-जगह पर पार्किंग स्थल बनाने का निर्देश दिया है। जिसको लेकर सभी पदाधिकारियों को कहा कि जब तक हमारी मंशा काम करने की नहीं होगी और सुस्ती रहेगी, तब तक शहर को इस जाम से समाधान नहीं दिलाया जा सकता है। ट्रैफिक पुलिस अगर सही तरीके से अपना काम करें तो जाम की समस्या जल्द ही समाप्त हो जाएगी। वही ट्रैफिक एसएचओ ने जिलाधिकारी को बताया कि यहां यातायात में लगे पुलिसकर्मियों की कमी है। सासाराम में 40, डिहरी में 12 और बिक्रमगंज में 6 ट्रैफिक पुलिस ही कार्यरत हैं।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास का आइसा के एक प्रतिनिधि मंडल ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। छात्र संगठन आइसा (ऑल इंडिया स्टूडेंस एसोसिएशन) एक प्रतिनिधि मंडल जीरो माइल स्थित अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास में जाकर निरीक्षण किया और पाया कि वहां पर रह रहे छात्रों को सुविधा के नाम पर कुछ नहीं हैं। छात्रावास के पूरे कैंपस में लगभग 2 महीने से पूरा जल लगा हुआ हैं , उसमे जाने के लिए रास्ता तक नहीं हैं। मजबूरन छात्र पानी प्रवेश कर छात्रावास में जाते हैं या छात्रावास से बाहर किसी भी काम के लिए जाना पड़ता हैं। कैंपस में प्रकाश का भी घोर अभाव हैं, एक भी लाइट नहीं लगा हुआ है।प्रत्येक दिन छात्रावास में विषैले सांप और पिछु निकलते हैं, अगर किसी छात्र को कांट ले तो इसके जिम्मेवार कौन होगा। छात्रों के माध्यम से ही पाता चला की उसमें एक पुस्तकालय भी हैं लेकिन अफसोस की बात की उसमें ना ही लाइट , ना ही पंखा और छात्रों के पढ़ने के लिए एक भी किसी भी प्रकार का किताब नहीं हैं।छात्र संगठन आइसा का एक प्रतिनिधि मंडल इन सभी असुविधाओं को गंभीरता से लेते हुए आज भोजपुर जिला कल्याण पदाधिकारी से मिल कर ज्ञापन सौंपा और उनको एक निश्चित समय सीमा दिया गया, अगर समय सीमा के अंदर सभी मुद्दों को हल नहीं किया गया तो आइसा एक बड़े आंदोलन की दिशा में आगे बढ़ेगी। हमारी निम्नलिखित मांगे थी

1. जेनेटर को संचालित करने के लिए पर्याप्त ईंधन की व्यवस्था कराया जाए!
2. छात्रावास में स्थाई पानी निकासी की व्यस्था किया जाए!
3. छात्रावास में रोड़ का निर्माण कराई जाए!
4. कैंपस के अंदर लाईट की व्यस्था किया जाए!
5. कैंपस में उउळश कैमरा की व्यवस्था किया जाए!
6. लाइब्रेरी में पढ़ाई के लिए समुचित व्यवस्था जैसे - सिलेबस की किताब, महापुरुषों पर आधारित किताब, पंखा और लाईट की व्यवस्था किया जाए!
7. कैंपस में हक्क्ष्क्ष की छमता में बढ़ोतरी के साथ व्यवस्था किया जाए !
8. सभी रूम और शौचालय की मरम्मत किया जाए!
9. 4 माह का बकाया राशन अतिशीघ्र छात्रावासियों को प्रबंध कराया जाए!

प्रतिनिधि मंडल में सामिल थे आइसा भोजपुर जिला अध्यक्ष सुशील यादव, जिला सहसचिव रौशन कुशवाहा, जयशंकर प्रसाद, सुधीर कुमार,जैन कॉलेज अध्यक्ष चंदन दास, ३ कॉलेज अध्यक्ष साहिल अरोड़ा, अंकित राज, सत्य प्रकाश, मृत्युंजय कुमार, राहुल कुमार , नवीन कुमार सामिल थे।

# 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' थीम के साथ मनाया जाएगा: उप विकास आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। स्वच्छता ही सेवा 2024' पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' थीम के साथ मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के निमित उप विकास आयुक्त भोजपुर की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन उप विकास आयुक्त के कार्यालय में किया गया है। उन्होंने कहा की इस अभियान को पूरी प्रतिबद्धता के साथ सफल बनाने में कार्य जिला प्रशासन की टीम कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की संपूर्ण और सक्रिय भागीदारी तथा अंतर्विभागीय समन्वय से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को सफल किया जा सकता है. स्वच्छता को संस्कार से जोड़कर युवाओं को इसके लिए प्रेरित किया जायेगा, तभी यह अभियान सफल होगा. उप विकास आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा 2024 का आयोजन 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक किया जायेगा. जिसका मुख्य थीम "स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छताह्वहै. इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान के तीन स्तंभ हैं. स्वच्छता की भागीदारी, संपूर्ण स्वच्छता लक्षित ईकाई व सफाई मित्रा सुरक्षा शिविर. उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य समस्त ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में सर्व सेवाभाव जताते हुए स्वच्छता कार्यक्रम को जनआंदोलन के रूप में संचालित कर स्वच्छ भारत मिशन की संकल्पना को साकार बनाना है. इसके सफल संचालन के लिए पंचायती राज, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, जीविका,जिला गंगा समिति , नेहरू युवा केंद्र,राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ समन्वय एवं सहयोग प्राप्त कर व्यापक स्तर पर लक्षित गतिविधियों का संचालन किया जाना है।

इस अभियान के तहत कई गतिविधियों का किया जायेगा संचालन ने उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत जिले के सभी प्रखंड क्षेत्र में अनेकों गतिविधियों का संचालन किया जाना है. जैसे स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव, बिहार हमारा गौरव-स्वच्छता हमारी पहचान, कचरा से कला, स्वच्छ फूड स्ट्रीट पहल, गंगा उत्सव , एक दीप स्वच्छता के नाम, गंगा आरती, जनभागीदारी एवं सहयोगी उत्प्रेरण से व्यापक स्वच्छता अभियान, स्वच्छता लक्षित इकाई का समयबद्ध रूपांतरण, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, स्वच्छता संवाद, एक दिया स्वच्छता के नाम, तीन दिन एक गांव अभियान आदि शामिल हैं।

इस अभियान का शुभारंभ साफ-सफाई के साथ किया जाएगा। 17 सितंबर को सरकारी कार्यालय एवं स्कूल कॉलेज सहित अन्य में सफाई अभियान एवं 18, को सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया जायेगा. 19 सितंबर को जीविका आधारित स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता संवाद, स्वच्छता शपथ, 20 सितंबर को प्रखंड में स्वच्छता कर्मी सुरक्षा शिविर का आयोजन किया जाना है. इसके अलावा अन्य दिन विद्यालयों में साफ-सफाई, महावारी स्वच्छता एवं विभिन्न प्रतियोगिता, जल श्रोतों की सफाई, एक पेड़ मां के नाम, सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किया जाना है. 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस 2024 का आयोजन किया जाना है. साथ ही सभी पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित कर गांवों को संपूर्ण स्वच्छ बनाएं रखने के लिए स्वच्छता शपथ लिया जाना है.

# भूमि अतिक्रमण की शिकायत करने पर मारपीट,प्राथमिकी दर्ज

काराकाट(रोहतास) : काराकाट थाना क्षेत्र के सुग्गी बाल गांव में आहर की भूमि का अतिक्रमण गांव के लोगों द्वारा किये जाने की शिकायत करने पर अतिक्रमणकारियों ने वार्ड पार्षद के परिजनों के साथ मारपीट की। इस संबंध में वार्ड पार्षद भगवती देवी के पुत्र तरूण कुमार ने काराकाट थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि ग्रामीणों के शिकायत पर मेरी मां वार्ड पार्षद काराकाट सीओ से आहर की भूमि के अतिक्रमण कर लिए जाने की शिकायत की। इस शिकायत से आक्रोशित अतिक्रमणकारी सुग्गी बाल निवासी धनजी सिंह, राकेश सिंह और मुकेश सिंह अन्य लोगों के साथ लाठी-डंडा और हथियार से लैस होकर आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। इसकी सूचना पुलिस को दिया गया। पुलिस के पहुंचने पर भाग निकले। फिर मेरे परिवार के एक युवक गांव में जा रहा था तो उसे पकड़ कर मारपीट किये। जिसमें वह जख्मी हो गया है। थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि मारपीट का एक मामला आया है। उसकी छानबीन की जा रही है।

# दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण देने को लेकर 14 को लगेगा शिविर

प्रात : किरण संवाददाता

संझौली(रोहतास)। सहायक उपकरण पाने से वंचित दिव्यांग बच्चों के लिए चौदह सितंबर को के.के.+2 उच्च विद्यालय संझौली के प्रांगण में चिह्नीकरण शिविर लगेगा । समावेशी शिक्षा अंतर्गत लगने वाले इस शिविर में छह से 18 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों को चिह्नित किया जायेगा । ताकि चिह्नित दिव्यांग बच्चों को आवश्यकता अनुसार ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, वाकर, ब्लाइंड स्टिक आदि सहायक उपकरण में उपलब्ध कराया जा सके । इस संबंध में जानकरी देते हुए बीपीएम रवि कुमार ने बताया कि 14 सितंबर को दिव्यांग बच्चों को चिन्हित करने के लिए चिह्नीकरण शिविर का आयोजन होगा । शिविर में सभी आरटी, बीआरपी व आरपी समावेशी शिक्षा को लगाया गया है । उन्होंने सभी प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक,प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया है कि स्कूल में नामांकित दिव्यांग बच्चों को शिविर में भेजना सुनिश्चित करेंगे । वहीं सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह इस शिविर में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे । वहीं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी से अनुरोध किया गया है कि वह अपने स्तर से सभी पंचायत जन प्रतिनिधियों, टोला सेवकों, तालीमी मरकज स्वयं सेवकों को सभी दिव्यांग बच्चों को शिविर में भेजने के लिए निर्देशित करें ।

# सौरभ गांगुली ने सामाजिक सेवा के लिए डॉ भीम सिंह भवेश को किया सम्मानित

आरा। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरभ गांगुली द्वारा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य हेतु डॉ भीम सिंह भवेश को सम्मानित किया गया। श्री गांगुली ने पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल में रिनेटस वैलनेस द्वारा आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर ऋषिकेश पाठक एवम प्रमुख वैज्ञानिकों सहित डॉ भवेश को सम्मानित किया गया। विदित हो कि डॉ भवेश पिछले दो दशकों से निरंतर सामाजिक सेवाओं के लिए समर्पित हैं। विशेषकर बिहार में हाशिए पर पड़ी मुसहर जाति के सतत विकास हेतु उन्होंने काफी कार्य किया है। डॉ भवेश द्वारा मुसहर जाति की आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति पर एक चर्चित पुस्तक ह्णहाशिए पर हसरतह्व सहित चार पुस्तकें लिखी गई है। हाशिए पर हसरत पुस्तक का लोकार्पण राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश जी ने किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने मन की बात की 110वें एपिसोड (25 फरवरी 2024) में डॉ भवेश के कार्यो की काफी सराहना की गई थी।

# पुलिस ने किया अवैध हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार

गडहनी। थाना क्षेत्र के गडहनी अगिआँव मोड के पास से पुलिस ने बुधवार की शाम मे किसी बडी घटना को अंजाम देने जा रहा गडहनी थाना कांड संख्या 160/24 3/9/24 आर्म्स एक्ट पूर्व के कांड का प्राथमिक अभियुक्त को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।जानकारी देते हुए भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर प्रभारी थानाध्यक्ष गडहनी कुमार गौरव के नेतृत्व मे विशेष टीम गठित कर अगिआँव मोड के समीप छापामारी की गई ।जिसके बाद घेराबंदी की गई। छापामारी के दौरान पुलिस को देख अपराधी भागने की कोशिश करता है जहां पुलिस तत्परता दिखाते हुए उसे धर दबोच लेती है ।पकडे गये अपराधी की विधिवत तलाशी ली गई ।तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक देशी पिस्टल, एक मैगजीन, नौ जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन बरामद किया गया ।उन्होंने बताया कि अपराधी किसी बडी घटना को अंजाम देने जा रहा था जिसे पुलिस ने नाकाम कर दिया ।यह भोजपुर पुलिस की बडी उपलब्धि कही जायेगी।

# सुशासन की सरकार को बदनाम करने के फिराक में हैं नोखा के अधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

नोखा(रोहतास)। प्रखंड के अधिकारियों तथा कर्मियों में ब्याप्त अफसर शाही के विरुद्ध वृहस्पतिवार को प्रखंड परिसर में लोक जन शक्ति पार्टी( रा )प्रखंड अध्यक्ष राम जी पासवान के अध्यक्षता में विशाल धरना के माध्यम से प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को सचेत करते हुए राज्य के नीतीश कुमार की सुसासन सरकार को इनके द्वारा बदनाम करने की साजिस किया पदार्फास ।पार्टी के वरीय कार्यकताओं ने इस विशाल धरना सभा को संबोधित करते हुए अपने कार्यालयों में बैठे अधिकारियों की ओर इसारा करते हुए कहा कि समूचे राज्य में नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन की सरकार चल रही है बिना भेदभाव किए चौतरफा विकास किया जा रहा है।

परन्तु इसके बावजूद नोखा प्रखंड के अधिकारियों द्वारा एक सोची समझी साजिस के तहत सरकार को बदनाम करने के उदेश्य से अफसर शाही चला गरीब गुरबों का दोहन करने में मशगूल है जिसे मेरी पार्टी पदार्फास करने का बीड़ा उठा ली है ।उनके द्वारा कहा गया कि प्रखंड के कुछ अधिकारी विरोधी दल के इसारे पर काम कर रहे हैं अभी समय है सुधर जाये नहीं तो हम अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से शिकायत कर आपके कारनामें की तहकीकात कराने को मजबूर होंगे। भूमिहीन दलित परिवार को अतिक्रमण मुक्त कराने से पहले पाँच डी०जमीन,बीडीओ की मनमानी थानाध्यक्ष समेत सभी अधिकारी द्वारा गरीबों का शोषण चिकित्सीय प्रणाली में सुधार विद्युत अभियंता के कार्यकलाप से क्षुब्ध होकर पाँच सूत्री माँग पत्र बीडीओ की अनुपस्थिति में बीपीआरओ सुनील कुमार को दिया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डा० अजय चन्द्र बंशी ने किया जबकि कार्यक्रम को नोखा विधान सभा प्रभारी जनेश्वर पासवान रवि शंकर सिंह चुनचुन पासवान हरेन्द्र पासवान वकील पासवान बाबूधन पासवान शुषमा कुमारी कृष्णा राम टुनटुन कुमार अखिलेश शर्मा योगेन्द्र पासवान उमा पासवान नन्दलाल पासवान आदि पार्टी कार्यकताओं ने संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### बोधगया के महाबोधी सांस्कृतिक केन्द्र में लोजपा कार्यकारिणी की बैठक : सत्येन्द्र रंजन

अरवल।ज्ञान एवं मोक्ष के तपोभूमि बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र में बिहार लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक राजू तिवारी के अध्यक्षता में आयोजित पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होकर लौटने के उपरांत लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक राजू तिवारी के अध्यक्षता में आयोजित पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक ऐतिहासिक हुआ।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों की सौ प्रतिशत स्ट्राइक रेट के साथ जीत का श्रेय पार्टी के समर्पित कार्यकताओं को जाता है।उन्होंने आगे कहा कि पार्टी के समर्पित कार्यकताओं के मान सम्मान के लिए हम चौबीस घण्टे खड़े है। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। आगामी 28 नवम्बर 2024 को पार्टी के स्थापना के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में आयोजित महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए अभी से सभी कार्यकर्ता कार्य मे जोर शोर से लग जायें।

### दंत जांच शिविर का हुआ आयोजन

गया।इनरव्हील क्लब ऑफ गया सनराइज द्वारा मानपुर के एक प्राथमिक विद्यालय में निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया है।इस शिविर में विद्यालय के सभी बच्चों ने भाग लिया और अपने दांतों की जांच करवाई गई है।शिविर का उद्देश्य बच्चों को मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें दंत समस्याओं से बचाने के उपाय सुझाना था।शिविर में प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. मांसी राजपूत एवम डॉ लवली कुमारी ने बच्चों के दांतों की जांच की और उन्हें सही तरीके से दांत साफ करने की विधि बताई गई है।बच्चों को दंत स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और दांतों की नियमित देखभाल पर जोर दिया गया है।क्लब द्वारा बच्चो में टूथब्रश और टूथपेस्ट भी वितरण किया गया है।इनरव्हील क्लब ओजस्वी की अध्यक्ष डॉ तेजस्वी नंदन ने कहा कि बच्चों के समग्र स्वास्थ्य के लिए दांतों की देखभाल अत्यंत महत्वपूर्ण है।इस शिविर के माध्यम से हम उन्हें शुरूआती उम्र से ही मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहते हैं।

### जदयू प्रदेश ने अरुण कुमार राव को घोसी विधानसभा का बनाया प्रभारी

गया।आगामी विधानसभा चुनाव देखते हुए इस फिर नये सिरे से विधानसभा प्रभारी की सूची जदयू पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के देख रेख में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा द्वारा सूचि जारी किया गया है इस बार फिर से विधानसभा प्रभारी गया जिला से पांच वरिष्ठ नेताओं को विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है इसमें अरुण कुमार राव को घोसी विधानसभा के प्रभारी बनाया गया है यह पहले कुर्था विधानसभा के प्रभारी एवं प्रदेश सचिव तथा जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य रह चुके हैं इसी प्रकार मोहम्मद शौकत अली को औरंगाबाद विधानसभा के प्रभारी ,सोनम दास को कुटुंब विधानसभा के प्रभारी, पूनम कुशवाहा को कुटुबा विधानसभा के प्रभारी रामनारायण शर्मा को रजौली विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है तथा प्रदेश कमिटी में भी नये सिरे से प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कि सूचि जारी किया गया है।

### डालमिया आवास पर धूमधाम से मनाई राधारानी जन्मोत्सव

गया।शहर केपी रोड स्थित डालमिया आवास पर अरुण बेला में वृषभान दुलारी राधा रानी का जन्मोत्सव मनाया गया.विभिन्न योग संयोगों के बीच राधाअष्टमी पर पंचामृत अभिषेक के साथ ही विशेष पालना झांकियां सजाई गई और भक्तों ने राधा रानी के चरणों के दर्शन किए. कार्यक्रम के आयोजक शिव अरूण डालमिया ऋतु डालमिया, प्रिया डालमिया की देखरेख में किया गया.मौके पर पुजारी जी ने बताया कि आज दूध, दही, घी,शहद से तैयार पंचामृत से राधा रानी का अभिषेक किया गया. इसके बाद नवीन पोशाक धारण कराकर विशेष आभूषण धारण कराए गए. साथ ही राधारानी को प्रिय पंजीरी, लड्डू, पेड़ा,परवल मिठाई,मावे की बर्फी का भोग लगाया गया.यहां धूप झांकी खुलने पर अधिवास पूजन किया और छप्पन भोग की झांकी सजाई गई,जबकि श्रृंगार आरती के बाद राधारानी को कपड़े,फल, टॉफी,सहित अन्य सामान अर्पित कर भक्तों में उछाल की गई.पुरानी मान्यताओं के अनुसार द्वपर युग में खुद माता लक्ष्मी ने राधा रानी का अवतार धारण किया था.जब वृषभान जी यज्ञ के लिए जमीन साफ कर रहे थे, इसी दौरान राधा रानी उन्हें जमीन से नवजात बच्ची के रूप में मिलीं।

# सीमा शुल्क पटना ने विभिन्न प्रकार के सामग्रियों को वाहन सहित किया जब्त

## जब्त सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य है 17.50 लाख

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत निवारण शाखा मुख्यालय पटना के अधिकारियों द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर जीरो माइल, पटना के समीप एक वाहन (संख्या-इफ82ॠअ-7698) से तस्करी कर लाये जा रहे नेपाल में निर्मित विभिन्न प्रकार के सामग्रियों को वाहन सहित बुधवार को जब्त किया, जिसका कुल अनुमानित मूल्य 17.50 लाख है।

जब्त की गई सामग्रियों में मुख्य रूप से ग्लो एंड लवली, वेसलीन डीप मोइसचर, क्लोजअप इत्यादि हैं । ये सभी सामग्री यूनिलीवर नेपाल लिमिटेड, नेपाल द्वारा निर्मित हैं एवं इन सभी सामग्रियों पर नेपाल रिटेल प्राइस (एन.आर.पी.) अंकित है साथ ही साथ यह भी अंकित है कि इसकी बिक्री केवल नेपाल में ही होनी है। लेकिन इन सामग्रियों को तस्कर कर अवैध रूप से भारतीय बाजार में बिक्री हेतु लाया जा रहा



था। इस प्रकार के अवैध बिक्री से घरेलू बाजार के उत्पादों के उत्पाद एवं बिक्री पर प्रतिकूल असर पड़ता है। हलांकि इसको रोकने के लिए सीमा शुल्क (निवारण) पटना पूरी तरह सक्षम और मुस्तैद है । जब्ती में शामिल अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। खासकर तस्करी के इतनी बड़ी खेप लाने में इस तरह के उत्पाद की अन्य बड़ी स्थानीय कम्पनियों (खास कर इनके नाम से मिलती-जुलती कम्पनियाँ) की भूमिका भी संदेह के दायरे में है जिसकी संलिप्तता/सहभागिता के बारे में सीमा शुल्क पटना के द्वारा सघन जाँच की जा रही है । इस दिशा में जल्द ही अन्य जरुरी कारवाई देखने को मिल सकती है।

पिछले कुछ समय से डॉ० यशोवर्धन पाठक, आयुक्त सीमा शुल्क (निवारण) पटना के दिशा-निर्देश में तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान चलाया जा रहा है और इसके फलस्वरूप तस्करी के अनेकों सामान जब्त किये गए हैं। आयुक्त ने बताया कि तस्करों द्वारा पूर्वोतर क्षेत्र से ट्रेनों तथा अन्य माध्यमों से यथा सड़क मार्ग द्वारा भी अवैध तरीके से तस्करी कर विदेशी मूल के समानों को लाया जा रहा है तथा बिहार एवं झारखंड के इलाकों में इसकी बिक्री की सूचना है। हालांकि इसको रोकने के लिए पटना कस्टम्स पूरी तरह सक्षम और मुस्तैद है एवं आने वाले समय में इस तस्करी निरोधी अभियान को और गति तथा सख्ती मिलेगी। साथ ही संलिप्त लोगों के विरुद्ध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक अभियान में भविष्य में भी बेहतर समन्यवय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सके । इस संबंध में आयुक्त महोदय ने यह भी बताया कि तस्करी विरोधी अभियान में सहयोग करने वाले विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं के अधिकारियों एवं सूचना देने वाले व्यक्तियों को सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान है।

# शेरघाटी में हुए लूट के घटना का हुआ उद्भेदन

## तीन अपराधी समेत दो बाइक व रुपये आदि किये गए बरामद

प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटी। शहर में हुए दिनदहाडे लूट की घटना में शामिल तीन अपराधी गिरफ्तार घटना के उद्भेदन करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दिया कि गत 6 सितंबर को शेरघाटी के रमना रोड में गांजा मोड़ के समीप कपूर ट्रेडर्स नामक खाद्य सामग्री के थोक विक्रेता के प्रतिष्ठान में सुबह 7 बजे बाइक सवार आए आधा दर्जन अपराधियो ने हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। उल्लेखनीय हो कि 6 सितंबर को कपूर ट्रेडर्स से 15 लाख नगद एवं लगभग 9 लाख के सोने चांदी के आभूषण की लूट की गई थी। उक्त घटना को लेकर गया एसएसपी ने प्रेस वार्ता में बताया गया है थानाध्यक्ष शेरघाटी को जैसे ही सूचना प्राप्त हुई कि कुछ अपराधियों द्वारा रमना रोड स्थित एक दुकान में लूट की घटना हुआ है । उक्त सूचना के बाद थानाध्यक्ष ने वरीय पदाधिकारी को अवगत




कराते हुए शेरघाटी थानाध्यक्ष, थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी सशस्त्र बल के साथ तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए तथा आसपास में लगे सी०सी०टी०वी० कैमरा का अवलोकन किया गया। इस संबंध में शेरघाटी थाना कांड संख्या-462/24, 06 सितंबर 2024 को धारा-310(2) बी०एन०एस० दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा इस कांड को काफी गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, शेरघाटी-01 डॉ के रामदास को घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित करते हुए इनके नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया । जिसमें थानाध्यक्ष शेरघाटी और थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी सहित तकनीकी शाखा गया के पुलिस पदाधिकारी शामिल किए गए।इस क्रम में उक्त गठित टीम को सूचना प्राप्त हुई की इस कांड के अपराधकर्मी हंटरगंज थानान्तर्गत ग्राम नावाडीह में छीपे हुए है। तत्पश्चात उक्त गठित टीम के द्वारा द्वारा हंटरगंज थानान्तर्गत नावाडीह बाजार में छापामारी किया गया तो उक्त छापामारी के क्रम में एक मोटरसाईकिल पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया।

पकड़ाए दोनों व्यक्ति की पहचान दिलशाद कुरैशी ग्राम नावाडीह, थाना हंटरगंज, जिला चतरा, मो० सद्धाव कुरैशी ग्राम कुंडी, थाना बाँकेबाजार, जिला गया बताया। पकडाए व्यक्ति विधिवत तलाशी लिया गया तो तलाशी के क्रम में लूटी गई राशि 86,000/- रूपए एवं दो मोबाईल बरामद हुआ। बरामद मोटरसाईकिल के बारे पुछा गया तो बताया कि इसी मोटरसाईकिल से लूट की घटना कारित की गई थी, तथा एक और मोटरसाईकिल जिसका प्रयोग लूट की घटना में की गई थी उसे समशेर कुरैशी अपने घर में रखे हुए है। गिरफ्तार दोनों अपराधकर्मी के निशानदेही पर ग्राम नावाडीह में समशेर कुरैशी के घर छापामारी कर समशेर कुरैशी ग्राम नावाडीह, थाना हंटरगंज, जिला चतरा को एक मोबाईल एवं लूट में प्रयोग किए गए फ15 मोटरसाइकल के साथ गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार संलिप्त आरोपियों से पूछताछ के बाद मामले का उद्भेदन किया गया है।अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी भी जल्द ही की जाएगी।वहीं उक्त घटना के उद्भेदन में गठित टीम में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारीयो को गया एसएसपी के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# डीएम ने करपी व वंशी प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव द्वारा प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय करपी एवं वंशी का औचक निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड-सह- अंचल कार्यालय करपी निरीक्षण के क्रम में कार्यालय में साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति का भी जायजा लिया गया और सभी कर्मियों को कार्य शैली में सुधार करने हेतु निदेश दिए गए। सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने विभाग के कार्यो को ससमय निष्पादन करने हेतु निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि सिटिजेन सेन्ट्रीक एडमिनिस्ट्रेशन के तहत प्रखण्ड कार्यालय में सप्ताह में एक बार जनता दरबार का आयोजन करना सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओं जैसे- आवास योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना, कबीर अन्त्येष्टि योजना, विधवा पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना की समीक्षा की गई, साथ ही सभी योजनाओं को ससमय निष्पादित करने हेतु संबंधित पदाधिकरी को निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करपी का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रत्येक कमरा जैसे ओपीडी कक्ष, निबंधन कक्ष, प्रसव कक्ष, रोगी निबंधन काउंटर, दवा वितरण काउंटर, आयुष्मान मित्र काउंटर, दंत चिकित्सक इत्यादि का भी जायजा लिया गया। स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा मरीजों को मिलने वाली सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही है।

वहीं प्रखण्ड-सह- अंचल कार्यालय वंशी में निरीक्षण के क्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से प्रधानमंत्री आवास योजना 2024-25 के एफटीओ से संबंधित जानकारी ली गई साथ ही प्रखण्ड स्तरीय सभी पदाधिकारियों से उनके विभाग से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली गई। जिला पदाधिकारी द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन हेतु निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान एवं पुस्तकालय का निर्माण बनाने से संबंधित स्थल को चिन्हित करने हेतु निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा राशन कार्ड से संबंधित आवेदन को ससमय निष्पादन करने हेतु निदेशित किया गया।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने सभी पार्षदों से पितृपक्ष मेला में सफाई बनाए रखने की अपिल

गया।राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा गया नगर निगम के अंतर्गत आने वाले पितृपक्ष मेला 2024 के आयोजन को लेकर नगर निगम के अंतर्गत सभी वार्ड पार्षदों से अपील की है कि वे अपने-अपने वार्डों में सफाई और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। पितृपक्ष मेला धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से गया के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है, जहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु अपने पितरों के तर्पण और पूजा-अर्चना के लिए आते हैं इस दौरान साफ सफाई और स्वच्छता की स्थिति का विशेष ध्यान रखना है ताकिआनेवालेश्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# गया नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 47 से 53 वार्ड विकास से है अपेक्षित : गोपाल पटवा

प्रात: किरण संवाददाता

गया। गोपाल प्रसाद पटवा अध्यक्ष बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ सह सामाजिक कार्यकर्ता संग प्रकाश राम पटवा जिलाअध्यक्ष व्यापार एवं उद्योग प्रकोष्ठ जद.यु. द्वारा संयुक्त रूप से कुमार अनुराग नवपदस्थापित नगर आयुक्त गया नगर निगम को राधा अष्टमी के अवसर पर प्रभार लेने पर कार्यालय में मिलकर , बहुत-बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए मानपुर पटवा टोली के बुनकरों द्वारा निर्मित अंग वस्त्र , बुनकर चरखा प्रतीक - चिन्ह एवं बुके भेंट कर सम्मानित करते हुए , नदिया के पार मानपुर स्थित सात वार्ड पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए , गरीबों का कार्य प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने , उत्कृष्ट एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन , न्याय के साथ गया जी नगर निगम क्षेत्र में समेकित विकास पर बल देने का सुझाव दिया है। नवपदस्थापित नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने भरोसा दिलाया की विकास में कोई कसर नहीं रखेंगे।

# गांधी मैदान इमामगंज में गरीब संकल्प सभा को संबोधित करेंगे जीतन राम मांझी

प्रात: किरण संवाददाता

गया। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेकुलर पार्टी की इमामगंज विधानसभा स्तरीय कार्यकताओं की बैठक रानीगंज में प्रखंड अध्यक्ष रामप्रीत भारती की अध्यक्षता में पार्टी द्वारा प्रस्तावित 15 सितंबर 2024 को इमामगंज प्रखंड के गांधी मैदान में गरीब संकल्प सभा को सफल बनाने को लेकर संपन्न हुई हुई। संकल्प सभा को पार्टी के संस्थापक और भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी तथा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार के मंत्री डॉ संतोष कुमार मांझी संबोधित करेंगे ।संकल्प सभा में पूरे विधानसभा क्षेत्र डुमरिया इमामगंज एवं बांके बाजार के लगभग 10000 लोग अपने लोकप्रिय नेता को सुनने के लिए उपस्थित होंगे ,इसकी जानकारी पार्टी के गया जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने दी। पार्टी केवरिया नेता पूर्व जिला अध्यक्ष मोहम्मद टुटू खान ने कहा इमामगंज के देवकली जनता ने अपना आशीर्वाद देकर हमारे नेता मांझी को दो-दो बार अपनी सेवा का मौका दिया जिसकी परिधि है कि आज पूरे विधानसभा क्षेत्र में अमन चैन शांति का माहौल है और विकास कार्य में भी काफी गति मिली है। हमारे नेता आदरणीय मांझी जी बिना किसी भेदभाव के पूरे क्षेत्र में शांति सद्भाव के साथ विकास किया है।इस बैठक में विधानसभा प्रभारी मोहम्मद एकराम खान, पार्वती देवी,प्रखंड अध्यक्ष इमामगंज रामप्रीत भारती ,प्रखंड अध्यक्ष बांके बाजार मोहम्मद अजमत खान, प्रखंड अध्यक्ष डुमरिया श्याम सुंदर भारती, महेंद्र मांझी ,अनुज गदानी ,लालदेव मांझी, आशिक हुसैन ,रवि भारती, चंदन कुमार, देव प्रसाद आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गैरसरकारी संगठन विकाश पथ विक्रम ने की बलात्कार पीड़ितों को शीघ्र न्याय की मांग

## विशेष अदालतों का गठन नहीं हुआ तो वर्षों तक रह सकते लंबित मामले

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। गैरसरकारी संगठन विकाश पथ विक्रम ने की बलात्कार पीड़ितों को शीघ्र न्याय की मांग । विशेष त्वरित अदालतों के कामकाज पर इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की रिपोर्ट फास्ट ट्रैकिंग जस्टिस। रोल ऑफ फास्ट ट्रैक स्पेशल कोट्र्स इन रिड्यूसिंग केस बैकलॉग्स के अनुसार, इन विशेष अदालतों में मामलों के निपटारे की दर 83 प्रतिशत रही जबकि अन्य अदालतों में सिर्फ 10 प्रतिशत । साल भर के भीतर सभी लंबित मामलों का खात्मा करना है तो हर तीन मिनट में करना होगा बलात्कार या पॉक्सो के एक मामले का निपटारा । सभी फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों (एफटीएससी) को संचालित रखने के अलावा एक हजार नई विशेष अदालतों की स्थापना की सिफारिश

विकाश पथ विक्रम ने की अपील, बलात्कार पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए नई विशेष त्वरित अदालतों को गठन को गंभीरता से ले राज्य सरकार । इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की एक शोध रिपोर्ट के आलोक में बिहार के अरवल में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे गैरसरकारी संगठन विकाश पथ विक्रम ने बलात्कार व यौन शोषण के पीड़ितों को शीघ्रता से न्याय दिलाने के लिए राज्य सरकार से नई विशेष त्वरित अदालतों के गठन की दिशा में तत्काल कदम उठाने की अपील की है। इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की रिपोर्ट फास्ट ट्रैकिंग जस्टिस रोल ऑफ फास्ट ट्रैक स्पेशल कोट्र्स इन रिड्यूसिंग केस बैकलॉग्स में यह तथ्य उजागर हुआ है कि फास्ट ट्रैक स्पेशल कोट्र्स यानी विशेष त्वरित अदालतें ही बलात्कार व यौन शोषण के पीड़ितों को शीघ्रता से न्याय दिलाने का एकमात्र रास्ता हैं। रिपोर्ट को नई दिल्ली में एक तीनदिवसीय कार्यशाला में जारी किया गया। पूरे देश की अदालतों में बलात्कार व पॉक्सो के मामलों के निपटारे की दर 2022 में सिर्फ 10



प्रतिशत थी, वहीं इन विशेष त्वरित अदालतों में यह दर 83 प्रतिशत रही जो 2023 में बढ़कर 94 प्रतिशत तक पहुंच गई। रिपोर्ट में लंबित मामलों के निपटारे के लिए देशभर में काम कर रही सभी विशेष त्वरित अदालतों को चालू रखने के अलावा तत्काल एक हजार नई फास्ट ट्रैक अदालतों के गठन की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में यह भी सिफारिश की गई है कि मौजूदा विशेष अदालतों में कामकाज सुचारु रूप से जारी रखने और बड़ी तादाद में लंबित मामलों के निपटारे के लिए नई विशेष अदालतों के गठन के लिए निर्भया फंड की अप्रयुक्त राशि का उपयोग किया जा सकता है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि इन अतिरिक्त त्वरित विशेष अदालतों का गठन नहीं होने की स्थिति में बलात्कार व पॉक्सो के लंबित मामलों का शायद कभी भी निपटारा नहीं हो पाएगा।

पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करने में इन विशेष त्वरित अदालतों की आवश्यकता और इनकी केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता और बाल विवाह मुक्त भारत के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा, बलात्कार व यौन शोषण के मामलों में न्याय के लिए पीड़ितों की अंतहीन प्रतीक्षा के खात्मे की दिशा में देश अब टिपिंग प्वाइंट यानी वह बिंदु जहां एक छोटा सा बदलाव किसी बड़े परिवर्तन का वाहक बन जाता है, तक पहुंच रहा है। यह एक बेहद अहम क्षण है जब हमें अपने बच्चों व महिलाओं की सुरक्षा व संरक्षण में निवेश करना चाहिए और अगले तीन साल में सभी लंबित मामलों के निपटारे के लिए एक हजार विशेष त्वरित अदालतों के गठन से हम पीड़ितों के लिए न्याय का अधिकार सुनिश्चित कर सकते हैं। यह वो क्षण है जब हम पीड़ितों के लिए पुनर्वास और क्षतिपूर्ति सुनिश्चित करते हुए समाज में न्याय की प्रतिरोधक शक्ति को स्थापित करने के लिए लंबित मामलों व अपीलों के समयबद्ध निपटारे के बाबत एक नीति बनाएं ताकि न्याय वितरण प्रक्रिया में हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट सहित सभी अदालतों की जवाबदेही तय हो सके। बाल विवाह मुक्त भारत 200 से ज्यादा गैरसरकारी संगठनों का एक राष्ट्रव्यापी गठबंधन है जो देश के 400 से ज्यादा जिलों में बाल विवाह के खात्मे के लिए काम कर रहा है। इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन और विकाश पथ विक्रम बाल विवाह मुक्त भारत के गठबंधन सहयोगी हैं। रिपोर्ट के अनुसार विशेष त्वरित अदालतों में बलात्कार व पॉक्सो के 2,02,175 लंबित मामलों के निपटारे में अनुमानित तीन साल का समय लगेगा। इसके मद्देनजर रिपोर्ट में तत्काल एक हजार नई विशेष त्वरित अदालतों के गठन के अलावा यह सुनिश्चित करने की सिफारिश की गई है कि मौजूदा सभी 1023 विशेष अदालतों में कामकाज सुचारू जारी रहे। रिपोर्ट के अनुसार अगर अदालतों में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाए और अगर हर तीन मिनट में बलात्कार या पॉक्सो के एक मामले का निपटारा किया जाए तब कहीं जाकर दिसंबर 2023 तक के लंबित मामले साल भर में खत्म हो सकते हैं। रिपोर्ट में उजागर तथ्यों का हवाले से विकाश पथ विक्रम के निदेशक सतेंद्र कुमार सांडल्य ने कहा, एक तरफ जहां हम लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि पीड़ित और उनके परिवार चुप रहने के बजाय न्याय के लिए आवाज उठाएं, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि न्याय के लिए उनका यह संघर्ष अक्सर अंतहीन होता है। कचहरी के चक्कर और न्याय के बजाय तारीख पर तारीख कई बार तो पीड़ित के साथ हुए अत्याचार से भी ज्यादा असहनीय हो जाती है। रिपोर्ट साफ तौर से यह तथ्य स्थापित करती है कि और ज्यादा विशेष त्वरित अदालतों का गठन हमारे बच्चों और उनके परिवारों के लिए शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने में सहायक होगा। हम राज्य सरकार से अपील करते हैं कि राज्य में जितनी भी विशेष त्वरित अदालतों की स्वीकृति है, उन सभी में अदालती कामकाज जारी रखना सुनिश्चित करते हुए तत्काल नई विशेष अदालतें गठित की जाएं। न्याय में देरी न्याय का हनन है और इस दुष्चक्र का अंत होना चाहिए। साफ तौर पर यह तथ्य उजागर हुआ है कि विशेष त्वरित अदालतें लंबित मामलों के तेजी से निपटारे में कारगर साबित हुई हैं और इनके गठन के बाद से इनमें सुनवाई के लिए आए 4,16,638 मामलों में से 2,14,463 मामलों का निपटारा हो चुका है। महाराष्ट्र (80 प्रतिशत) और पंजाब (71 प्रतिशत) मामलों के निपटारे में शीर्ष पर हैं जबकि महज दो प्रतिशत मामलों के निपटारे की दर के साथ देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में पश्चिम बंगाल सबसे निचले स्थान पर है। ध्यान देने वाली बात यह है कि राज्य में 123 विशेष त्वरित अदालतों के गठन की स्वीकृति है लेकिन महज तीन अदालतें ही काम कर रही हैं। सरकार ने आपराधिक कानून (संशोधन) विधेयक, 2018 में प्रस्तावित सख्त समयसीमा और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए बलात्कार व पॉक्सो मामलों के तेजी से निपटारे के लिए अगस्त 2019 में स्पेशल फास्ट ट्रैक कोट्र्स यानी विशेष त्वरित अदालतों के गठन को मंजूरी दी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा विशेष अदालतों में कामकाज सुचारु रूप से जारी रखने और नई विशेष अदालतों के गठन के लिए निर्भया फंड की अप्रयुक्त राशि का उपयोग किया जा सकता है।

# गया कॉलेज में आईक्युएसी सेल की बैठक संपन्न

गया। कॉलेज गया में आज प्राचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र की अध्यक्षता में आई क्यु ए सी सेल की बैठक आहूत की गई है ।कोऑर्डिनेटर आ ई क्यु ए सी डॉ अरुण गर्ग ने नैक द्वारा विभिन्न संस्थाओं के मूल्यांकन संबंधी परिवर्तित एवं नए नियमों की चर्चा सभी सदस्यों से साझा की प्राचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि नैक से अच्छे ग्रेड प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय परिवार कृत संकल्प है वर्षा जल संचयन के क्षेत्र में महाविद्यालय में बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है जिससे प्राकृतिक जल को संधारित एवं पुनः शुद्धिकृत कर इस संपूर्ण क्षेत्र में जल के स्तर को बनाए रखा जाएगा एवं भीषण गर्मी में भी जलापूर्ति निर्वाण रूप से होती रहेगी यह योजना महाविद्यालय एवं संपूर्ण समाज के लिए लाभकारी है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को पुस्तकालय में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ. हाई स्पीड वाई-फाई की सुविधा भी प्रदत है जिससे विद्यार्थी उपलब्ध पुस्तकों के अलावा इंटरनेट के माध्यम से भी ज्ञान का सृजन कर सकें साथी साथ महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक वार्षिक पत्रिका सतदल पर भी विचार विमर्श किया गया एवं विभिन्न भाषाओं में महाविद्यालय परिवार के सदस्यों से आलेख आमंत्रित करने पर भी चर्चा की गई है इसके साथ ही साथ इस पत्रिका को यूजीसी केयर लिस्ट में शामिल करने के विभिन्न उपायों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई है ।महाविद्यालय के जनसम्पर्क पदाधिकारी डॉक्टर धनंजय धीरज ने बताया कि शैक्षणिक एवं विभिन्न सह शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को प्रतिस्थापित करने हेतु नित नए नवाचारों का प्रयोग किया जा रहा है आशा है की नैक से बेहतर से बेहतर ग्रेड प्राप्त करने में हम सब सफल होंगेमौके पर आ ई क्यु ए सी सदस्य डॉक्टर तलत आफरीन वनस्पति विज्ञान डॉक्टर रिचा सिंह रसायन शास्त्र विभाग डॉक्टर श्रुति प्रिया अर्थशास्त्र विभाग ।डा किशोर कुमार सामाजिक विज्ञान विभाग डॉ आशुतोष कुमार भौतिक विज्ञान विभाग डा पन्नालाल वाणिज्य विभाग सत्येंद्र कुमार एवं अमरजीत कुमार कंप्यूटर एपल्लिकेशंन राजेश मिश्रा संस्कृत विभाग, शादाब इलियास आईटी विभाग, अंबरीश नारायण एमबीए विभाग सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# विद्यालय और महाविद्यालय के बीच अब दूरी होगी कम : रोमित कुमार

गया ।ज्ञान भारती रेसीडेंशियल कंपलेक्स के निदेशक रोमित कुमार ने कहा कि शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया एवं हमारे विद्यालय के बीच हुए एम ओ यू के माध्यम से विद्यालय और महाविद्यालय के बीच की दूरी को कम किया जा सकेगा एवं विद्यार्थियों को सीधे-सीधे उच्च शिक्षा हेतु अभिप्रेरित करने में भी सहायता मिलेगी वैश्वीकरण के दौर में ऐसे कार्यक्रमों की अहमियत इसलिए बढ़ जाती है ताकि एक संस्थान को दूसरे संस्थान के बीच हो रहे नवरी प्रयोग से अवगत होने का अवसर प्राप्त होता है आशा करता हूं कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में यह करार दोनों संस्थाओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगा. शिक्षा विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर धनंजय धीरज ने कहा की दोनों संस्थाओं के बीच हुए इस साझा करार के आधार पर भविष्य में कई कार्यक्रमों का आयोजन दोनों संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020-20. के उन्मुखीकरण समेत भविष्य में शिक्षकों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सफल कक्षा प्रबंधन कक्षा कक्ष संप्रेषण एवं प्रभावी शिक्षण कौशलों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यशालाओं के आयोजन के माध्यम से विद्यालय के बच्चों को लाभ पहुंचना है।

# आईआईएम बोधगया ने बिहार के परिवहन विभाग के साथ किया समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

गया ।आईआईएम बोधगया के साथ अपने अधिकारियों के लिए प्रबंधन, नेतृत्व और कौशल विकास में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बिहार परिवहन विभाग ने किये समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर । समझौते के तहत, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट ट्रांसपोर्ट ऑफिसर्स एडीटीओ, मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर्स एमवीआई, और एनफोर्समेंट सब-इंस्पेक्टर्स ईएसआई जैसे अधिकारी प्रशिक्षण में शामिल होंगे । आईआईएम बोधगया के इस कार्यक्रम में आयोजित प्रत्येक बैच के लिए छह दिवसीय आवासीय सत्र शामिल किये जाएंगे ।बिहार की परिवहन मंत्री शीला कुमारी ने बताया कि परिवहन विभाग के लिए यह समझौता एक महत्वपूर्ण कदम होने के साथ ही परिवहन सेवाओं में सुधार करने हेतु, अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है ।आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनीता सहाय ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कार्यक्रम से प्रबंधन, नेतृत्व और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित होगा, जिससे परिवहन अधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन अधिक प्रभावी ढंग से करने में सक्षम होंगे ।परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि समझौते का उद्देश्य परिवहन विभाग के अधिकारियों को आधुनिक प्रबंधन तकनीकों और कौशल से लैस करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से अधिकारियों के कौशल, कार्य संस्कृति, कार्यालय प्रबंधन और राजस्व में सुधार होने के साथ ही बेहतर परिवहन सेवाओं और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में भी योगदान मिलेगा ।बिहार का परिवहन विभाग सुरक्षा और दक्षता पर जोर देते हुए सड़क परिवहन सेवाओं, यातायात विनियमन और वाहन अनुपालन का प्रबंधन करता है। यह उत्तरदायी शासन सुनिश्चित करने हेतु अपने 38 डिस्ट्रिक्ट ट्रांसपोर्ट ऑफिसर्स डीटीओ और 9 रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटीज आरटीए के माध्यम से नागरिक-केंद्रित सेवाएं प्रदान करता है ।आईआईएम बोधगया और बिहार परिवहन विभाग के बीच यह एमओयु परिवहन अधिकारियों के कौशल को मजबूत करने और बिहार में परिवहन सेवाओं में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पिंकू कुमार, पटना के एडीटीओ, ने कहा कि प्रशिक्षण से निर्णय लेने की क्षमता में सुधार होगा। गया की एडीटीओ बेबी कुमारी ने कहा कि प्रशिक्षण से डेटा एनालिसिस और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए रणनीति बनाने में मदद मिलेगी। आईआईएम बोधगया बिहार सरकार के विभिन्न विभागों, जैसे जल संसाधन विभाग, राज्य स्वास्थ्य सोसायटी, बिहार पुलिस अकादमी, बिपार्ड और उद्योग विभाग सहित अन्य को नेतृत्व और प्रबंधन

## संक्षिप्त खबरें

### अंजनी पटेल को मिला बड़हरिया विस क्षेत्र का प्रभार

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड प्रदेश सचिव और यहां के मच्छरहट्टा गली के रहने वाले अंजनी पटेल को सीवान जिला के बड़हरिया विधानसभा क्षेत्र का महत्वपूर्ण प्रभार सौंपा गया है। बताते चलें कि पार्टी के द्वारा श्री पटेल को लोकसभा चुनाव में नालंदा का प्रभार दिया गया था। अब सीवान के बड़हरिया का प्रभार मिलने से जदयू कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, सांसद सह कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### जदयू जिलाध्यक्ष ने सीएम के समक्ष कई मांगों को रखा

छपरा कार्यालय। जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने मढ़ौरा के विकास के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मढ़ौरा में आईटी पार्क का निर्माण, मढ़ौरा में इनडोर स्टेडियम का निर्माण, मढ़ौरा में चीनी मिल को पुन शुरू करने, मढ़ौरा में प्रेक्षा गृह का निर्माण, मढ़ौरा में डिग्री कॉलेज की स्थापना, मढ़ौरा में बाई पास का निर्माण, अमनौर के अपहर स्थित शिवालय मंदिर एवं पोखरा का सौंदर्यीकरण करने की मांग की। बताते चले कि अल्ताफ आलम राजू 2020 में जदयू के टिकट पर मढ़ौरा से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके है मढ़ौरा के विकास के लिए श्री आलम पहले भी पत्राचार कर चुके है। मौके पर मंत्री विजय चौधरी, मंत्री सुमित सिंह, सांसद राजीव प्रताप रूडी, विधान पार्षद वीरेंद्र नारायण यादव, विधायक मंटू सिंह, विधान पार्षद सच्चिदानंद राय, पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी, पूर्व मंत्री गौतम सिंह, पूर्व उप सभापति सलीम परवेज, पूर्व विधायक रणधीर सिंह, महेश सिंह, गामा सिंह, जावेद अब्बास पप्पू, राजेश त्यागी, ई0 प्रभास शंकर, सतीश शर्मा, ब्रजेश सिंह, रमेश किशन कुशवाहा, कुसुम देवी, सत्यनारायण सिंह, मनोज सिंह आदि उपस्थित थे।

### दुष्कर्म मामले में एक गिरफ्तार, पैक्सो एक्ट का मामला दर्ज, भेजा गया जेल

बनियापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के पूछरी गाव मे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है साथ ही सुसंगत धाराओं मे आरोपित करते जेल भेज दिया है। घटना मे थानाध्यक्ष प्रेस नोट जारी करते बताया है कि पुलिस को गुरुवार को गुप्त सूचना मिली थी कि पूछरी गाव मे एक 16 वर्षीय बालिका के साथ एक युवक द्वारा दुष्कर्म किया गया है, पीड़िता के आवेदन के आधार पर आरोपित मैना महतो को गिरफ्तार कर लिया गया, साथ ही थाना कांड संख्या 417/24 धारा 64/65 बी एन एस एव धारा 4/6. पैक्सो एक्ट दर्ज कर कांड मे संलिप्त अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। टीम थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### सीपीआईएम के महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर शोक

विभूतिपुर/समस्तीपुर। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी का निधन गुरुवार को दिल्ली एम्स में हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही विभूतिपुर के सीपीआईएम कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनके निधन से पूरे देश को एक अपूरणीय क्षति हुई है। सीताराम येचुरी समाजवाद, न्याय और समानता के लिए हमेशा प्रयास करते थे उनकी विचारधारा आंदोलन को एक नई दिशा दी है। उनकी कमी हमेशा खलेगी। शोक व्यक्त करने वालों में महेश कुमार, श्याम किशोर कमल, शशिकांत झा, मिथिलेश सिंह, सिया प्रसाद यादव, विद्यानंद विद्यार्थी, रघुनंदन सिंह, अरविंद कुमार दास, जागेश्वर महतो, क्रांति कुमार, उमेश दास, रामनारायण पासवान, सुलेखा कुमारी, किरण कुमारी, संजय कुमार, बबलू कुमार, कृष्णमूर्ति, राजगीर यादव, नवीन सिंह, रामदेव राम आदि शामिल थे।

### कफेन में 100 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद, पिक अप जप्त, धंधेबाज फरार

बोचहा। मद्य निषेध विभाग व गरहां पुलिस की संयुक्त छापामारी में कफेन में बुधवार को एक पिकअप वैन सहित 100 कार्टून से ज्यादा अंग्रेजी बरामद किया है। धंधेबाज गाड़ी और शराब छोड़कर भाग खडा हुआ। एसआई ज्योति कुमारी के बयान पर बोलोरो पिकअप के मालिक चालक सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया गया है। थानाअध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर ने बताया कि मद्य निषेध विभाग के साथ गुप्त सूचना के आधार पर उन्होंने एसआई विजयकांत सिंह, ज्योति कुमारी एवं पुलिस बल के साथ छापामारी की। कफेन लतीफ में बुधवार तडके टीम पहुंची तो उजले रंग के बोलोरो पिकअप के पास खड़े 7-8 लोग भागना शुरू किया। पुलिस बनने खदेड़ा लेकिन धंधेबाज भागने में कामयाब रहे। पिकअप वैन के ढाला में रखे शराब जप्त कर थाने लाया गया। किंग गोल्ड व्हिस्की के बड़े छोटे बोतल को मिलाकर कल 78 कार्टून शराब बरामद किया गया।

# कुछ घंटों की बारिश से फिर जलमग्न हुआ सीएम साइंस कॉलेज

प्रात : किरण




दरभंगा। बीती रात एक बार फिर हुई कुछ घंटों की बारिश ने दरभंगा नगर निगम के सफाई अभियान की पोल खोल कर रख दी है। इस बारिश ने कुछ घंटों में ही ऐसा कहर बरपाया कि ना सिर्फ शहर के विभिन्न इलाके जलमग्न हो गए, बल्कि स्वयं नगर निगम कार्यालय भी इसमें डूबता नजर आया और उसके दावों को बुधवार की रात हुई बरसात ने कुछ घंटों में ही धो डाला। सबसे बदतर स्थिति नगर निगम कार्यालय से सटे सीएम साइंस कॉलेज की एक बार फिर हो गई। यहां वृहस्पतिवार से सीए की परीक्षा शुरू हुई है। जिसमें शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बुधवार की देर रात हुई बारिश से परिसर में घुटने भर पानी जमा हो गया है और इसने महाविद्यालय प्रशासन की चिंता की लकीरें काफी बढ़ा दी। महाविद्यालय के विभिन्न कार्यालयों में पानी घुस गया जिससे कार्यालय काफी अस्त व्यस्त हो गया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो दिलीप कुमार चौधरी ने बताया कि नगर निगम एवं जिला प्रशासन से महाविद्यालय परिसर में लगातार हो रहे जलजमाव के निदान करने का बार-बार अनुरोध करने के बाद भी स्थिति जस का तस बना हुआ है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय परिसर के चारों ओर स्थित नालों को अनधिकृत रूप से अतिक्रमित कर लिए जाने के कारण महाविद्यालय को करीब सालों भर जलजमाव की अनचाही समस्या से जूझना पड़ता है। नगर निगम एवं जिला प्रशासन से इस बाबत बार-बार अनुरोध करने के बाद भी नतीजा अब तक शून्य हैं।

# एलएचवी नर्सिंग स्कूल की छात्रा की आत्महत्या की हो उच्चस्तरीय जांच

## छात्रों को ड्यूटी में अस्पताल जाने के बाद वार्डन ने कमरे की जांच क्यों नहीं की

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल परिसर स्थित एलएचवी नर्सिंग स्कूल छात्रावास में छात्रा द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या के मामले में आइसा तथा ऐपवा का प्रतिनिधिमंडल प्रिंसिपल सुप्रिया से मिला। प्रतिनिधिमंडल में आइसा के राज्य सह सचिव कुमार दिव्यम, ऐपवा नेत्री राखी मेहता, अनुराधा, भाकपा माले नेता अनय मेहता, चन्द्रभूषण शर्मा, महेश चंद्रवंशी, सुरेश प्रसाद, मुजफ्फर आलम शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने जारी बयान में कहा कि आइसा ऐपवा की तरफ से जांच दल ने शव नर्सिंग स्कूल के प्रिंसिपल, वार्डेन, मृत छात्रा की कमरे में रहने वाली अन्य छात्राओं से मुलाकात की। छात्रा के परिजन, सह स्कूल प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन के बयान में अंतर है। क्लिनिकल ड्यूटी रहने के बाद छात्रा रजनी कुमारी कमरे में ही रह गई और छात्रावास प्रशासन को पता नहीं चला। यदि वार्डन छात्रों को ड्यूटी में जाने के बाद सभी कमरे को चेक की होती, तो शायद छात्रा की जान देने की नौबत नहीं आती। यह वार्डन के साथ प्राचार्य की लापरवाही का मामला है। कॉलेज में कोई रैगिंग सेल सक्रिय तौर पर काम नहीं कर रहा है, जबकि मृत छात्रा के परिजन इससे जुड़ी घटनाओं का भी जिक्र कर रहे हैं। इस तरह की घटना में रैगिंग महत्वपूर्ण कारणों में से एक रहता है ' पुलिस को इस पहलु पर भी जांच करनी चाहिए। पुलिस हरेक पहलुओं पर गंभीरता से जांच करे। बिना किसी जांच के आत्महत्या कह देना उचित नहीं है। कथित तौर पर इस आत्महत्या के पीछे के कारणों का पुलिस पता लगाए। उच्चस्तरीय जांच टीम बना कर इस मामले की जांच होनी चाहिए।

# पिकअप वैन चालक को आई झपकी, वाहन डिवाइडर से टकरा कर पलटा

## कंगन घाट मरीन ड्राइव पर बचे सुबह टहलने वाले

पटना सिटी (प्राकि)। चौक थाना क्षेत्र के कंगन घाट पर तेज रफ्तार से आ रही सब्जी लदा पिकअप वैन डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। इस दौरान मॉर्निंग वॉक करने वाले दर्जनों महिला और पुरुष बाल-बाल बच गए। गुरुवार की सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। घटना के बाद काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति मची रही। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना चौक थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चौक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। घटना की जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मॉर्निंग वॉक करने के लिए सुबह-सुबह लोग मरीन ड्राइव कंगन घाट पर घूम रहे थे। इसी दौरान लोगों ने देखा कि एक पिकअप वैन तेज रफ्तार से कंगन घाट की तरफ आई और जहां रास्ता बंद था, उस ओर प्रवेश करते हुए डिवाइडर से जा टकराई। डिवाइडर से टकराते ही जोरदार आवाज के साथ वैन बीच सड़क पर पलट गई। ऑटो में सवार ड्राइवर और खलासी किसी तरह गाड़ी से बाहर निकल पाया। पिकअप क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के बाद ऑटो पिकअप का ड्राइवर अंगेश कुमार ने बताया कि पिकअप पर सब्जी लोड थी। सब्जी लेकर वह दीघा से पटना सिटी बोरी दास की भट्ठी जा रहे थे। उसने बताया कि कंगन घाट के नजदीक गाड़ी ड्राइव करने के दौरान अचानक नींद लग गई और वैन डिवाइडर से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि गुरुवार को कंगन घाट पर एक बड़ा हादसा हो सकता था, लेकिन किसी तरह यह हादसा टल गया।

# मोहम्मद साहेब की जयंती व विश्कर्मा पूजा को ले शांति समिति की बैठक

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। सुलतानगंज थाना परिसर में ईद मिलाद उन नबी एवं विश्वकर्मा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष अजय कुमार ने किया। 16 सितंबर को एदारे शरिया एवं विभिन्न इलाकों से निकालने वाले जुलूस कमेटी के लोग शामिल हुए। जुलूस एदारे शरिया नौघरवा, जाम- ए- रजा दरगाह रोड, अंजुमन फैजान- ए- नूरी कटरा स्कूल, जामिया करिमिया खजूरबन्ना एवं अंजुमन फैजान - ए- शाह अरजां दरगाह रोड। इन सभी संस्था से जुलूस निकल कर पत्थर की मस्जिद से होकर दरगाह करबला, शाहगंज से होकर मोहम्मदपुर मस्जिद में सभी जुलूस में शामिल लोग एकजुट होकर नमाज अदा में शामिल होंगे। मोहम्मदपुर मस्जिद से सभी एकजुट होकर महेन्द्रू, एनआईटी, पटना कालेज होकर अंजुमन इस्लामिया हाल में तकरीर किया जाएगा।

जुलूस में सुरक्षा को लेकर प्रशासन के द्वारा पुलिस बल एवं गश्ती की व्यवस्था रहेगी। विश्वकर्मा पूजा को लेकर प्रशासन के द्वारा पुलिस बल घाट पर तैनात रहेंगे। मूर्ति विसर्जन को लेकर पुलिस की पेट्रोलिंग रहेगी।

बैठक में एदारे शरिया कमेटी के आशिफ, मो कैसर, मो अमजद खान, मो फैसल एवं शांति समिति के गणेश कुमार, मधुरंजन कुमार चुन्नी, बसी अख्तर, अंजुम आलम, बहादुर, दौलत ईमाम, विश्वनाथ पाण्डेय एवं आलोक बालम उपस्थित रहे।

# जिला जज ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया। बेतिया एवं बगहा न्यायालय में 14 सितंबर को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अपार सफलता के लिए जिला जज पश्चिम चंपारण बेतिया ने गुरुवार को विधिक सेवा सदन भवन परिसर व्यवहार न्यायालय बेतिया से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जिला जज ने बताया कि यह प्रचार रथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तथा शहरी क्षेत्र में पहुंचेगी एवं आम लोगों को आगामी नेशनल लोक अदालत में आपसी भाईचारा को कायम कर अधिक से अधिक विवादों को निपटारा करने के लिए प्रेरित करेगी। प्राधिकार के सचिव अमरेंद्र कुमार राज ने बताया कि पक्षकारों को अधिक से अधिक नोटिस का तामिला कराया जा रहा है ताकि उन्हें सुलह करने में कोई दिक्कत न हो।

मौके पर ए डी जे प्रमोद कुमार यादव, विकास सिंह, आनंद विश्वासधर दुबे, विवेकानंद प्रसाद, जावेद आलम, अशोक कुमार माझी, विमलेंदु कुमार, नीरज कुमार त्यागी, अरुण कुमार गुप्ता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी भारती कुमारी एवं प्रशिक्षु सहायक निदेशक-सह-जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अजय कुमार समेत सभी न्यायिक पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# शिया समुदाय ने निकाला जुलूस ए अमारी व चुप ताजिया, हुआ तकरीर

## अल विदाई मजलिस के साथ शोक की अवधि समाप्त

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



हजरत इमाम ए हुसैन और उनके 72 अंसारों की शहादत पर गुरुवार को शिया सुमदाय की ओर जुलूस ए अमारी निकाला गया। अंजुमन ए पंजेतनी की देखरेख में चोआ लाल लेन स्थित याहिया मंजिल से निकला जुलूसे अमारी विभिन्न रास्ते से होते नौजरकटरा इमामबाड़ा पहुंचा। यहां पर तकरीर की गई। इसमें ईरान से आए मौलाना सैयद जमीर अब्बास जाफरी, मौलाना सैयद मुराद रजा रिजवी, मौलाना सैय्यद शाहिद इमाम बाकरी, मौलाना गुलाम हुसैन, मौलाना मत्तू साहब, मौलाना मुजफ्फर रजा, मौलाना मनतशा अली, मौलाना बाबर नदमी, मौलाना सैयद कमर आबदी एवं सैयद गुलाम मोहिसन जाफरी ने तकरीर की। मुसा अली हाशमी ने सलाम पढ़ा, नखावत मर्सिया सैयद डॉ शमीम अजीमाबादी ने पेश की। जुलूस में अंजुमन पंतेजनी के अध्यक्ष तनवीरूल हसन तन्नू, सचिव सैयद अली इमाम, जुलूस के संयोजक जावेद हुसैन, सचिव तौकिद हैदर, इस्तुजा हुसैन मुन्ना सहित अन्य ने नौहाखानी की। आयोजन में सैयद शाह जौहर इमाम जौनी, सैयद जिया उर्फ पन्ना, डॉ सिकंदर अली, शाह सरवर इमाम, शिया बफ्फ बोर्ड के चेयरमैन अफजल अब्बास, जावेद अहमद बबलू, सैयद हसन अली सहित अनेक अंजुमन के लोग शामिल हुए। अंजुमन ए हुसैनिया ने चुप ताजिया का जुलूस बावली इमामबाड़ा से निकला। जुलूस अशोक राजपथ के मुख्य मार्ग से होते हुए नौजर कटरा इमामबाड़ा पहुंचा। यहां पर मजलिस हुई। जुलूस में अध्यक्ष प्रो अकबर, प्रधान महासचिव मुश्ताक हुसैन, अशफाक अली, करामत हुसैन, उपाध्यक्ष सैफी अली के साथ अन्य अंजुमन से जुड़े लोग शामिल थे। जुलूस के नौजर कटरा इमामबाड़ा पहुंचने पर अलविदा की नौहा अंजुमन के लोगों ने पढ़ा। अंजुमन ए अब्बासिया की ओर से अलविदाई मजलिस का आयोजन कर्नल साहब के इमामाबाड़ा नौजर कटरा में हुआ। मजलिस में तकरीर के बाद अंजुमन के लोगों ने अलविदा नौखा पढ़ा।

# मध्य विद्यालय धनौरा मे 257 बच्चों के बीच बैग का वितरण

डोरीगंज। गरखा प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय धनौरा मे गुरूवार को सरकार द्वारा उपलब्ध एफएलएन स्टुडेंट कीट वर्तमान प्रधानाध्यापक अरूण कुमार के देखरेख मे वर्ग 6,7 एवं 8 के छात्र छात्राओं के बीच वितरण किया गया। पुर्व समन्वयक धर्मेंद्र कुमार ने बच्चो को सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई गई कीट की उपयोगिता के बारे मे चर्चा करते हुए और मन से पढाई करने की बात कही। शिक्षक नेता राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय मे कुल 402 नामांकित बच्चों मे सिर्फ 257 बैग ही उपलब्ध हो पाया है जिससे बच्चों के बीच वितरण करने मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। शिक्षक देवेश उपाध्याय ने कहा कि सरकार की सोच बढिया है नामांकित सभी बच्चो को बैग मिलना चाहिए था। बैग वितरण कार्यक्रम मे शिक्षक सौरभ कुमार, शिवम कुमार, मृत्युंजय कुमार मांझी के साथ लाभान्वित बच्चों मे बाल संसद एवं मीना मंच के पदाधिकारी शामिल रहे।

# स्मार्ट मीटर की बाध्यता खत्म करे सरकार : आरवाईए

प्रात : किरण




दरभंगा। स्मार्ट मीटर की बाध्यता खत्म करो, उपभोक्ताओं को फर्जी बिजली बिल भेजना बंद करो, 24 घंटे बिजली का प्रबंधन करो सहित अन्य मांगों को लेकर इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत दरभंगा जिला में आरवाईए कार्यकर्ताओं ने नाका नंबर 5 पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन आरवाईए नेता राजू कर्ण के नेतृत्व में किया।

पुतला दहन के बाद आयोजित सभा की अध्यक्षता आइसा नेता जयनारायण यादव ने किया। संबोधित करते हुए आरवाईए राज्य सह सचिव संदीप कुमार चौधरी ने कहा की राज्य की नीतीश कुमार की सरकार ने बिजली का निजीकरण करते हुए हुए राज्य के जनता को लूट लेने की बहुत सचेत योजना बनाई है जिसका नाम स्मार्ट मीटर है। उन्होंने कहा की स्मार्ट मीटर जनता का मानसिक, आर्थिक शोषण कर रही हैं साथ ही गरीब जनता को लाखो लाख का फर्जी बिल भेज कर परेशान कर रही जिसके खिलाफ आज सम्पूर्ण बिहार में आरवाईए प्रतिवाद कर रही है। उन्होंने मांग किया की स्मार्ट मीटर की बाध्यता खत्म हो नही तो बड़ा आंदोलन तेज होगा। आइसा जिला सचिव मयंक कुमार यादव ने कहा की आए दिन लगातार बिजली घंटो घंटो गायब रहती है लेकिन सरकार बिहार में बिजली का दर देश में सबसे ज्यादा कर दी है। सुविधा के नाम पर लूट चरम पर है लेकिन सुविधा नदारत है। उन्होंने 24 घंटा बिजली का प्रबंधन किया जाय। आरवाईए के राज्य कार्यकारिणी सदस्य राजू कर्ण ने कहा की सरकार बिजली के नाम पर जनता से वोट लेते रही है लेकिन आज बिजली जनता के लिए अभिशाप बन गई है। बिहार में भी दिल्ली, पंजाब, कर्नाटक के तर्ज पर 200 यूनिट बिजली फ्री मिला चाहिये। प्रदर्शन मेंप्रिंस कर्ण, गोलू कुमार, जयनारायण यादव, मोनू कुमार, टिंकू कुमार, मोहम्मद सलमान, सोनू कुमार, चंदन अहीर, मयंक कुमार यादव, प्रिंस कर्ण, राजू कर्ण, संदीप कुमार चौधरी सहित दर्जनों युवा शामिल थे।

# हर अंक के लिए जूझते रहे बालिका खिलाड़ियों के जज्बे

प्रात : किरण

दरभंगा। खेल विभाग बिहार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना तथा जिला प्रशासन दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय विद्यालय कबड्डी अंडर19 बालिका प्रतियोगिता के तीसरे दिन कबड्डी की प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिले से आए प्रतिभागी खिलाड़ियों ने अपने विजय अभियान के साथ अपनी प्रतिभा का लोहा मानने पर दर्शकों को विवश किया है। चीते जैसी फुर्ती, हिरण सी उछाल चक्रव्यूह को छिन्न-भिन्न करने की अपार कौशल के प्रदर्शन ने मैदान में खेल कबड्डी खेल के नारे से मानो दसों दिशा को गुंजायमान किया। हर अंक के लिए जूझते इन बालिका खिलाड़ियों के जज्बे को देखकर विपक्षी दल के खिलाड़ियों के साथ निर्णायक एवं आयोजक सभी हैरान है। इन खिलाड़ियों के खेल भावना को देखने से पता लगता है कि इन्होंने अपने जिले को पूर्ण विश्वास दिलाकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया है। मेजबान दरभंगा की बालिका खिलाड़ियों का उत्साह भी सातवें आसमान पर है। दरभंगा ने अपने अब तक खेले गए सभी मैच का परिणाम अपने सुंदर खेल कौशल की बदौलत अपने पक्ष में किया। वहीं बेगूसराय, मधुबनी, सारण, सहरसा, सिवान, भागलपुर, वैशाली, बक्सर एवं पटना के खिलाड़ी भी अपने पूल के सभी मैच परिणाम को अपने पक्ष में करने में सफल हुए हैं। आयोजन स्थल पर आयोजन समिति से जुड़े इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के संचालक मंडली की तत्परता एवं उनके व्यवहार कुशलता ने खिलाड़ियों एवं तकनीकी पदाधिकारी को उनके सुंदर व्यवहार के लिए प्रशंसा करते देखा जा रहा है। सभी खिलाड़ियों को भोजन और सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। यह सभी प्रयास जिला खेल पदाधिकारी परिमल के उत्तम कार्य कुशलता का परिचायक है।

# स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी पर जोर रेलवे स्टेशनों पर लगेंगे स्वच्छता चौपाल



पटना/ नई दिल्ली। रेलवे द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसके तहत रेलवे ने स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी पर जोर दिया है। इसके लिए रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल लगाकर जहां रेल यात्रियों को जागरूक किया जाएगा, वहीं ग्राम पंचायतों को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा।

गुरुवार को इस विशेष अभियान 4.0 को लेकर रेलवे बोर्ड की सचिव अरुणा नायर की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वच्छता में सुधार पर जोर दिया गया। यह विशेष अभियान 4.0 दो चरणों पहला चरण 13 से 30 सितंबर तक और दूसरा चरण 2 से 31 अक्टूबर 2024 तक में आयोजित किया जाएगा। प्रारंभिक चरण के दौरान चिन्हित लंबित मामलों का निपटान किया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए रेलवे ने देशभर में 150 से अधिक नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। अभियान की तैयारियों की समीक्षा के लिए 12 सितंबर को रेलवे बोर्ड के सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एजीएम/जोनल रेलवे, जीएम/पीयू, सीएमडी/एमडी/पीएसयू, नोडल अधिकारियों और बोर्ड के निदेशालयों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। रेलवे ने विशेष अभियान 3.0 में हर क्षेत्र में उच्च मानक स्थापित करके बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। अभियान 3.0 के दौरान रेलवे खाली की गई जगहों और स्क्रैप निपटान से अर्जित राजस्व, जन शिकायतों, अपीलों का निपटान, स्वच्छत स्थलों जैसे मापदंडों में सभी मंत्रालयों में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में से एक था। ऐसे में इस बार भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए रेलवे कई कदम उठा रहा है। विशेष अभियान 4.0 को सफल बनाने के लिए बैठक में रेलवे बोर्ड की सचिव ने सभी स्तरों पर सक्रिय भागीदारी पर जोर देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना**
**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–19 वर्ष 2024–25**
(विशेष शर्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट state.bihar.gov.in/.prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फार्मो/निबंधित दुकानदारों/कम्पनियों (जिसे Cupboard and Kitchen के कार्य करने का अनुभव हो उसे विशेष प्राथमिकता दी जायेगी) से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 21,09.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:00 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कोटेशन का मूल्य (रूपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार हैः रू0 0 से 50,000.00 तक रू0 250/– रू0 50,001 से रू0 2,50,000.00 तक रू0 500/– रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक रू0 750/– रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक रू0 1250/– रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक रू0 2500/– एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत तथा कम से कम रू0 30,000) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| क0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ |
| --- | --- |
| 1 | S/F/F/ Cupboard & Modular Kitchen in B-Type quarter (Block-1 Flat No-137,138 & 139) at Gardanibagh, Patna for the year 2024-25 |

- कार्य समाप्ति की अवधि : 20 दिन
- सक्षम पदाधिकारी के निर्देशन में ही सामानों की आपूर्ति की जानी है तथा आपूर्तिकर्त्ता को आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान की प्रक्रिया की जायेगी।
- विशेष जानकारी हेतु सूचनापट्ट अथवा वेबसाईट state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

PR. No. 007962 (BCD) 2024-25

**कार्यपालक अभियंता,**
**गर्दनीबाग भवन प्रमंडल,**
**भ0नि0वि0, पटना**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**बिहार सरकार**
**भवन निर्माण विभाग**
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
**विद्युत कार्य प्रमंडल सं0-2, पटना**
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–14 वर्ष 2024–25
(Single Bid System)

| Sl. No. | Name of Work. | Estimated cost (In Rs.) | Bid Security 2% (EMD In Rs.) | Cost of Bidding Document (In Rs.) | Bid Processing Fee | Time of Completion (In Month) |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1.. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | Renovation to E/W & E/I in Jail ward, superintendent office, Doctors Chamber & Male, Female Barrack at Sub Jail Patnacity Distt Patna. | 24,83,928.00 | 49,700.00 | 5000.00 | As per Online requirement | One Months |

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2 भवन निर्माण विभाग, पटना।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :– दि0–10.09.2024
3. निविदा कागजात प्राप्त करने का (डाउनलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–25.09.2024 से 17.10.2024 को 15.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–18.10.2024 को 15.00 बजे अपराह्न तक
5. प्री–बीड बैठक तिथि एवं समय :– दि0–08.10.2024 को 03.00 बजे अपराह्न विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अचंल, दक्षिण बिहार, पटना, भवन निर्माण विभाग के कार्यालय मे।
6. निविदा की राशि का 2% EMD एवं हार्ड कॉपी (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–19.10.2024 को 15.00 बजे अपराह्न तक
7. ई–निविदा की खोलने की तिथि एवं समय :– दि0–21.10.2024 को 15.00 बजे अपराह्न तक
8. परिमाण विपत्र बिक्री स्थान :– केवल वेवसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in)
9. निविदा प्राप्ति का स्थान :– केवल वेवसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in)
10. निविदा वैधता की अवधि :– 120 दिन
11. निविदा केवल ई–निविदा प्रद्धति के अनुसार (www.eproc2.bihar.gov.in) पर निष्पादित किया जाएगा। ई–निविदा से संबंधित जानकारी एम/22, बैंक ऑफ इंडिया बिल्डिंग, रोड़ न0–25, श्री कृष्णानगर, पटना–01 के दुरभाष संख्या– 0612-2523006, Mob: +91-7542028164, Fax: 0612-2523006 से प्राप्त किया जा सकता है।

PR. No. 007959 (BCD) 2024-25

**विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्य प्रमंडल, सख्या–2, पटना**

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# प्रधानमंत्री मोदी ने पैरालंपिक पदक विजेताओं से की मुलाकात

## परमार ने लिया पीएम का आटोग्राफ





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यहां अपने आवास पर भारत के पैरालंपियन खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें हाल ही में संपन्न पेरिस खेलों में रिकॉर्ड 29 पदक जीतने के लिए बधाई दी। खेल मंत्रालय द्वारा साझा किए गए 43 सेकेंड के वीडियो में प्रधानमंत्री को पैरालंपियन पदक विजेताओं को बधाई देते और उनसे बात करते हुए देखा जा सकता है।

बातचीत के दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के प्रमुख देवेंद्र झाझडिया भी मौजूद थे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा में लगातार दूसरा पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाली निशानेबाज अवनि लेखरा और पैरालंपिक पदक जीते वाले भारत के पहले जूडो खिलाड़ी दृष्टिबाधित कपिल परमार उन लोगों में शामिल थे जिन्हें प्रधानमंत्री के साथ तस्वीर खिंचवाते देखा गया।

परमार को प्रधानमंत्री मोदी से अपने पदक पर हस्ताक्षर करवाते देखा गया। भारत ने पैरालंपिक खेलों में 29 पदक जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें अभूतपूर्व 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं। पेरिस खेलों में भारत के 84 सदस्यीय दल ने हिस्सा लिया और तीन साल पहले तोक्यो खेलों में हासिल किए गए 19 पदकों के पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया।

इन खेलों के दौरान भारत ने पहली बार एथलेटिक्स की ट्रैक स्पर्धाओं में पदक जीतने के अलावा तीरंदाजी में पहली बार स्वर्ण (हरविंदर सिंह के माध्यम से) पदक जीता। स्वदेश लौटने पर पैरालंपियन खिलाड़ियों को सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है और खेल मंत्री मांडविया ने स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख रुपए, रजत पदक विजेताओं को 50 लाख रुपए और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 30 लाख रुपये का पुरस्कार दिया। राकेश कुमार के साथ मिलकर कांस्य पदक जीतने वाली बिना हाथ वाली तीरंदाज शीतल देवी जैसे मिश्रित टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 22.5 लाख रुपए की राशि मिली।

# पूर्व पाकिस्तानी स्टार का पीसीबी पर तीखा हमला

## अपनी आंखें खोलो, सौरव गांगुली ने भी बोला था



**करांची (एजेंसी)।** पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेट टीम स्टार बासित अली ने टीम के हालिया संघर्षों के बाद एक बार फिर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और अध्यक्ष मोहसिन नकवी पर निशाना साधा। टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप चरणों से बाहर होने के कुछ महीनों बाद पाकिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने स्थिति पर अपने विचार को मजबूत करने के लिए सौरव गांगुली और रविचंद्रन अश्विन जैसे भारतीय क्रिकेटरों द्वारा प्रस्तुत किए गए समान विचारों का भी हवाला दिया।

उन्होंने यूट्यूब पर कहा, मोहसिन नकवी, कृपया अपनी आंखें खोलिए। आप कहते हैं कि आप पाकिस्तान के क्रिकेट को ठीक कर देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सकता। यह कड़वा सच है। जब मैं यासिर शाह के बारे में बोलता हूं तो लोग मेरी आलोचना करते हैं। रविचंद्रन अश्विन ने भी यही बात कही है, उन्होंने पाकिस्तान में स्पिनरों की कमी पर आश्चर्य व्यक्त किया है। हो सकता है कि मैं गलत होऊं, लेकिन क्या अश्विन भी गलत हैं? यहां तक कि सौरव गांगुली ने भी कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट कैसे खराब हो गया है। पाकिस्तान के क्रिकेट को ठीक करने के वादे सिर्फ नौटंकी के अलावा कुछ नहीं हैं।

# आयरलैंड की महिला टीम ने इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में हराया



**बेलफास्ट (एजेंसी)।** एमी मैगुएर (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद कप्तान गैबी लुईस (72) रनों की शानदार अर्धशतक पारी की बदौलत आयरलैंड की महिला टीम ने इंग्लैंड को रोमांचक एकदिवसीय मुकाबले में हराया दिया है।

154 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की सलामी जोड़ी एमी हंटर और कप्तान गैबी लुईस ने अच्छी शुरुआत की। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 51 रन जोड़े। सातवें ओवर में फ्रेया केम्प ने एमी हंडर (18) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद मैडी विलियर्स ने ओर्ला प्रेंडरगैस्ट (11) को आउट कर दिया।

लीह पॉल (22) रन बनाकर आउट हुई। इस दौरान कप्तान गैबी लुईस एक छोर पर डटी रही। नौवें ओवर में 137 के स्कोर पर कप्तान गैबी लुईस के (72) के आउट होने के बाद लगातार तीन और विकेट गिरने से आयरलैंड की टीम संकट में आ गई थी। हालांकि रेबेका स्टोकेल (नाबाद तीन) तथा अलाना डाल्जेल (नाबाद चार) टीम को जीत की ओर ले गई और आयरलैंड ने 22 ओवर में सात विकेट पर 155 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया।

इंग्लैंड ने इस हार के बावजूद तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीत ली है। इंग्लैंड की ओर से मैडी विलियर्स ने तीन विकेट लिये। लॉरेन फाइलर को दो विकेट मिले। फ्रेया केम्प ने एक बल्लेबाज को आउट किया। पिछले मैच 275 रनों से करारी हार झेलने के बाद बुधवार की रात तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज एम्मा लैम्ब का विकेट गवां दिया। इसके बाद टैमी ब्यूमोंट ने होली आर्मिटेज के साथ दूसरे विकेट के लिये 43 रन जोड़े। होली आर्मिटेज ने (15), पैगे स्कोल्फील्ड (21) और रयाना मैकडोनाल्ड-गे (17) रन बनाकर आउट हुई। टैमी ब्यूमोंट ने (52) रनों की पारी खेली। आयरलैंड के गेंदबाजी कहर के आगे इंग्लैंड के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

आयरलैंड के गेंदबाजों ने इंग्लैंड की पूरी टीम को 20.5 ओवर में 153 के स्कोर पर समेट दिया। आयरलैंड की ओर से एमी मैगुएर ने 3.5 ओवर में 19 रन देकर पांच विकेट लिये। फ्रेया सार्जेंट को दो विकेट मिले। ओर्ला प्रेंडरगैस्ट, अलाना डेलजेल और जेन मैगुइरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# 'शीर्ष पर मंत्र हमेशा एक ही रहा है'

## 19 गेंदों में अर्धशतक लगाकर बोले ट्रैविस हेड

**साउथम्पटन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में 23 गेंदों पर 59 रनों की धमाकेदार पारी खेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने छोटे प्रारूप में अपने लगातार प्रदर्शन का श्रेय गेंद को हिट करने के लिए वास्तव में अच्छी स्थिति में होने को दिया। साउथम्पटन में हेड ने 19 गेंदों पर अर्धशतक बनाया, जो इस साल टी20 में उनका चौथा 50 से अधिक का स्कोर है। लेकिन उन्होंने सैम कुरेन के एक ओवर में तीन चौकों और छक्कों की हैट्रिक की मदद से 30 रन बनाकर फिर से ध्यान आकर्षित किया जिससे ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली। पिछले हफ्ते हेड ने स्कॉटलैंड के खिलाफ भी 25 गेंदों पर 80 रन बनाए, जहां उन्होंने सिर्फ 17 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया।



हेड ने कहा, अगर वे स्कोर करने के अवसर प्रदान करते हैं, तो मैं मौजूद रहने और खेलने के लिए तैयार रहने की कोशिश कर रहा हूं और वास्तव में सभी मैदानों तक पहुंचने के लिए तैयार हूं, जो मुझे लगा कि मैंने किया। मैंने पिछले 12 महीनों तक बहुत अधिक टी20 क्रिकेट नहीं खेला है। अपने खेल पर काम करते हुए बहुत कुछ तकनीक और मैं अपनी स्विंग से क्या हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं, इस पर निर्भर करता है। इसलिए मुझे लगता है कि मैं गेंद को हिट करने के लिए वास्तव में अच्छी स्थिति में हूं।

शीर्ष क्रम के पुरुष टी20आई बल्लेबाज हेड ने मैथ्यू शॉर्ट के साथ 86 रनों की ओपनिंग साझेदारी में भी भाग लिया, जिन्होंने सिर्फ 26 गेंदों पर 41 रन बनाए। यह पिछले सप्ताह एडिनबर्ग में स्कॉटलैंड के खिलाफ 6 ओवर की अवधि में 113 रन बनाने के बाद पावर-प्ले में ऑस्ट्रेलिया का दूसरा सर्वोच्च स्कोर भी है।

# ब्रैड हॉग ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारत की संभावित प्लेइंग 11 चुनी, इसे रखा बाहर



**चेन्नई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर ब्रैड हॉग ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग 11 की भविष्यवाणी करते हुए फॉर्म में चल रहे ऑलराउंडर अक्षर पटेल और अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल को बाहर रखा है। भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट चेन्नई के प्रतिष्ठित एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार 8 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की। यश दयाल को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया, जबकि ऋषभ पंत लगभग 21 महीने बाद टेस्ट सेटअप में लौटे। हॉग ने बांग्लादेश टाइगर्स के खिलाफ भारत के लिए अपनी संभावित प्लेइंग 11 चुनी।

हॉग ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मैं जिस एकादश को लेकर जा रहा हूं, वह है जयसवाल, रोहित शर्मा ओपनिंग करेंगे। गिल तीसरे, कोहली चौथे और जडेजा पांचवें नंबर पर आएंगे ताकि बाएं हाथ और दाएं हाथ के संयोजन को बनाए रखा जा सके। सरफराज खान, पंत और फिर गेंदबाजों की बारी जिसमें अश्विन, कुलदीप यादव, सिराज और बुमराह हैं। उन्होंने कहा, वह टीम ऑस्ट्रेलिया में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। इसलिए उन्हें ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों के लिए तैयार होना होगा। भारत के लिए यह एक अच्छी शुरुआत होगी। मेरी प्लेइंग 11 में केएल राहुल या अक्षर पटेल नहीं हैं।

# बारिश के कारण अफगानिस्तान न्यूजीलैंड टेस्ट के चौथे दिन का खेल धुला

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** बारिश के कारण अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन का खेल धुल गया। दोनों टीमों के बीच टॉस सुबह नौ बजे होना था लेकिन भारी बारिश के कारण चौथे दिन भी खेल रद्द करना पड़ा। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड टीमों के बीच चौथे दिन का खेल लगातार बारिश के कारण नहीं हो सकेगा। इसमें कहा गया, 'स्टेडियम का मुआयना करके कल सुबह खेल आठ बजे शुरू करने के बारे में फैसला लिया जाएगा। पिछले चार दिन में इस मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी है। पहले दो दिन आउटफील्ड गीली थी जिससे अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी के लिए इस मैदान की तैयारी पर भी सवाल उठे हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अभी तक सात ही मैच ऐसे हुए हैं जो एक भी गेंद फेंके बिना रद्द किए गए हों। न्यूजीलैंड टीम का 1998 में डुनेडिन टेस्ट भी बारिश के कारण इसी तरह रद्द हुआ था। अफगानिस्तान इस मैच की मेजबान है जिसे शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का मौका नहीं मिलता। आईसीसी से 2017 में टेस्ट टीम का दर्जा मिलने के बाद यह उसका दसवां टेस्ट है। यह टेस्ट आईसीसी विश्व चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं है। न्यूजीलैंड टीम अब श्रीलंका में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी जिसके बाद भारत में 16 अक्टूबर से तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार



### भारत ने कोरिया को हराकर एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत की लय जारी रखी

**हुलुनबुइर (चीन) (एजेंसी)।** गत चैम्पियन भारत ने बृहस्पतिवार को यहां हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में कोरिया को 3-1 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारत ने इससे पहले चीन को 3-0 से, जापान को 5-0 और पिछले साल की उप विजेता मलेशिया को 8-1 से मात दी। कोरिया के खिलाफ भारत के लिए अराईजीत सिंह हुंडल ने आठवें मिनट में जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने नौवें और 43वें मिनट में दो गोल दागे। कोरिया की ओर से एकमात्र गोल जिहुन यांग ने 30वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर किया। पहले ही सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर चुकी भारतीय टीम अब शनिवार को अपने अंतिम लीग मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। छह टीमों के टूर्नामेंट के लीग चरण से शीर्ष चार टीमें शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जबकि फाइनल रविवार को खेला जायेगा।

### 45वां शतरंज ओलंपियाड

### भारत की अच्छी शुरुआत, पुरुष टीम नें मोरक्को को 4-0 तो महिला टीम नें जमैका को 3.5-0.5 से हराया



**बुडापेस्ट, हंगरी (एजेंसी)।** 45वें शतरंज ओलंपियाड में इस बार स्वर्ण पदक की सबसे मजबूत दावेदार भारतीय शतरंज टीम नें अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ कर ली है। पहले राउंड में भारतीय टीम नें पुरुष वर्ग में मोरक्को को तो महिला वर्ग में जमैका को पराजित किया।

पुरुष वर्ग में भारत आज डी गुकेश के बिना खेलने उतरा और गुकेश की जगह पहले बोर्ड पर प्रज्ञानन्दा नें मोर्चा सम्हाला और उन्होने तिसीर मोहम्मद को पराजित किया, दूसरे बोर्ड पर अर्जुन एरीगैसी नें एलबीजा जेकस को, तीसरे बोर्ड पर विदित गुजराती नें महदी पिरे और चौथे बोर्ड पर पेंटाला हरीकृष्णा नें अनस मोयाद को पराजित करते हुए टीम को 4-0 से जीत दिला दी अब दूसरे राउंड में भारत का सामना आइसलैंड से होगा जिसमें गुकेश की वापसी संभव है।

महिला वर्ग में भारतीय टीम नें जमैका को एक संघर्षपूर्ण मैच में मात दी, हालांकि भारत नें मैच 3.5-0.5 के बड़े अंतर से जीता पर जमैका की टीम नें अंत तक संघर्ष किया। भारतीय टीम शीर्ष खिलाड़ी हरिका के बिना उतरी और पहले बोर्ड पर वैशाली रमेशबाबू नें क्लार्क अदानी को, दूसरे बोर्ड पर दिव्या देशमुख नें मिलेर रेचल को और चौंथे बोर्ड पर तानिया सचदेव नें गैबरियला वॉटसन को पराजित किया जबकि तीसरे बोर्ड पर वन्तिका अग्रवाल को रेहाना ब्राउन नें ड्रॉ पर रोक लिया। अब दूसरे राउंड में भारतीय टीम चेक गणराज्य की टीम से मुक़ाबला खेलेगी जिसमें हरिका द्रोणावल्ली टीम में वापसी करेंगी।

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम घोषित

- प्रदर्शनकारी छात्र की हत्या के आरोपी ऑलराउंडर शाकिब को मौका; पहला मुकाबला 19 से
- नजमुल हसन शांतो टीम के कप्तान रहेंगे

**ढाका (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ 19 सितंबर से होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। दो मैचों की इस सीरीज के लिए 16 मेंबर्स की टीम चुनी गई। नजमुल हसन शांतो टीम के कप्तान होंगे।

टीम में शाकिब अल हसन को भी मौका मिला है।



उन पर बांग्लादेश में हसीना सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल छात्र की हत्या का आरोप है। आंदोलन में 400 से ज्यादा लोगों की जान गई थीं। इन्हीं में से एक स्टूडेंट की हत्या का आरोप शाकिब समेत 147 लोगों पर लगा है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने हत्या के आरोप में शाकिब अल हसन का बचाव किया था। बोर्ड के प्रेसिडेंट फारुक अहमद ने कहा था- शाकिब अल हसन जब तक दोषी साबित नहीं हो जाते हैं तब तक बांग्लादेश के लिए खेलना जारी रखेंगे। हम उन्हें भारतीय दौरे के लिए भेजेंगे।

## शोरीफुल की जगह जाकिर अली को मौका

भारत के खिलाफ खेली जाने वाली सीरीज के लिए बांग्लादेश की पूरी वही टीम है, जिसने पाकिस्तान को उन्हीं की सरजमीं पर पहली बार टेस्ट सीरीज हराई थी। इसमें केवल एक बदलाव हुआ है। शोरीफुल इस्लाम को टीम में जगह नहीं मिली है। उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में चोट लग गई थी। शोरीफुल की जगह जाकिर अली को शामिल किया गया।

## टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम

नजमुल हसन शान्तो (कप्तान), महमुदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, शादमान इस्लाम, मोमिनुल हक, मुशिफकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिट्टन कुमेर दास, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, नईम हसन, नाहिद राणा, हसन महमूद, तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद और जेकर अली अनिक।

## पहले टेस्ट के लिए टीम इंडिया

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और यश दयाल।

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा में मुठभेड़, दो बदमाशों को लगी गोली; तीसरा भी दबोचा गया

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर- 62 स्थित इंडस वैली पब्लिक स्कूल के पास पुलिस और तीन बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए और तीसरे को कॉम्बिंग के दौरान पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटे गए पांच मोबाइल फोन, 2300 रुपये, दो तमंचा और चोरी की बाइक बरामद की। एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि बुधवार सुबह थाना सेक्टर- 58 पुलिस टीम सेक्टर- 62 में चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक पर तीन संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो वह तेजी से भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तो कुछ दूर चलकर बदमाश बाइक फिसलने से गिर गए। बदमाशों ने भागते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम द्वारा की गई फायरिंग में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। इनकी पहचान जिला मेरठ के गांव पबला के सालिक उर्फ सादिक और हापुड़ के गांव खिलवाई के दीपक के रूप में हुई। तीसरे बदमाश को पुलिस टीम ने कॉम्बिंग के दौरान पकड़ लिया। उसकी पहचान हापुड़ के गांव खिलवाई के सनी के रूप में हुई। पूछताछ करने पर बदमाशों ने बताया गया कि बरामद मोबाइल फोन में से एक मोबाइल फोन व 2300 रुपये इनके द्वारा मंगलवार रात में बड़े डी पार्क और अन्य मोबाइल छोटे डी पार्क व अन्य क्षेत्रों से लूटे गए थे। इससे पहले भी यह लोग लूट की कई घटनाएं नोएडा में कर चुके हैं। ये बदमाश पहले भी मेरठ व अन्य जिलों से लूट व चोरी में जेल जा चुके जा चुके हैं। घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी राह चलते लोगों की कनपटी पर तमंचा लगाकर मोबाइल, जेवरात और नकदी लूट लेते हैं। इनका गिरोह मेरठ का है। अधिक वारदातें मेरठ में की हैं। मंगलवार रात सेक्टर-62 में घटना करने के बाद पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान इन बदमाशों को मुठभेड़ में दबोच लिया।

### केरल के राज्यपाल ने फोन टैपिंग के खिलाफ विधायक के आरोपों पर रिपोर्ट मांगी

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को पत्र लिखकर सीपीआई (एम) समर्थित विधायक पी. वी. अनवर द्वारा एडीजीपी के खिलाफ लगाए गए आरोपों और फोन टैपिंग मुद्दे पर रिपोर्ट मांगी है। राज्यपाल ने पत्र में अनवर के आरोपों को केंद्र में रखा और इस तरह के गंभीर मुद्दे पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पर रिपोर्ट मांगी। उन्होंने अनवर और पथानामथिट्टा के पुलिस अधीक्षक सुजीत दास के बीच हुई टेलीफोन पर बातचीत का भी हवाला दिया। राज्यपाल ने यह भी कहा कि विधायक की टिप्पणी यह साबित करती है कि बाहरी ताकतों ने सरकार की शक्तियों का दुरुपयोग किया है, साथ ही उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों की आपराधिकता को भी उजागर किया है। राज्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों की फोन टैपिंग सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी आदेशों और दिशा-निर्देशों के खिलाफ है। उन्होंने विधायक के इस बयान की ओर भी इशारा किया कि उन्होंने भी पुलिस अधिकारियों के फोन टैप किए हैं, जो एक गंभीर बात है और इसके खिलाफ कानूनी कदम उठाए जाने चाहिए। 1 सितंबर को नीलांबुर के विधायक पी.वी. अनवर ने केरल के कानून व्यवस्था के प्रभारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) एम.आर. अजित कुमार की तुलना एक कुख्यात अपराधी से की, जिसने खुद को भगोड़े डॉन दाऊद इब्राहिम की तरह पेश किया है और मंत्रियों, विधायकों और राजनेताओं के फोन टैप करने का आदेश दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके पास पुलिस अधिकारियों की कई फोन रिकॉर्डिंग हैं और उन्होंने अपने और पथानामथिट्टा के पुलिस अधीक्षक सुजीत दास के बीच रिकॉर्ड की टेलीफोन बातचीत को लीक कर दिया है। रिकॉर्डिंग में एसपी को यह कहते हुए सुना गया कि एडीजीपी ने एक व्यक्ति से 2 करोड़ रुपये की रिश्वत ली थी और अजित कुमार ने अपने विश्वासपात्रों को त्रिशूर और पलक्कड़ के एसपी के रूप में रखा था और उनका इस्तेमाल आर्थिक लाभ के लिए कर रहे थे। गैरकानूनी गतिविधियों में उनकी संलिप्तता को उजागर करने के लिए उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों के फोन भी टैप किए थे।

# 1930 हेल्पलाइन नंबर और 'आई4सी' के प्लेटफॉर्म्स को जन-जन तक पहुँचाना बेहद जरूरी है: अमित शाह

### साइबर सुरक्षा केवल डिजिटल दुनिया तक ही सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अहम पहलू है



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
'आई4सी' के पहले स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि, 'साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए 1930 हेल्पलाइन नंबर और 'आई4सी' के प्लेटफॉर्म्स को जन-जन तक पहुँचाना बेहद जरूरी है। बीते 9 वर्षों में विचार से इनिशिएटिव और इनिशिएटिव से इंस्टिट्यूशन में बदल चुका 'आई4सी' आज देश की साइबर सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है। इस मौके पर शाह ने 'आई4सी' के चार प्रमुख प्लेटफॉर्म्स - सस्पेक्ट रजिस्ट्री, साइबर कमांडो, साइबर फ्रॉड मिटिगेशन सेंटर और को-ऑर्डिनेशन प्लेटफार्म - का शुभारंभ भी किया, जो साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान देंगे।'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साल 2015 में सेफ साइबर स्पेस अभियान के तहत 'आई4सी' की स्थापना हुई थी। साल 2019 में गृह मंत्री बनने के बाद अमित शाह की अगुआई में 'आई4सी' साइबर सुरक्षित भारत का मजबूत स्तंभ बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह सर्वविदित है कि टेक्नोलॉजी इस दुनिया के लिए वरदान है तो अभिशाप भी है। टेक्नोलॉजी के बढ़ते उपयोग से आज देश ही नहीं दुनिया भर में कई खतरे पैदा हो रहे हैं, इसलिए यह स्पष्ट है कि साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम पहलू भी है। ग्लोबल विलेज के इस दौर में यह भी तय है कि कोई भी एक संस्था अकेले साइबर स्पेस को सुरक्षित नहीं रख सकती। यह तभी संभव है जब कई स्टेकहोल्डर्स एक ही मंच पर आकर एक ही रास्ते पर आगे बढ़ें। क्योंकि, राज्यों या देशों की अपनी सीमा है लेकिन इंटरनेट और टेक्नोलॉजी पर आधारित साइबर अपराध या साइबर अपराधियों की कोई सीमा नहीं है।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और साइबर सेफ भारत के लिए प्रतिबद्ध अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में देश के 72 से अधिक टीवी चैनल्स, 190 रेडियो एफएम चैनल्स, सिनेमाघरों और कई अन्य प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से 'आई4सी' एक जन-जागरूकता अभियान शुरू करने जा रहा है। क्योंकि, जब तक ठगी के शिकार हुए पीड़ित को साइबर अपराध से बचने का तरीका नहीं पता होगा तब तक यह अभियान सफल नहीं हो सकता।

एक आँकड़े के अनुसार, 31 मार्च, 2014 तक देश में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 25 करोड़ थी, जो 31 मार्च, 2024 तक बढ़कर 95 करोड़ हो गई है। डिजिटल इंडिया पहल के कारण जहाँ 35 करोड़ जन-धन खाते और 36 करोड़ रुपे डेबिट कार्ड जैसी सर्विसेज आसान हुई है, वहीं साल 2024 में 20 लाख 64 हजार करोड़ रुपये का क्ष्ठ लेन-देन भी संभव हो पाया है। साल 2014 में देश की मात्र 600 पंचायत इंटरनेट से जुड़ी थीं, आज 2,13,000 पंचायत जुड़ी हैं। यह स्वाभाविक है कि जब डिजिटल अकाउंट और डिजिटल ट्रांजेक्शन बढ़ते हैं, तो डिजिटल फ्रॉड से सुरक्षा की ज़रूरत भी बहुत अधिक बढ़ जाती है। आज देश ही नहीं पूरी दुनिया के सामने साइबर अपराधियों द्वारा व्यक्तिगत डेटा की बिक्री, ऑनलाइन उत्पीड़न, महिला और बाल शोषण, फर्जी समाचार और टूल किट, मिस इनफॉरमेशन कैंपेन जैसी चुनौतियाँ मौजूद हैं।

मोदी जी की दूरदर्शिता और अमित शाह की नीतियों के तहत 'आई4सी' साइबर अपराध की तमाम चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है। 'आई4सी' ने 600 से अधिक एडवाइजरी जारी की हैं, साइबर अपराधियों द्वारा संचालित कई प्रकार की वेबसाइट्स, सोशल मीडिया पेज, मोबाइल एप्स और अकाउंट्स को ब्लॉक किया है। मेवात, जामताड़ा, अहमदाबाद, हैदराबाद, चंडीगढ़, विशाखापट्टनम और गुवाहाटी में सात ज्वाइंट साइबर को-आर्डिनेशन टीम्स गठित की गई हैं। लेकिन जैसा कि अमित शाह भी मानते हैं कि कोई अकेला इससे नहीं निपट सकता, बल्कि सभी स्टेकहोल्डर्स और देश की जनता को मिलकर यह लड़ाई लड़नी होगी। भारतीय राजनीति के चाणक्य और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों के तहत भारत आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, और नशा के खिलाफ अंतिम चरण की लड़ाई लड़ रहा है। ऐसे में अब यह मान लेना चाहिए कि शाह के कुशल मार्गदर्शन में भारत साइबर अपराध से मुक्त होगा।

## मेट्रो स्टेशन में घूमती मिलीं हॉस्टल से गायब तीन लड़कियां, टोका-टोकी से नाराज हो दीवार फांद कर भागीं






**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के नेहरू नगर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से मंगलवार तड़के लापता तीनों छात्राएं मिल गईं। सिहानी गेट पुलिस ने शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन से तीनों को बरामद कर लिया। बताया गया कि हॉस्टल वार्डन की टोका-टाकी से परेशान होकर छात्राएं हॉस्टल से गायब हुई थीं। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से तीन छात्राओं के गायब होने की सूचना मिली थी। गायब हुई किशोरियों की उम्र 14 से 16 साल है। तीनों छठी, सातवीं और आठवीं कक्षा की छात्रा हैं। जांच में सामने आया कि तीनों छात्राएं करीब दो माह पहले ही विद्यालय में आई थीं। यहां हॉस्टल वार्डन की सख्ती उन्हें रास नहीं आई। वार्डन द्वारा रोजाना की जाने वाली टोका-टाकी से छात्राएं परेशान थीं। इसे लेकर आठवीं कक्षा की छात्रा की वार्डन सविता त्यागी से बहस भी हुई थी। बताया गया है कि सोमवार रात को भी वार्डन ने उन्हें समय पर सोने के लिए टोका था। इसके बाद तीनों छात्राओं ने तड़के करीब चार बजे हॉस्टल से भागने का प्लान बना लिया था। डीसीपी सिटी ने बताया कि तीनों छात्राएं मंगलवार तड़के उठीं और पहली मंजिल की छत से लटककर कूद गईं। इसके बाद तीनों छात्राएं विद्यालय की पांच फीट ऊंची चारदीवारी को फांद कर चली गईं। पूछताछ में छात्राओं ने बताया कि वह विद्यालय से भागकर गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची।

## फरीदाबाद में बिना पीयूसी वाहन चलाने वाले सावधान, अब पेट्रोल पंप पर कटेगा चालान



**फरीदाबाद, एजेंसी।**
प्रदूषण जांच प्रमाणपत्र (पीयूसी) के बिना वाहन चलाने वाले चालकों की अब खैर नहीं है। दिल्ली की तर्ज पर स्मार्ट सिटी के पेट्रोल पंप पर अब उनका भी चालान काटेगा। पेट्रोल पंप पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही में उसमें बिना पीयूसी वाले वाहनों का डाटा फीड किया जाएगा। पेट्रोल पंप पर पहुंचते ही ऐसे वाहन चालकों का चालान किया जाएगा। फरीदाबाद के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मुनीष सहगल ने बताया कि बिना पीयूसी वाले वाहनों के चालान के लिए दिल्ली के करीब 30 पेट्रोल पंप पर शुरू की गई व्यवस्था का आकलन कर रहे हैं।

पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में फीड साफ्टवेयर की भी जानकारी ली जा रही है। आकलन के बाद इस सुविधा को फरीदाबाद में भी शुरू किया जाएगा। साथ ही बिना पीयूसी वाले वाहनों का सीसीटीवी कैमरे से चालान कर, इसकी जानकारी चालकों या वाहन स्वामी के मोबाइल फोन पर मैसेज कर दी जाएगी। इससे स्मार्ट सिटी के प्रदूषण स्तर को कम करने में काफी मदद मिलेगी और वाहन स्वामी अपने वाहनों का समय रहते पीयूसी बनाएंगे।

जानकारी के अनुसार फरीदाबाद में प्रदेश में गुरुग्राम के बाद सबसे अधिक वाहन है। शहर में करीब 16 लाख 68 हजार 81 के आसपास छोटे-बड़े वाहन हैं। इनमें दुपहिया और भारी मालवाहक वाहन भी शामिल है। इसके अलावा हाईवे समेत शहर के 50 प्रमुख सड़कों पर तीन लाख से अधिक वाहनों का आवागमन हो रहा है। परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कई ऐसे वाहन चालक हैं, जो पीयूसी की समय-सीमा खत्म होने के बावजूद उसे दोबारा नहीं बनाया है। ऐसे में ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई के लिए यातायात पुलिस से भी सहयोग लिया जा रहा है।

## युद्ध के मैदान में सैनिकों की जगह लेंगे रोबोट, ऑस्ट्रेलिया की सेना कर रही परीक्षण



**कैनबरा, एजेंसी।** भविष्य में सैनिकों के स्थान पर रोबोट युद्ध लड़ते नजर आ सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सेना ने इसे लेकर कोशिश भी शुरू कर दी है। सेना एक मानवरहित रोबोट का परीक्षण कर रही है, जिसे जीयूएस (ग्राउंड अनक्रूड सिस्टम) नाम दिया गया है। यह जोखिम भरे इलाकों में सैनिकों की जगह ले सकता है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि रोबोट का परीक्षण पिलबारा रेजिमेंट के सैनिक कर रहे हैं। यह रेजिमेंट ऑस्ट्रेलियाई सेना का रीजनल फोर्स सर्विलांस ग्रुप (आरएफएसजी) है। मंत्रालय के अनुसार, यह निगरानी रोबोट ऑस्ट्रेलिया में ही विकसित किया गया है। इसमें कैमरे और सेंसर लगे हैं, जो बैटरी के जरिए लगातार 30 दिनों से अधिक समय तक निगरानी कर सकते हैं। बैटरी की क्षमता कम होने पर एक ऑन-बोर्ड तरल ईंधन जनरेटर इसे रिचार्ज करेगा। सेना के फ्यूचर लैंड वारफेयर के महानिदेशक ब्रिगेडियर जेम्स डेविस ने कहा कि रक्षा अधिकारी नई तकनीक का इस्तेमाल करने वाली क्षमताओं को विकसित करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

मंत्रालय के मुताबिक, यह रोबोट गतिशील वस्तुओं का पता लगा सकता है और इस सूचना को रिमोट ऑपरेटर को भेज सकता है। जीयूएस में निगरानी क्षेत्र का विस्तार करने की क्षमता है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए भारत ने शुरू की कोशिशें, सेंट पीट्सबर्ग में रूसी एनएसए से मिले अजीत डोभाल



**सेंट पीट्सबर्ग, एजेंसी।**
राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने सेंट पीटर्सबर्ग में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु से मुलाकात की। दोनों शीर्ष अधिकारियों की बैठक में यूक्रेन संघर्ष का समाधान खोजने में भारत की संभावित भूमिका और पारस्परिक हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बुधवार शाम को डोभाल-शोइगु की बैठक ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के सम्मेलन के दौरान हुई।

रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर हुई बातचीत

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 23 अगस्त को कीव में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत को लेकर भी दोनों एनएसए के बीच बातचीत हुई। रूस में भारतीय दूतावास ने डोभाल और शोइगु की मुलाकात पर कहा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और पारस्परिक हितों के अहम मुद्दों पर चर्चा की।

रूस और यूक्रेन दोनों देश भारत की मध्यस्थता के लिए तैयार

गौरतलब है कि अजीत डोभाल की रूस यात्रा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा के ढाई सप्ताह बाद हो रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ अपनी मुलाकात में प्रधानमंत्री मोदी ने रूस यूक्रेन युद्ध तुरंत समाप्त करने की अपील की थी और कहा था कि भारत क्षेत्र में शांति बहाली के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। वहीं पिछले दिनों एक कार्यक्रम के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी अपने बयान में कहा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के लिए वह भारत, चीन और ब्राजील की मध्यस्थता को स्वीकार कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर कहा कि भारत संघर्ष की शुरुआत से ही शांति के पक्ष में रहा है और वह इस संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए व्यक्तिगत रूप से भी योगदान देना चाहेंगे। शनिवार को, इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने ज़ेलेंस्की के साथ अपनी वार्ता के बाद कहा कि भारत और चीन इस संघर्ष का समाधान खोजने में भूमिका निभा सकते हैं।

## बिजली कटौती के कारण ठप हुई चीन की डिजिटल व्यवस्था, लोगों के पास ब्रेड खरीदने के लिए भी नकदी नहीं

**बीजिंग, एजेंसी।** यागी तूफान ने वियतनाम और चीन में तबाही मचा दी, जिसका असर आज भी दिख रहा है। छह सितंबर को यह तूफान चीन के हैनान प्रांत से टकराया था। यागी तूफान के कारण क्षेत्र में भारी बारिश हुई, जिससे आम जनजीवन काफी ज्यादा प्रभावित हुआ। इस तूफान ने चीन जो भारी तबाही मचाई, उसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि तूफान के कारण उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिसमें बिजली कटौती भी शामिल है। इस दौरान लोगों ने कैशलेस समाज में रहने की चुनौतियों का अनुभव साझा किया। बिजली कटौती के कारण लोग अपना मोबाइल उपकरण चार्ज नहीं कर पा रहे थे, जिससे उन्हें लेनदेन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

चार्जिंग स्टेशन पर लोगों की भीड़

सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में देखा गया कि मोबाइल फोन जैसे उपकरण चार्ज करने के लिए चार्जिंग स्टेशन पर भीड़ लगी है। यहां एक विक्रेता ने लोगों को फोन चार्ज करने के लिए एक इंजन-संचालित प्रणाली स्थापित की है। वीडियो के कैप्शन में लोगों की परेशानियों का जिक्र किया गया। कैपिशन में कहा गया, तूफान के बाद पानी और बिजली काट दी गई। लोग मोबाइल उपकरण चार्ज करने के लिए परेशान हैं, क्योंकि उनका सारा पैसा मोबाइल वॉलेट में जमा होता है। बिना फोन के आप रोटी भी नहीं खरीद सकते।

**कैशलेश समाज की कमजोरियों के बारे में चर्चा शुरू:** वीडियो के वायरल होने के बाद संकट के समय में पूरी तरह से कैशलेस समाज की संभावित कमजोरियों के बारे में बातचीत शुरू हो गई। वहीं एक अन्य वीडियो में इलेक्ट्रिक वाहनों पर निर्भरता को लेकर भी चिंता जताई गई। लोग चार्जिंग स्टेशनों में अपने वाहनों को लेकर पहुंच रहे हैं। पोस्ट में बताया गया कि केवल 550 या उससे अधिक के सोशल क्रेडिट स्कोर वाले लोग ही चीन के प्राथमिक डिजिटल वॉलेट वीचेट का इस्तेमाल करके रिचार्ज कर सकते हैं। वीडियो में चीन की डिजिटल अर्थव्यवस्था के अन्य पहलू पर भी प्रकाश डाला गया है, जिसमें यूजर्स को अपना पैसा एक्सपायरी डेट से पहले खर्च करना होता है।





## बॉस के साथ संबंध होना भारतीय मूल की वकील को पड़ा भारी, कंपनी ने नौकरी से निकाला



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में एक भारतीय मूल की वकील का अपने बॉस के साथ संबंध होना भारी पड़ गया। दरअसल, यह पता चलने पर कि कंपनी के सीईओ के साथ महिला का रिश्ता है तो उसे नौकरी से निकाल दिया गया। नॉरफॉक साउथर्न कॉर्पोरेशन की मुख्य कानूनी अधिकारी नवनीता नाग को उनके पद से बर्खास्त कर दिया गया है। जांच में यह दावा किया गया था कि उनका अपने बॉस (मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन शॉ) के साथ सहमति से रिश्ता चल रहा था। मामला सामने आने पर शॉ को भी नौकरी से निकाल दिया गया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129